
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 11 अंक-242
लखनऊ, सोमवार 22 अप्रैल, 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



मोदी-योगी के नेतृत्व में 80 आधार और एनडीए 400 पार : शर्मा 03
लोगों को गुमराह कर रहीं हैं ममता : राजनाथ 12

## भारत आतंकवाद के सामने घुटने नहीं टेकता : सीएम

**एजेंसी, कोरबा।**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को छत्तीसगढ़ के कोरबा में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि दस साल में हमने बदलते भारत को देखा है। एक ऐसा भारत जिसका विश्व में सम्मान बढ़ा है। आज भारत की सीमाएं सुरक्षित हैं। आज का भारत आतंकवाद और नक्सलवाद के सामने घुटने नहीं टेकता है।

कोरबा लोकसभा क्षेत्र से भाजपा की प्रत्याशी सरोज पांडे के समर्थन में सीएसईबी ग्राउंड में आयोजित जनसभा में आदित्यनाथ ने कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कांग्रेस शासनकाल को याद करते हुए कहा कि उस दौरान देश में नक्सलवाद और आतंकवाद चरम पर था। तो वहीं मोदी सरकार नक्सलवाद और आतंकवाद को कम करने में सफल रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत जहां 80 करोड़ नागरिकों को मुफ्त राशन दे रहा है, वहीं पड़ोसी पाकिस्तान में 23 करोड़ लोग भूख से लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि नक्सलवाद के साथ कांग्रेस की आंतरिक समझ है। यह बात किसी से छिपी नहीं है। युवाओं के हाथों में टैब होना चाहिए था लेकिन कांग्रेस सरकारों ने उन्हें पिस्तौल थमा दी। कांग्रेस युवाओं के भविष्य के साथ खेलती है और समाज को बांटने का काम करती है। जब कांग्रेस के नेता और विपक्ष के नेता कुछ नहीं कर सकते तो वो प्रधानमंत्री मोदी को गाली देना शुरू कर देते हैं लेकिन मोदीजी के लिए पूरा देश एक परिवार है। वह 140 करोड़ भारतीयों की सेवा करने के लिए काम करते हैं। कांग्रेस की सरकार में लोग भूख से मरते थे। किसान आत्महत्या करते थे। महिलाएं और बिजनेसमैन असुरक्षित थे और आतंकी देश में प्रवेश करने के बाद नियमित हमले करते थे। आदित्यनाथ ने कहा कि यह भगवान राम का ननिहाल है। माता कौशल्या का मायका है। इसलिए रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का सबसे ज्यादा उल्लास कहीं था तो छत्तीसगढ़ में था। ऐसा कौन है जिसे ननिहाल अच्छा नहीं लगता। हमारे लिए भी यह ननिहाल है। वर्ष 2014 के पहले किसान आत्महत्या करता था। बहन-बेटियां सुरक्षित नहीं थी। आतंकी कहीं भी घुसकर बम विस्फोट करते थे। अब कुछ भी होता है तो पाकिस्तान पहले सफाई दे देता है कि हमने कुछ नहीं किया। उसे पता है कि अगर किसी भी धमाके में पाकिस्तान का हाथ आया तो भारतीय सेना घर में घुसकर मारेगी।



### संबोधन

- आज भारत की सीमाएं सुरक्षित
- मोदी सरकार नक्सलवाद और आतंकवाद को कम करने में सफल रही
- कांग्रेस ने बच्चों के हाथों में थमाया तमंचा

### योगी आदित्यनाथ के बिलासपुर आगमन से पूर्व बुलडोजर रैली



भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के स्टार प्रचारक एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के रविवार को आगमन से पूर्व शहर में बुलडोजर रैली निकाली गयी। श्री आदित्यनाथ लोकसभा चुनाव प्रचार के तहत आज छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में चुनावी रैली में शामिल होंगे। उत्तर प्रदेश में श्री आदित्यनाथ के बुलडोजर एक्शन को लेकर उनकी लोकप्रियता के मद्देनजर बिलासपुर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने बुलडोजर रैली निकाली। कम से कम 20 बुलडोजर रैली की शक्ल में सरकंडा इलाके से निकले और शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए सभास्थल बहतराई स्टेडियम पहुंचे। इस दौरान बुलडोजर रैली ने सडकों पर गुजर रहे और मौके पर मौजूद लोगों का ध्यान आकर्षित किया और आमजन के बीच चर्चा का विषय रही।

### कांग्रेस के राज में जनता भूखे मरती थी : योगी

सीएम योगी ने कहा कि मोदी जी 80 करोड़ लोगों को फ्री में राशन का लाभ दे रहे हैं। छत्तीसगढ़ में भी भाजपा शासन में मुफ्त चावल मिल रहा है। कांग्रेस के राज में जनता भूखे मरती थी। कांग्रेसी तो कमीशन खाने के आदी हैं। उनकी कमीशनखोरी को लगाम लगाने के लिए प्रधानमंत्री मोदी ने जन-धन अकाउंट खोले हैं। दिल्ली और रायपुर से अगर पैसा आपको भेजा जाएगा तो उसमें कोई कांग्रेसी दलाल डकैती नहीं डाल पाएगा।

### वोट में बदल रहा लोगों का उत्साह : मुख्यमंत्री

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि लोकसभा चुनाव का प्रथम चरण संपन्न हुआ है। देश के अंदर प्रधानमंत्री मोदी जी के 10 वर्ष के कार्यकाल को लेकर लोगों में जो उत्साह है, वह वोट में बदल रहा है। सीएम योगी रविवार को अपने सरकारी आवास पर मीडिया से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रचंड बहुमत के साथ मोदी जी के नेतृत्व में फिर से भारतीय जनता पार्टी नेतृत्व की एनडीए की सरकार बनने जा रही है। इसमें कोई संदेह होना ही नहीं चाहिए। जनता-जनार्दन के द्वारा विपक्ष के झूठ का पर्दाफाश भी किया जा रहा है। एक सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि गैर भाजपा शासित राज्यों में होने वाली हिंसा तुष्टिकरण की नीतियों का दुष्परिणाम है। पश्चिम बंगाल के साथ-साथ गैर भाजपा शासित प्रदेशों में रामनवमी और होली पर जो दंगे हुए, यह बहुसंख्यक समाज की भावनाओं के साथ खिलवाड़ करने जैसा है। तुष्टिकरण के नाम पर वोटबैंक की राजनीति ने हमेशा ऐसे सांप्रदायिक तनाव को जन्म दिया है। पश्चिम बंगाल में रामनवमी की शोभायात्राओं पर फिर से हुए हमले चिंता का विषय भी हैं और साथ-साथ देश के लोगों के लिए संदेश भी है कि यह लोग जब शांतिपूर्ण ढंग से निकलने वाली शोभायात्राओं को ही सुरक्षा नहीं दे सकते हैं तो बहन-बेटियों और सामान्य नागरिकों को क्या सुरक्षा दे पाएंगे।

## आरओ एवं एआरओ पेपर लीक मामले में चार गिरफ्तार



अभिषेक शुक्ला, डा० शरद सिंह पटेल, कमलेश पाल, अर्पित विनित यशवंत

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

आरओ-एआरओ का पेपर आउट कराने वाले चार आरोपियों को यूपी एसटीएफ ने लखनऊ से गिरफ्तार किया है। आरओ-एआरओ का पेपर आउट कराने वाले चार आरोपियों को यूपी एसटीएफ ने लखनऊ से गिरफ्तार किया है। डॉ. शरद सिंह पटेल, अभिषेक शुक्ला, कमलेश कुमार और अर्पित विनीत को एसटीएफ ने गिरफ्तार किया है। ये कई दिनों से पुलिस के रडार में चल रहे थे। लखनऊ की वृंदावन योजना स्थिति कालिन्दी पार्क के सामने से इन्हें गिरफ्तार किया गया।

पकड़े जाने के समय इनके पास समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी परीक्षा-2023 का प्रश्न पत्र और ढाई लाख रुपए नकद बरामद हुए। इस गैंग के पास से नौ मोबाइल फोन भी मिले। यह परीक्षा इसी साल 11 फरवरी को दो पालियों में हुई थी। परीक्षा शुरू होने से पहले पेपर लीक हो गया और सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। बाद में प्रदेश सरकार ने इस परीक्षा को कैंसिल करके जांच कराने की बात कही थी। यूपी एसटीएफ ने इसके पहले भी इस मामले में कई गिरफ्तारी की हैं।

### शिकंजा

- पेपर आउट कराने वाले चार आरोपियों को यूपी एसटीएफ ने लखनऊ से गिरफ्तार किया
- 2023 का प्रश्न पत्र और ढाई लाख रुपए नकद बरामद

## कांग्रेस का घोषणा पत्र माओवाद की सोच : मोदी

**एजेंसी, बांसवाड़ा।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा कभी दलितों को, कभी आदिवासियों को और कभी अल्पसंख्यकों को डराया। आज भी ये कभी लोकतंत्र को लेकर, संविधान को लेकर, आरक्षण को लेकर भांति-भांति के झूठ फैला रहे हैं। भारत डर से आगे निकल चुका है, इसलिए इनके डर का झूठ नहीं चल पा रहा है।

प्रधानमंत्री मोदी रविवार शाम को राजस्थान के बांसवाड़ा में भाजपा लोकसभा उम्मीदवार महेन्द्रजीत मालवीया के समर्थन में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले मोदी ने जालोर के भीनमाल में जनसभा को संबोधित किया। मोदी ने कहा कि इन दिनों कांग्रेस छोड़कर बाहर निकलने वाले गंभीरता से बताते हैं कि कांग्रेस अब कांग्रेस नहीं रही है। अब कांग्रेस अर्बन नक्सलों के कब्जे में चली गई है। कांग्रेस अब वामपंथियों के चंगुल में फंसी हुई है।

कांग्रेस का घोषणा पत्र माओवाद की सोच को धरती पर उतारने की उनकी कोशिश है। उन्होंने कहा कि आज देश की सेनाओं की सुप्रीम कमांडर देश की राष्ट्रपति आदिवासी समाज की एक बेटी हैं। भाजपा गरीब कल्याण के लिए समर्पित है, पूरी ईमानदारी से काम करती है।



### संबोधन

- भाजपा गरीब कल्याण के लिए समर्पित है, पूरी ईमानदारी से काम करती है

### हमारा दस साल का ट्रैक रिकॉर्ड गवाह

कांग्रेस की दुकान में हमेशा भय, भूख और भ्रष्टाचार ही बिकता है। उन्होंने कहा कि हमारा दस साल का ट्रैक रिकॉर्ड गवाह है। ये काम सिर्फ और सिर्फ भाजपा ही कर सकती है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भाजपा ही है, जिसने भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को जनजातीय गौरव दिवस घोषित किया। अब भाजपा ने ऐलान किया है कि अगले साल भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती को जनजातीय गौरव अभियान के रूप में पूरे वर्ष भर हिंदुस्तान के हर कोने में मनाया जाएगा। जब मैं ये बातें बताता हूं तो कांग्रेस वालों के पेट में दर्द शुरू हो जाता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने वागड़ इलाके को भी सड़क, रेल और दूसरी कनेक्टिविटी से हमेशा वंचित रखा। आपको ऐसी सुविधाएं देना मोदी की गारंटी है। हमने डूंगरपुर-रतलाम रेल लाइन को वाया बांसवाड़ा से जोड़ने का काम शुरू करवाया। इस काम को भी कांग्रेस ने बरसों तक लटका रखा था। बांसवाड़ा में पावर प्लांट भी बन रहा है। चार जून के बाद ऐसे हर काम को तेजी से पूरा किया जाएगा। हमें विकसित भारत बनाने के लिए बहुत कुछ करना है।

## एमडीएच-एवरेस्ट के मसाले के चार उत्पादों में मिले कैंसर पैदा करने वाले तत्व

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

हांगकांग और सिंगापुर में खाद्य नियामकों ने लोगों को दो बड़े मसाला ब्रांडों के चार प्रोडक्ट-एमडीएच के तीन और एवरेस्ट के एक मसाले का उपयोग करने के खिलाफ चेतावनी दी है। इसमें इथिलीन ऑक्साइड की मात्रा काफी अधिक है, जिससे कैंसर जैसी घातक बीमारी हो सकती है। इंटरनेशनल एजेंसी फॉर रिसर्च ऑन कैंसर ने एथिलीन ऑक्साइड को समूह 1 कार्सिनोजेन के रूप में क्लासीफाई किया है। 5 अप्रैल को अपनी वेबसाइट पर पोस्ट किए गए एक बयान में हांगकांग के खाद्य नियामक प्राधिकरण सेंटर फॉर फूड सेफ्टी (सीएफएस) ने कहा कि एमडीएच के तीन मसाला प्रोडक्ट-मद्रास करी पाउडर, सांभर मसाला और करी पाउडर मिश्रित मसाला पाउडर के अलावा एवरेस्ट के फिश करी मसाला में कीटनाशक, एथिलीन ऑक्साइड है। एमडीएच और एवरेस्ट फूड्स दोनों ने अभी तक खाद्य नियामकों के दावों पर कोई टिप्पणी नहीं की है। अपने नियमित जांच के तहत, सीएफएस ने हांगकांग में तीन खुदरा दुकानों से उत्पाद लिए. सीएफएस प्रवक्ता ने कहा कि परीक्षण के नतीजों से पता चला कि नमूनों में कीटनाशक, एथिलीन ऑक्साइड था। नियामक ने विक्रेताओं को बिक्री रोकने और उत्पादों को हटाने का निर्देश दिया। सीएफएस प्रवक्ता ने कहा, मानव उपभोग के लिए कीटनाशक युक्त भोजन केवल तभी बेचा जा सकता है जब भोजन की खपत स्वास्थ्य के लिए खतरनाक या प्रतिकूल न हो। इसके लिए अधिकतम 50,000 डॉलर का जुर्माना और दोषी पाए जाने पर छह महीने की कैद हो सकती है।




### संक्षिप्त समाचार

#### कांग्रेस नेता राहुल गांधी बीमार, रांची की रैली में नहीं हुए शामिल

**एजेंसी, नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी फिलहाल बीमार हैं और वे झारखंड की राजधानी रांची में रविवार को आयोजित आईएनडीआईए की उलगुलान न्याय रैली में शामिल नहीं हुए। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव जयराम रमेश ने एक्स पोस्ट में कहा कि राहुल गांधी सतना और रांची में चुनाव प्रचार के लिए पूरी तरह से तैयार थे, लेकिन वह अचानक बीमार हो गए हैं और फिलहाल नई दिल्ली से बाहर नहीं जा सकते हैं।

#### शराब घोटाला : ईडी ने पूर्व आईएएस टुटेजा को किया गिरफ्तार

**एजेंसी, रायपुर।** छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित शराब घोटाला मामले में भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के (सेवानिवृत्त) अधिकारी अनिल टुटेजा को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रविवार को गिरफ्तार कर लिया। शराब घोटाला मामले में बयान दर्ज करवाने के लिए पूर्व आईएएस अनिल टुटेजा और उनके पुत्र यश टुटेजा ईओडब्ल्यू-एसीबी कार्यालय पहुंचे थे जहां से श्री टुटेजा की गिरफ़्तारी की गई है।

#### हाई स्कूल में फेल होने पर छात्र ने ट्रेन के आगे कूदकर दी जान

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश में हमीरपुर जिले के सुमेरपुर क्षेत्र में हाई स्कूल बोर्ड परीक्षा में फेल होने पर छात्र ने ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली। पुलिस के मुताबिक बादा जिले के जसपुरा गांव निवासी शिवा (16) पुत्र नरेंद्र सिंह गांव के मधूसूदनदास इंटर कालेज में हईस्कूल में पढ़ता था, शनिवार को हाई स्कूल का परीक्षा परिणाम में फेल होने पर वह डिप्रेशन में आ गया। रिजल्ट आने के बाद वह शनिवार को शाम छह बजे घर से निकल गया। परिजन रात में उसकी खोजबीन करते रहे मगर उसका अता पता नहीं चला गांव से पैदल चलकर सुमेरपुर क्षेत्र में यमुना साउथ बैंक रेलवे स्टेशन में कल देर रात आकर ट्रेन के आगे कूदकर जान दे दी। जानकारी होने पर पुलिस मौके पर पहुंच कर लाश को अपने कब्जे मे कर पोस्टमार्टम के लिये भेजा है।

#### राजौरी के थन्नामंडी में आतंकवादी ठिकाने का भंडाफोड़

**एजेंसी, राजौरी।** जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले के थन्नामंडी क्षेत्र में सुरक्षाबलों ने रविवार को एक आतंकवादी ठिकाने का भंडाफोड़ किया। आतंकवादियों का यह ठिकाना घने जंगलों के बीच बनाया गया था। इस दौरान 08 आईईडी, जंग लगी गोली, बारूद और अन्य सामग्री बरामद की गई।

### आगरा में एक्सप्रेस-वे पर सड़क हादसा, पांच की मौत, तीन जख्मी

**आगरा, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश के आगरा जिले में कुबेरपुट कट के पास एक्सप्रेस-वे पर शनिवार देर रात एक कार का टायर फटने से पांच बारातियों की मौत हो गई और तीन लोग घायल हुए हैं। मृतकों में दूल्हे का भाई भी है। यह बारात ग्रेटर नोएडा से देवरिया जा रही थी। पुलिस के मुताबिक ग्रेटर नोएडा के निवासी संतोष की बरात देवरिया जा रही थी। रास्ते में कार का टायर फटने से यह हादसा हुआ। मृतकों की पहचान नोएडा निवासी चंदन कुमार (32), बिहार के गौतम कुमार (25), सुदेश कुमार (28), संजीव शर्मा (30) और प्रवीण (30) के रूप में हुई है। नोएडा निवासी कुलदीप यादव एवं राहुल यादव और गाजियाबाद के अजय कुमार की हालत गंभीर है। गौतम दूल्हे संतोष का भाई है।

## दूसरा चरण : 12 राज्यों के 88 सीटों पर 26 को मतदान

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

देश के 543 लोकसभा सीटों में 102 सीटों पर बीते 19 अप्रैल को मतदान के साथ ही लोकसभा चुनाव का आगाज हो गया है। 26 अप्रैल को दूसरे चरण की वोटिंग होनी है जिसकी बाबत चुनाव आयोग तैयार है। लोकसभा के दूसरे चरण में 12 राज्यों की 88 सीटों पर पोलिंग होगी।जिन राज्यों में पोलिंग होनी है ,उनमें छत्तीसगढ़, कर्नाटक, केरल, असम, बिहार, मणिपुर, राजस्थान, त्रिपुरा, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल और जम्मू-कश्मीर शामिल हैं। दूसरे चरण में कांग्रेस नेता राहुल गांधी, एनी राजा, शशि थरूर, नवनीत राणा, ओम बिरला, हेमा मालिनी, अरुण गोविल और प्रह्लाद जोशी जैसे दिग्गज उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। चुनाव के ऐलान के समय चुनाव आयोग ने दूसरे चरण में 89 सीटों पर मतदान कराने का ऐलान किया था, लेकिन मध्य प्रदेश के बैतूल लोकसभा सीट से बीएसपी के उम्मीदवार अशोक भालवी के निधन के कारण वहाँ मतदान स्थगित कर दिया गया। दूसरे चरण में अब 88 सीटों पर मतदान होगा। दूसरे चरण में यूपी की आठ सीटों क्रमशः अमरोहा, मेरठ, बागपत, मथुरा, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, अलीगढ़ और बुलन्दशहर (सु.) लोकसभा सीट पर 26 अप्रैल को वोटिंग होगी। इसी के साथ ही देश के अन्य राज्यों चुनाव होगा। दूसरे चरण के चुनाव मैंदान में केरल की वायनाड लोकसभा सीट से कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी चुनाव लड़ रहे हैं। भाकपा की एनी राजा और एडीए के के.सुरेंद्रन उनके खिलाफ चुनाव मैदान में हैं। केरल की तिरुवनंतपुरम सीट पर कांग्रेस के सांसद शशि थरूर उम्मीदवार हैं। बीजेपी ने उनके खिलाफ राजीव चंद्रशेखर और लेफ्ट के पनियन रवींद्रन को मैदान में उतारा है। वहीं महाराष्ट्र की अमरावती लोकसभा सीट से नवनीत राणा उम्मीदवार हैं। उनके खिलाफ गठबंधन ने वानखेड़े को उतार दिया है। यूपी की गौतमबुद्धनगर लोकसभा सीट पर बीजेपी के महेश शर्मा के खिलाफ समाजवादी पार्टी के महेंद्र सिंह नागर और बीएसपी के राजेंद्र सिंह सोलंकी मैदान में हैं। उधर मथुरा लोकसभा सीट से फिल्म अभिनेत्री और मौजूदा सांसद बीजेपी की उम्मीदवार हेमा मालिनी के खिलाफ कांग्रेस के मुकेश ढांगर चुनाव मैदान में हैं। मेरठ लोकसभा सीट पर बीजेपी के अरुण गोविल का मुकाबला सपा की सुनीता वर्मा से है।

### तैयारी

- राहुल गांधी-हेमा मालिनी-अरुण गोविल समेत अन्य दिग्गजों की किस्मत दांव पर




यूपी की आठ सीटों का भी 26 को फैसला सुनायेंगे मतदाता

### बेटी का बिना तलाक दूसरी शादी कराने का मामला

## स्वामी प्रसाद मौर्य को कोर्ट से नहीं मिली राहत

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

**लखनऊ।** स्वामी प्रसाद मौर्य संकट में हैं। उन्हें गैरजमानती वारंट के मामले में हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ से राहत नहीं मिली। मामला उनकी बेटी की शादी से जुड़ा है। स्वामी प्रसाद मौर्य के खिलाफ जारी गैरजमानती वारंट के मामले में हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ से राहत नहीं मिली। कोर्ट ने यह कहते हुए मौर्य की याचिका खारिज कर दी कि पहली नजर में उनके खिलाफ आरोप हैं, जिन पर ट्रायल कोर्ट में ही विचार हो सकता है। इस टिप्पणी के साथ कोर्ट ने परिवाद की कार्यवाही समेत उनके खिलाफ जारी गैर जमानती वारंट निरस्त करने की आग्रह वाली याचिका खारिज कर दी।

न्यायमूर्ति जसप्रीत सिंह की एकल पीठ ने यह आदेश स्वामी प्रसाद की याचिका पर दिया। शहर के सुशांत गोल्फ सिटी निवासी दीपक स्वर्णकार ने अदालत में स्वामी प्रसाद मौर्य, संघमित्रा समेत अन्य के खिलाफ परिवाद दाखिल किया है। परिवादी का आरोप है कि वह और संघमित्रा 2016 से लिव इन रिलेशन में थे। संघमित्रा और स्वामी प्रसाद मौर्य ने परिवादी को बताया कि संघमित्रा की पहली शादी में तलाक हो चुका है। इस पर, परिवादी ने 3 जनवरी 2019 को संघमित्रा से घर पर शादी कर ली। हालांकि, बाद में उसने विधि विधान से शादी करने को बोला तो उस पर जानलेवा हमला कराया गया। इसी परिवाद को स्वामी प्रसाद ने हाईकोर्ट में चुनौती देकर कहा कि मामले में उनके खिलाफ कोई ठोस आरोप नहीं हैं, लेकिन कोर्ट ने उनकी याचिका का खारिज कर दिया।



### फैसला

- गैर जमानती वारंट निरस्त करने की आग्रह वाली याचिका खारिज

### शुभारंभ

### आज से नए टर्मिनल से उड़ान भरेंगे घरेलू विमान

## जर्मनी के फ्रैंकफर्ट की तर्ज पर बना अमौसी एयरपोर्ट




**लखनऊ समृद्धि न्यूज।**

अमौसी एयरपोर्ट का नया टर्मिनल रविवार से संचालित होना शुरू हो गया। सभी घरेलू उड़ाने अब नए टर्मिनल से ही उड़ान भरेंगी।

अमौसी एयरपोर्ट पर घरेलू विमानों का संचालन रविवार रात 12 बजे के बाद नए टर्मिनल टी-3 से किया जाएगा। एयरलाइनों की ओर से विमानों की शिफ्टिंग की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। 29 शहरों के लिए 110 घरेलू उड़ानों का संचालन होता है, जो अब नए टर्मिनल से होगा।

चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के प्रवक्ता ने बताया कि घरेलू विमानों का संचालन टर्मिनल टू से हो रहा था। इंडिगो एयरलाइंस, एयर इंडिया, विस्तारा, एयर इंडिया एक्सप्रेस, एयर एशिया इंडिया, फ्लाई बिग और स्टार एयर की घरेलू फ्लाइटें यात्रियों को सेवाएं दे रही हैं। गत 31 मार्च को अकासा एयरलाइंस ने नवनिर्मित टर्मिनल टी-3 से अपनी सभी सेवाओं को संचालित करने का निर्णय लिया था। इसके बाद अन्य एयरलाइनों ने भी इस पर काम करना शुरू कर दिया था। अमौसी एयरपोर्ट से 29 शहरों के लिए 110 से अधिक घरेलू विमान उड़ान भरते हैं। अंतरराष्ट्रीय उड़ानों का संचालन फिलहाल टर्मिनल-1 से ही होगा, लेकिन योजना के अनुसार टी-2 व टी-3 को आपस में जोड़ा जाएगा। इससे अंतरराष्ट्रीय टर्मिनल को रास्ते से हटाया जाएगा।

### अलग हैं अराइवल व डिपार्चर

एयरपोर्ट के नए टर्मिनल पर यात्रियों के लिए अराइवल व डिपार्चर अलग-अलग हैं। फ्लाईओवर के जरिए फर्स्ट फ्लोर पर डिपार्चर है तथा विमानों से उतरने वालों के लिए ग्राउंड फ्लोर पर अराइवल गेट है। नए टर्मिनल के लिए मेट्रो का दूसरा गेट भी खोला जा चुका है। इससे टर्मिनल पर आसानी से पहुंचा जा सकता है। मेट्रो से एयरपोर्ट की दूरी करीब 250 मीटर है। नया टर्मिनल सुविधाओं से लैस है। 72 चेक इन काउंटर हैं, जिसमें 17 सेल्फ बैगेज ड्रॉप हैं। 62 इमिग्रेशन काउंटर हैं, इसमें 35 अराइवल इमिग्रेशन के हैं। सात एयरोब्रिज हैं। इसके अलावा 1500 वाहनों की पार्किंग क्षमता है। डिजी यात्रा सुविधा से लैस इस टर्मिनल पर सेल्फ सर्विस कियॉस्क हैं। इसके अलावा ऑटोमेटेड ट्रे सिस्टम और एडवांस्ड बैगेज स्क्रीनिंग मशीन है।

### पल्लवी पटेल ने गाजीपुर और घोसी से उतारा प्रत्याशी



**गाजीपुर, समृद्धि न्यूज।** लोकसभा चुनाव को लेकर विभिन्न पार्टियों के कार्यकर्ता अपने-अपने स्तर पर तैयारियों में जुटे हैं। पल्लवी पटेल के बनाये मोर्चे पीडीएम (पिछड़ा, दलित और मुस्लिम) ने लोकसभा प्रत्याशियों की दूसरी सूची जारी की है। इस सूची में यूपी के सात जिलों में प्रत्याशियों की घोषणा की गई है। उन्नाव से धनीराम पाल, कन्नौज से दानिश अली, कानपुर नगर से राम आसरे पाल, गाजीपुर से सूबेदार बिंद, घोसी से प्रेमचंद उर्फ कांति निषाद, सीतापुर से काशिफ अंसारी और प्रयागराज से हंसराज कौल को संबंधित लोकसभा का प्रत्याशी बनाया गया है।



# विकसित भारत संकल्प पूरा करने का चुनाव: एमएलसी



**इन्होंने ग्रहण की भाजपा की सदस्यता**

विभिन्न दलों से जुड़े तमाम प्रधान, डीडीसी, बीडीसी, पूर्व सैनिकों सहित सैकड़ों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। सदस्यता ग्रहण करने वालों में प्रधान विपिन वर्मा, दिनेश रावत, अजय वर्मा,जगदीश रावत, राजेंद्र कुमार, महेंद्र वर्मा,राकेश कुमार वर्मा, लवलेश वर्मा,प्रेम वर्मा,डीडीसी राजीव कुमार राजू , बीडीसी राम देव पाल, पूर्व सैनिक यादवेंद्र सिंह, अखिलेंद्र प्रताप सिंह, पवन सिंह, सूबेदार सिंह रामराज यादव,रईस अहमद आदि शामिल हैं।

**बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

एमएलसी व जिला प्रभारी अवनीश सिंह पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पहले पांच वर्ष देश की उम्मीदों का कार्यकाल था जबकि उनके दूसरे कार्यकाल में देश की जनता ने भ्रष्टाचार पर करारा प्रहार के साथ ही विरासत पर गर्व की अनुभूति का एहसास कराया। मोदी सरकार में हुआ चहुंमुखी विकास और पारदर्शी सुशासन ने लोकतंत्र के प्रति देशवासियों में अटूट विश्वास उत्पन्न किया। जिला प्रभारी रविवार को ढिढौरा गांव स्थित एक कोल्ड स्टोरेज में आयोजित होली मिलन कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे।कहा कि लोकसभा का यह चुनाव मोदी की गारंटी का चुनाव है। देश की जनता नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने एवम विकसित भारत का सपना पूरा करने के लिए वोट करने जा रही है। कहा कांग्रेस की सुप्रीमो सोनिया गांधी अपने पुत्र राहुल को लॉन्च करने के लिए, जबकि बाराबंकी में पीएल पुनिया अपने पुत्र को पांचवी बार लॉन्च करने के प्रयास में जुटे है।

कहा जिस प्रकार जनता ने कांग्रेस को भारत में आइना दिखाया है उसी प्रकार जिले की जनता भी इंडी गठबंधन के प्रत्याशी को करारा जवाब देगी।कहा 2017 से पहले प्रदेश में दंगाइयों के आतंक के चलते पीड़ितों का पलायन होता था,मगर योगी के कार्यकाल में प्रदेश से गुंडे,माफिया पलायन करने को मजबूर हैं। मुख्य अतिथि ने विभिन्न दलों से भाजपा में आए लोगों को अंगवस्त्र और पुष्पगुच्छ देकर अभिनन्दन किया। एमएलसी अंगद सिंह ने कहा कि भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने वालों के कारण भाजपाई कुनबा और मजबूत हो गया है।कहा कि विभिन्न दलों से भाजपा में आने वालों की जिम्मेदारी बनती है कि वे सभी अपने बूथों पर 2019 के तुलना में और अधिक वोट भाजपा के पक्ष में डलवाने का काम करेंगे। इस अवसर पर डॉक्टर राम कुमारी मौर्य, संदीप गुप्ता,विजय आनंद बाजपेई, सत्यप्रकाश वर्मा, नेहा आनंद,पूजा सिंह लवली रावत, वेद प्रकाश रावत, धर्मेंद्र यादव,तेज प्रताप सिंह, राम नारायण रावत,गुलाब सिंह रावत, पुनीत मिश्रा,प्रदीप रावत मौजूद रहे।

## नुक्कड़ सभाएं कर राजरानी ने मांगे वोट

**जैदपुर,बाराबंकी।** भारतीय जनता पार्टी लोकसभा बाराबंकी की प्रत्याशी राजरानी रावत ने विकासखंड सिद्धौर के कस्बा सिद्धौर मे मोहल्ला निमतियापुर, ग्राम पंचायत बंभौरा लोदी, लोहरपुर पूरे सागर चंद्रभानपुर मे नुक्कड़ सभाओ को संबोधित करते हुए भाजपा सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओ निःशुल्क राशन आवास किसान सम्मान निधि हर घर नल से जल शौचालय निशुल्क गैस कनेक्शन कृषि हेतु निःशुल्क बिजली का बखान करते हुए कमल के फूल पर बटन दबाकर भाजपा को वोट देकर मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने की जनता से अपील की। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख आरती रावत,चेयरमैन रमन्ता रावत,मंडल अध्यक्ष प्रवीण सिंह, अजय वर्मा सहित काफी संख्या मे महिलाएं स्थानीय नागरिक व बूथ अध्यक्ष मौजूद थे।



## मेधावियों को कोचिंग संस्थान ने दिया वैष्णो देवी की यात्रा का टिकट

**हैदरगढ़,बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** माँ सरस्वती क्लासेस के बच्चों ने लहराया परचम। इस हर्ष भरे अवसर पर संस्था के प्रमुख विष्णु कुमार पांडे ने इंटरमीडिएट एवं हाई स्कूल के प्रथम स्थान पाने वाले बच्चों क्रमशः अंशिका सोनी, कृतिका शर्मा व अनमोल पांडे को माँ वैष्णो देवी यात्रा का टिकट दिया एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम कर्मचारी संगठन के केंद्रीय अध्यक्ष श्री महेश मिश्रा, अध्यापक मुकेश कुमार पांडे, सूर्य प्रकाश शर्मा, रोहित सिंह, विजय लोधी, अजय निर्मल आदि उपस्थित रहे।

# दस हजार रुपये के लिए की हत्या, कंकाल बरामद

**उचौलिया खीरी। समृद्धि न्यूज**



फोटो मृतक का फाइल फोटो

जिले में सनसनीखेज वारदात सामने आई है। उचौलिया थाना क्षेत्र में 16 साल के किशोर ने युवक के साथ मिलकर एक ग्रामीण से 10 हजार रुपये लूटे, फिर उसकी हत्या कर शव को जंगल में फेंक दिया। नौ दिन बाद मृतक का कंकाल बरामद हुआ है। राजेश पुत्र रामासरे निवासी बनकागॉव ने 16 अप्रैल को थाने में लिखित तहरीर देकर बताया था कि उसका भाई किशोरी पुत्र रामासरे 13 अप्रैल की शाम करीब 6:00 बजे दूसरी मोपेड से अपनी टीवीएस मोपेड को गिरवी से छुडाने गया था (जो उसने 10000 रूपों में गिरवी रखी थी) उसके साथ में गांव का ही नवनीत पुत्र अमर सिंह भी गया था। परिजनों के मुताबिक उसके साथ में गया नवनीत उसी रात को वापस आ गया था और मोपेड को किसोरी के घर में खड़ा कर दिया जब परिजनों ने किशोरी के बारे में उससे पूछा तो वह भागने लगा। इसी शक के आधार पर किशोरी के भाई ने 16 अप्रैल को लिखित तहरीर थाने में दी थी जिसके बाद पुलिस ने आरोपी नवनीत को थाने पर बुलाकर कुछ देर बाद छोड़ दिया था। दबाव पड़ने पर पुलिस ने आरोपी नवनीत को पूछताछ के लिए दोबारा थाने पर बुलाया जिसके बाद उसने जुर्म का इकबाल किया। आरोपियों की निशानदेही पर नौ दिन बाद उसका कंकाल बरामद हुआ है। पुलिस ने मामले में एक किशोर समेत दो आरोपियों को हिरासत में लिया है। गांव वालों के मुताबिक आरोपी मृतक किशोरी के साथ उठते बैठते थे और गांजा का नशा भी करते थे। 13 अप्रैल को किशोरी के साथ आरोपी नवनीत दूसरे आरोपी रहीमपुर निवासी बाबा मुल्तान सिंह के यहां गया था।

पुलिस के मुताबिक वहां किसी बात को लेकर विवाद होने पर दोनों आरोपियों ने मिलकर किशोरी के पास रखे 10000 छीन कर उसकी लाठी डंडों से पीट कर मौत के घाट उतार दिया। और शव को जंगल में फेंक दिया। मृतक किशोरी की शादी हो चुकी थी और उसकी एक लड़की है बताया जाता है कि उसकी पत्नी दिमागी रूप से कमजोर है। थानाध्यक्ष जितेंद्र बहादुर सिंह का कहना है कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय लखीमपुर भेज दिया है और दोनों आरोपी पुलिस की हिरासत में है आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## बच्चों को सीबीएसई बोर्ड की शिक्षा लेना हुआ आसान

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी। समृद्धि न्यूज** घाघरा नदी की तलहटी में बसे सैकड़ों गांवों के बच्चों को अब सीबीएसई बोर्ड की पढ़ाई के लिए शहरों की ओर पलायन नहीं करना पड़ेगा। ऐसी उच्च स्तरीय गुणवत्तापूर्ण शिक्षा क्षेत्र में ही उपलब्ध कराई जाएगी। यह बात नव निर्मित एल पी एस मेमोरियल एकेडमी कोटवाधाम भवन का विधि विधान के साथ शुभारंभ करते हुए विद्यालय के संरक्षक अवधेश शुक्ला ने कही है। एल पी एस मेमोरियल एकेडमी के संरक्षक अवधेश शुक्ला ने क्षेत्र के सम्भ्रांत नागरिकों के साथ विधि विधान के साथ नव निर्मित भवन में राम चरित मानस पाठ का आयोजन के पश्चात प्रोफेसर जयप्रकाश पान्डेय कुलपति डॉ ए पी जे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के द्वारा लोकार्पण कर विद्यालय कि नर्सरी से इन्टर मीडियट सी बी एस सी बोर्ड का शुभारम्भ किया।

# सिविल नाफरमानी के योद्धा हैं राजनाथ शर्मा: गोप



**80वें जन्मदिवस पर आयोजित हुए कार्यक्रम**

**बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

देवा रोड स्थित गांधी भवन में रविवार को लोकतंत्र रक्षक सेनानी एवं वरिष्ठ समाजवादी चिन्तक राजनाथ शर्मा का 80वां जन्मदिन मनाया गया। जो डॉ. राममनोहर लोहिया के समय समाजवादी आंदोलन में शामिल हुए थे। उन्नीस साल की उम्र में वे जेल इसलिए गए कि डॉ. लोहिया के नेतृत्व में वे किसानों को उनकी उपज का वाजिब दाम दिलाना चाहते थे। फिर बीस बरस की उम्र में वे जेल इसलिए गए कि अंग्रेजी हटाना चाहते थे। क्योंकि वे चाहते थे कि 'गॉधी लोहिया की अभिलाषा, चले देश में देश की भाषा'। तीसरी बार राजनाथ शर्मा जेल गए 'सोशलिस्टों ने बांधी गांठ, पिछाड़ पावें सौ में साठ' इस उद्घोष के साथ। जीवन में अब तक उनका दूसरा ठिकाना जेल बन गया था। इस मौके पर आयोजित आशीर्वचन समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं सपा के राष्ट्रीय सचिव अरविन्द कुमार सिंह गोप ने कहा कि राजनाथ शर्मा सिविल नाफरमानी के योद्धा हैं। ना मानेंगे, ना मारेंगे उनके जीवन का सूत्र है। पूर्व प्रशासक सुधेश कुमार ओझा ने कहा कि राजनाथ शर्मा से मिलना सदा प्रेरणादायी और ऊर्जा दायक होता है।

आचार्य नरेन्द्र देव समाजवादी संस्थान के संयुक्त सचिव नवीन तिवारी ने कहा कि राजनाथ जी ने समाजवादियों का जीवन कैसा होना चाहिए इसका आदर्श देश और दुनिया के सामने रखा है। वह किसी भी सार्वजनिक कार्य के लिए पैसा इकट्ठा करने की अद्भुत क्षमता और कौशल रखते हैं। सभा की अध्यक्षता कर रहे पूर्व विधायक सरवर अली ने कहा कि राजनाथ शर्मा समाजवादी आंदोलन के उतार और चढ़ाव के साक्षी और भागीदार रहे हैं।

इस मौके पर राजनाथ शर्मा, साहित्यकार अजय सिंह गुरूजी, पूर्व विधायक शिवकरन सिंह, राना प्रताप सिंह, मलिक जमाल युसूफ, हुमायूं नईम खान, अदिति शर्मा, आद्या शर्मा ने संबोधित किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व सांसद डॉ पी.एल पुनिया, पूर्व ब्लाक प्रमुख विवेकानंद पाण्डेय, भाजपा नेता मनीष शुक्ला, भरत लाल सिंह, कृष्ण प्रकाश त्रिपाठी, मधुसूदन दीक्षित, सभासद मो. फैसल, समाजसेवी कैलाश नाथ शर्मा, ताहिर खान, सहजादे आलम वारसी, भाजपा नेता पंकज गुप्ता पंकी, पत्रकार संतोष शुक्ला आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार घायल

**जैदपुर,बाराबंकी।** बड़ागांव के मेले जा रहे मोटरसाइकिल सवार को ट्रैक्टर की जोरदार टक्कर लगने से कस्बे का एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे उपचार हेतु बाराबंकी के एक नीजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जबकि ट्रैक्टर चालक वाहन लेकर फरार हो गया है।मामला सफदरगंज से बांसा जाने वाले मार्ग का है। जहां बीती रात जैदपुर कस्बे के मोहल्ला मेहंदी कटरा निवासी सिराज शाह अपने साथी के साथ बड़ागांव में लगने वाले मेले में शामिल होने के लिये मोटरसाइकिल से जा रहा था कि तेज रफ्तार अज्ञात ट्रैक्टर चालक द्वारा जोरदार टक्कर मार देने से दूर जाकर गिरा। जिससे सिराज शाह गम्भीर रूप से घायल हो गया। जिन्हे इलाज के लिए बाराबंकी के एक नीजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वही चालक ट्रैक्टर लेकर फरार होने मे सफल हो गया।

### तमंचे के साथ युवक गिरफ्तार

**जैदपुर, बाराबंकी।** एक तमंचा दो जिंदा कारतूस के साथ एक युवक को जैदपुर पुलिस टीम गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जानकारी के अनुसार गश्त के दौरान हरख की ओर आ रही जैदपुर पुलिस टीम ने मकबूलगंज के पास कस्बे के मोहल्ला पछली चमरहिया निवासी इरशाद पुत्र सादिक को गिरफ्तार कर लिया। जिसकी तलाशी लेने पर एक 12 बोर तमंचा,दो जिंदा कारतूस बरामद कर आरोपी के विरुद्ध संबंधित धाराओ मे मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया है।

### नहाने गया युवक की गोमती नदी में डूबकर मौत

**सिद्धौर, बाराबंकी।** असंद्रा थाना क्षेत्र में रविवार को दोपहर में नहाने गए युवक की गोमती नदी में डूबने से मौत हो गई ।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। थाना क्षेत्र के सराय सालिम मजरे जरगावां निवासी मोहम्मद आसिफ (19) पुत्र मोहम्मद नसीर आज दोपहर बाद घर से खाना खाकर गांव के कुछ लड़कों के साथ गोमती नदी के पश्चिम बेलांव घाट पर नहाने गया था ।नहाते समय उसका पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में चला गया। साथियों के चिल्लाने पर ग्रामीण जब तक मौके पर पहुंचते आसिफ पानी में डूब गया बाद में पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों की मदद से नदी में डूबे युवक का शव बाहर निकलवाकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### डम्फर की टक्कर से वृद्ध घायल

**हैदरगढ़ ,बाराबंकी।** अज्ञात डंपर की चपेट में आकर एक 60 वर्षीय बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गया। एंबुलेंस द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाए गए बुजुर्ग को प्राथमिक उपचार के बाद लखनऊ के लिए रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार कस्बा हैदरगढ़ के ठठराही वार्ड निवासी 70 वर्षीय विजय पुत्र सतनाम रविवार के दोपहर बाद लगभग 3 बजे लखनऊ सुल्तानपुर हाईवे के किनारे स्थित अपने घर से निकलकर सब्जी लेने हैदरगढ़ आ रहे थे कि तभी नहर कॉलोनी के आगे नहर पुल के निकट डम्पर ने टक्कर मार दी।। दुर्घटना में विजय का दाहिना पैर बुरी तरह घायल हो गया मोहल्ला वासियों द्वारा एम्बुलेंस के माध्यम से घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल में अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉक्टर के अभाव में हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया। पता चला है कि सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने दुर्घटना करने वाले डंपर को अपने कब्जे में ले लिया हैं।

# भूसे की मांग के चलते रीपर मशीन का बढ़ा चलन

**कंबाइन मशीन से कटाई होने के कारण भूसे का उत्पादन हो रहा है कम**

**बिजुआ खीरी। समृद्धि न्यूज**



क्षेत्र में इन दिनों कंबाइन मशीन से गेहूं की कटाई तेजी से चल रही है मौसम के बदलते मिजाज के चलते किसान जल्दी से जल्दी गेहूं काटकर अपने घर या गेहूं खरीद केंद्रों तक पहुंचाने की फिराक में दिन रात लगे हैं। कंबाइन से गेहूं काटने में गेहूं की कटाई और मड़ाई एक साथ हो जाती है गेहूं की सफाई भी नहीं करनी पड़ती। क्योंकि कंबाइन मशीन से साफ गेहूं निकल आता है।

कंबाइन मशीन का सबसे बड़ा नुकसान यह होता है कि इसमें भूसा नहीं बन पाता कंबाइन से गेहूं काटने के बाद जो नरई खेतों में रह जाती है उसे काटकर उससे भूसा बनाने के लिए दूसरी मशीन लगानी पड़ती है इसे रीपर मशीन कहते हैं यह रीपर मशीन गेहूं की नरई को काटकर उससे भूसा बनाती है। इन दिनों जो किसान कंबाइन से अपना गेहूं कटवा चुके हैं वह भूसा बनाने वाली रीपर मशीन अपने खेतों में चलवा कर भूसा तैयार करवा रहे हैं।लगातार कंबाइन मशीन से कटाई होने के कारण भूसे का उत्पादन कम होता जा रहा है यही कारण है कि भूसे के दाम आसमान छूने लगे हैं। अब किसान गेहूं जल्दी निकालने के साथ भूसा बनाने को भी तरजीह देने लगे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों भूसा बनाने वाली मशीनों की मांग बढ़ गई है जो दिन रात खेतों में भूसा बनाती नजर आ रही है। जिससे भूसा बनाने वालों ने भी अपने दाम बढा दिए हैं।

# भाजपा सरकार की पश्चिम से शुरू हुई उल्टी गिनती: पुनिया

**बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**



किसान विरोधी भाजपा सरकार की उल्टी गिनती पश्चिमी उत्तर प्रदेश से शुरू हो गयी हैं। दस वर्षों में देश की आवाम को झूठ और जुमले की मीठी गोली देने वाली भाजपा सरकार की किसी भी गारण्टी पर जनता को विश्वास नही हैं। हम आपको यह बताने के लिये आये हैं कि इण्डिया गठबन्धन की सरकार बनते ही हम किसानों का कर्जा माफ करेंगे और एक कर्ज माफी आयोग का गठन करेंगे जो समय-समय पर सरकार को अन्नदाता की सही स्थिति से अवगत करायेगा। किसान का कर्जा माफ हो, नौजवान को 1 लाख रूपये सालाना मिले इसके लिये आपको 20 मई को सम्पन्न होने वाले चुनाव में इण्डिया गठबन्धन के प्रत्याशी तनुज पुनिया को हाथ के पंजे निशान का बटन दबाकर जिताना होगा। उक्त निवेदन कांग्रेस केन्द्रीय चुनाव समिति के सदस्य, स्टार प्रचार पूर्व सांसद डॉ पीएल पुनिया ने आज विकास खण्ड हैदरगढ़ के ग्राम घरकुंइया तथा विकास खण्ड सिद्धौर के ग्राम पूरे लम्बौआ में इण्डिया गठबन्धन के प्रत्याशी तनुज पुनिया के समर्थन में आयोजित जनसभा में स्थानीय आवाम से किया। पूर्व विधायक राममगन रावत ने इण्डिया गठबन्धन तनुज पुनिया के पक्ष में मतदान करने की अपील करते हुए कहा कि पिछले 10 वर्षों की भाजपा सरकार में सबसे ज्यादा प्रताड़ित अगर कोई हुआ हैं।

सदर विधायक धर्मराज यादव उर्फ सुरेश यादव ने कहा कि भाजपा जो कहती हैं करती नही हैं वादा खिलाफी इनके डी.एन.ए. में शामिल हैं। सिद्धौर के ग्राम पूरे लम्बौआ की जनसभाओं में मुख्य रूप से पूर्व सांसद डॉ.पी.एल.पुनिया, पूर्व सांसद ए.पी.गौतम, पूर्व सांसद रामसागर रावत, हरीश चन्द्र रावत, लल्लू सिंह, गुड्डू तिवारी, सुरेन्द्र शर्मा टप्पू, रंजीत मिश्रा, मीना यादव, सोनी यादव सहित सैकड़ो की संख्या में स्थानीय आवाम मौजूद थी।

# खराब गुणवत्ता से बन नहीं सड़क पूर्ण बनने से पूर्व उखड़ना शुरू

**लखीमपुर खीरी। समृद्धि न्यूज**



लखीमपुर खीरी के निघासन क्षेत्र अंतर्गत हाल ही में बनाई गई सड़क की हालत जर्जर हो गई जिसको लेकर आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क को हाथों से ही उखाड़ कर वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि ग्रामीण हाल ही में बनाई गई सड़क को हाथों से उखाड़ रहे हैं। नगर पंचायत के वार्ड नंबर 11 पटेल नगर चौधरी पूर्व में मंडी समिति द्वारा निर्माणाधीन लिंक मार्क की गुणवत्ता काफी खराब होने के कारण वार्ड वासियों के द्वारा कार्य को रुकवा दिया गया और विरोध प्रदर्शन सड़क को हाथों से उखाड़ कर किया गया। ग्रामीणों ने बताया कि मंडी समिति के मद से बनवाई जा रही सड़क का शिलान्यास केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा टेनी के हाथों से कराया गया था। ग्रामीणों का आरोप है कि ठेकेदार कुछ चुनिंदा लोगों से मिलकर सड़क का निर्माण कर रहा है।

# मानकविहीन सड़क निर्माण से ग्रामीणों में रोष



**बिजुआ खीरी। समृद्धि न्यूज**

एक ओर जहां सड़को को नया बनाने का काम, गड्ढा मुक्त का काम, चौड़ी करण का काम जिले में जोर शोर से हो रहा है वही सड़क निर्माण में कर्मचारियों से लेकर अधिकारियों तक की मिली भगत के चलते सड़को पर कम मात्र में डाली जा रही सामग्री के चलते जिम्मेदार मूक दर्शक बनकर घटिया निर्माण सामग्री लगती देख भी कुछ कह पाने में असमर्थ है। मानक विहीन सड़क निर्माण को लेकर मुख्यमंत्री के आदेशों को ताक पर रखकर खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही है जिसे देखने वाले अनजान बने तमाशा देख रहे हैं। वही सड़क पर सदैव निकलने वाले ग्रामीणों में रोष पनप रहा है उनकी सुनने वाला कोई नही है। जिमेदार सड़क निर्माण में मानक विहीन सामग्री लगाकर अपने कार्यों से इतिश्री कर रहे हैं।

ब्लाक बिजुआ क्षेत्र की ग्राम पंचायत नौसर जोगी में नौसर से डूडवा तक लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत बनाई जा रही सड़क में इस प्रकार मानको की धजिया उड़ाई गई कि सड़क एक तरफ का निर्माण किया जा रहा है वही दूसरी तरफ सड़क उखड़ रही है। वही स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा जिमेदारो से सड़क निर्माण में हो रही अनिमताओ को लेकर कई बार कहा लेकिन नतीजा शून्य रहा।

सड़क निर्माण में खुलेआम मानकों की अनदेखी की जा रही है जिसे देखने और सुनने वाला कोई नहीं है। जिम्मेदारो से शिकायत के बाद भी कोई भी सुनने को तैयार नहीं है। **-रोहित कुमार नौसर जोगी।**

लोक निर्माण विभाग द्वारा बनाई जा रही सड़क में खामिया ही खामिया है। जिम्मेदारो से कई बार शिकायत की लेकिन किसी ने भी सड़क को सही बनवाना उचित नही समझा। **-कुलदीप वर्मा डूडवा।**

सड़क बनाने पर हम लोगो में खुशी थी की अब इतने वर्षो बाद गढ्ढों से निजात मिल जाएगी लेकिन यह सड़क इस प्रकार बनाई जा रही है की एक वर्ष में ही उखड़ जाएगी। सड़क को सही बनवाने की मांग की गई लेकिन किसी ने सुना ही नहीं। **-राजीव नौसर जोगी।**

काफी वर्षो बाद सड़क निर्माण प्रारंभ हुआ था लेकिन यह नहीं मालूम था कि मानक विहीन सड़क बनाई जाएगी जिमेदारो द्वारा खाऊं कमाऊ नीति के चलते सड़क निर्माण में प्रयोग की जाने वाली सामग्री का बंदर बांट हो गया। सही से बिना साफ सफाई करवाए ही सड़क बनाई जा रही है जिम्मेदार मौन है। **-जगदीश प्रसाद नौसर जोगी।**

# बसपा प्रत्याशी के मैदान में उतरने से बदले सियासी समीकरण

**लखीमपुर खीरी। समृद्धि न्यूज**



अंशय कालरा



उत्कर्ष वर्मा



अजय मिश्र टेनी

लोकसभा चुनाव 2024 के बिगुल बजने के बाद चुनावी दल अपने-अपने प्रत्याशियों को मैदान में उतार चुके हैं। लोकसभा सीट 28 खीरी का चुनाव और भी ज्यादा दिलचस्प हो चुका है। विपक्षी गठबंधन के चलते खीरी सीट पर कांग्रेस और सपा में से सपा प्रत्याशी को टिकट दिया गया। अभी तक खीरी में एक तरफा चुनाव भाजपा की जीत मानी जा रही थी। वहीं बसपा ने अपने युवा प्रत्याशी को उतार कर सबको चौका दिया है। बसपा ने जिले के पलिया तहसील क्षेत्र अंतर्गत गांव लगदहन से ताल्लुक रखने वाले युवा प्रत्याशी अंशय कालरा को अपना प्रत्याशी बनाया है। एक तरफ भाजपा प्रत्याशी अजय मिश्र टेनी जो की पूर्व से लगातार दो बार खीरी सीट के सांसद रह चुके हैं। वहीं दूसरी और सपा से उत्कर्ष वर्मा भी अपना दम भरने में लगे हुए हैं ऐसे में बसपा के प्रत्याशी अंशय कालरा के आने से खीरी चुनाव त्रिकोणीय हो गया है।

**अंशय को मिल रहा समर्थन:** अंशय कालरा पंजाबी समाज से आते हैं इसलिए ऐसी उम्मीद लगाई जा रही है कि खीरी क्षेत्र से अंशय कालरा को पंजाबी व सिख समुदाय से भरपूर सहयोग मिलेगा। तिकुनिया कांड के चलते खीरी क्षेत्र के अधिकांश सिख समुदाय के लोग भाजपा के खिलाफ में हो चुके थे जिसको लेकर कई बार सिख समुदाय के लोग व किसान नताओं ने अजय मिश्रा टेनी के खिलाफ ज्ञापन भी सौंपा था।

**डॉ. पूर्वी का टिकट काटकर सपा ने उत्कर्ष वर्मा को दिया मौका:** सपा ने सदर सीट से रहे पूर्व सपा विधायक उत्कर्ष वर्मा पर लोकसभा सीट पर अपना दांव खेला है। बता दे सपा ने अभी तक इस सीट पर पूर्व राष्ट्रीय महासचिव रवि प्रकाश वर्मा और उनकी बेटी डॉक्टर पूर्वी को चुनाव में खड़ा किया था लेकिन इस बार पार्टी ने बदलाव करते हुए उत्कर्ष वर्मा को टिकट दिया।

**जनता बोली सिर्फ वोट मांगने आते हैं सांसद:** इधर भाजपा प्रत्याशी अजय मिश्रा टेनी के लगातार चुनावी दौर शुरू हो गए हैं जिस पर लोग अपनी पीड़ा का बखान करते बताया कि पिछले 10 वर्ष सांसद रहते हुए कभी भी हाल-चाल लेने नहीं आए और न ही समस्याओं के बारे में पूछा अब ऐसे समय जब वोट की जरूरत पड़ी तो हम सभी सांसद जी को दिखाई देने लगे। लोकसभा खीरी की विधानसभा गोला और पलिया क्षेत्र अंतर्गत कई गांवों में पिछले 10 वर्ष से भाजपा प्रत्याशी अजय मिश्रा टेनी के दौरे नहीं हुए।

**सांसद पुत्र के किसान पर गाड़ी चढ़ाने के मामले पर बरसे कालरा** : एक जनसभा को संबोधित करते हुए अंशय कालरा ने सांसद पुत्र द्वारा किसान पर गाड़ी चढ़ाने के मामले पर भाजपा प्रत्याशी अजय मिश्रा टेनी को घेरते हुए जमकर निशाना साधा। बोला कि सांसद पुत्र ने अपने ही क्षेत्र के किसानों को गाड़ी से कुचलने के बाद उनकी आवाज को दबाने का प्रयास किया गया फिर भी भाजपा के शीर्ष नेताओं द्वारा अजय मिश्र टेनी का पद नही छीना गया बल्कि तीसरी बार अजय मिश्रा टेनी को टिकट दे दिया गया जो की बहुत ही निंदनीय है।

# डीएम ने रिलायंस इंडस्ट्रीज के गेस्ट हाउस का किया निरीक्षण

**बाराबंकी।** रविवार को जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट सत्येन्द्र कुमार ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के तहत जिले में आने वाले प्रेक्षकगणों के रहने, खाने आदि की व्यवस्थाओं के दृष्टिगत रिलायंस इंडस्ट्रीज सौमैया नगर के गेस्ट हाउस का निरीक्षण किया और सम्बंधी अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उक्त अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी/ एडीएम अरुण कुमार सिंह, एसडीएम नवाबगंज विजय त्रिवेदी, एवं लाइजनिंग ऑफिसर सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

## कार खोखे में जा घुसी, मालिक की मौत, दो घायल

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** गोला कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत लखीमपुर रोड पर एक चार पहिया कार अनियंत्रित होकर पास में टायर पंचर की दुकान से जा टकराई जिसके चलते दुकान के मालिक की मृत्यु हो गई वहीं अन्य कुछ लोग घायल हो गए। बता दे 21 अप्रैल की शाम 5:00 बजे एक कार टाटा अल्ट्रोज नंबर यूपी 32 पीएफ 3286 अज्ञात कारण से अनियंत्रित होकर मूर्तियां चौराहे पर स्थित टायर पंचर की दुकान से जा टकराई जिस कारण दुकान मालिक तेजी राम उम्र 60 वर्ष निवासी ग्राम मुर्तिहा व दुकान पर बैठे अन्य दो व्यक्ति बाल गोविंद पुत्र संभारी लाल उम्र 21 वर्ष व आर्यन पुत्र बाल गोविंद उम्र 5 वर्ष निवासी फूल बेहड़ खीरी घायल हो गए जिन्हें इलाज हेतु जिला अस्पताल लखीमपुर भेजा गया। इलाज के दौरान तेजी राम की मृत्यु हो गई।

**बेदखली सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हमने अपने पुत्र मोहम्मद आजम उम्र करीब 29 वर्ष को ग़लत चाल चलन एवं अपनी मर्जी से प्रेम विवाह कर लिया है। जिससे हमें समाजिक क्षति पहुंची है। जिस कारण चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। आज की तिथि से उन दोनो के किसी भी कृत्य से मेरा कोई लेना देना नहीं होगा। वह स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**एजाज अहमद पुत्र अनवर अली मुन्नी बेगम पत्नी एजाज अहमद मोहल्ला कानूनगोपुरा दक्षिणी बहराइच, उप्र**

# 11 हजार दीपक जलाकर मतदान के लिए किया जागरूक

**डीएम ने 20 मई को ज्यादा से ज्यादा वोटिंग की अपील की**

**रायबरेली। समृद्धि न्यूज**



लोकसभा चुनाव 2024 में अधिक से अधिक मत प्रतिशत बढ़े इसके लिये जिलाधिकारी द्वारा रायबरेली में एक अनूठा प्रयास किया गया. 20 मई को रायबरेली लोकसभा सीट पर पांचवे चरण में मतदान होना है। इसके लिये जिला प्रशासन स्वीप कार्यक्रम के तहत अनेक कार्यक्रम आयोजित कर रही है इसी कड़ी में शनिवार की रात को जिलाधिकारी और जिला निर्वाचन अधिकारी हर्षिता माथुर द्वारा मोतीलाल नेहरू स्टेडियम में दीपोत्सव कार्यक्रम के तहत लगभग 11000 दीप जलाकर आम जनता को मतदान के लिए प्रोत्साहित किया। मतदान जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत जिला निर्वाचन अधिकारी हर्षिता माथुर ने पुलिस अधीक्षक अभिषेक अग्रवाल के साथ मोतीलाल नेहरू स्टेडियम में दीपोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत ग्यारह हजार दीप जलाकर लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया। जिला निर्वाचन अधिकारी हर्षिता माथुर ने कहा कि आज मोतीलाल नेहरू स्टेडियम में लोकसभा सामान्य चुनाव 2024 के लिये मतदाता जागरूकता कार्यक्रम हो रहे हैं। उसके अंतर्गत आज जनपद स्तर पर एक बड़ा कार्यक्रम हुआ है. जिसमें 11000 दीपक जलाकर एक संदेश दिया गया है, कि सभी मतदाता अधिक से अधिक संख्या में 20 मई 2024 को मतदान दिवस पर जनपद में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचे इस कार्यक्रम में अनेक लोगों की सहभागिता दर्ज हुई है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में बेसिक शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा, उद्योग बंधु, व्यापार बंधु और स्काउट गाइड के छात्रों ने विशेष योगदान दिया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने लोगों को मतदान की शपथ भी दिलाई इस कार्यक्रम में उप जिला निर्वाचन अधिकारी अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला अर्थ सांख्यिकीय अधिकारी बेसिक शिक्षा अधिकारी उद्योग बंधु, व्यापार बंधु के लोग, एन सी सी स्काउट भी उपस्थित रहे।

# लड़के के शादी से इनकार करने पर लड़की ने लगाई फांसी

**खीरों, रायबरेली। समृद्धि न्यूज**



जनपद के खीरों थाना क्षेत्र के मथुरा खेड़ा गांव में बीते 24 घंटे से लापता युवती का गांव से करीब दो किलोमीटर दूर संदिग्ध परिस्थितियों में नीम के पेड़ से फांसी के फंदे से लटकता हुआ शव मिला है।

जिससे इलाके में सनसनी फैल गई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

युवती का शव मिलने से परिजनों के बीच कोहराम मच गया है। परिजनों ने आरोप लगाया है कि शादी टूट जाने की वजह से उनकी बेटी ने आत्महत्या कर ली है। जानकारी के मुताबिक मथुरा खेड़ा गांव निवासी हरिश्चंद्र विदेश में रहकर नौकरी करते हैं। घर पर उनकी पत्नी बीनू, तीन पुत्रियां चांदनी, कंचन ,करिश्मा रहती हैं, जिसमे पुत्री चांदनी (उम्र 24) शनिवार को दोपहर एक बजे बिना बताए घर चली गई थी। काफी खोज बीन की गई लेकिन युवती का पता नहीं चल पाया। काफी खोजबीन करने के बाद न मिलने पर परिजनों ने खीरों थाने में गुमशुदगी की तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया था।

**बीते तीन वर्ष पहले तय हुई थी शादी:** मृतका के चचेरे भाई अनिकेत बताया है कि चांदनी उर्फ रक्षा की शादी तीन वर्ष से बछरावां थाना क्षेत्र के पोराइहा गांव में अखिलेश से तय थी, अखिलेश सेना में है। लेकिन तीन दिन पहले ही युवक ने शादी करने से इंकार कर दिया।

जिससे मेरी बहन परेशान रहने लगी थी। रविवार को सुबह फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली है। इस संबंध में खीरों थाना प्रभारी देवेंद्र सिंह भदौरिया ने बताया है कि शव को कब्जे लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया गया है।

## शार्ट सर्किट से लगी आग सात बीघे फसल राख

**उन्नाव।** विकास खण्ड बीघापुर क्षेत्र के गांव रावतपुर में रविवार दोपहर शार्ट सर्किट से खेत में लगी आग से लगभग सात बीघा फ़सल जलकर राख हो गयी। ग्रामीणों ने आग पर काबू पाया। रावतपुर गांव निवासी लक्ष्मी पाल के गेहूँ के खेत में बिजली के शार्ट सर्किट से उठी चिंगारी से 3 बीघे की फ़सल जल गई। आग की चपेट में आने से पड़ोसी किसान राममगन की 3 बीघा व बीना सिंह की डेढ़ बीघा गेंहू की फ़सल जलकर राख हो गयी। ग्रामीणों ने पंपिंग सेट की मदद से आग पर काबू पाया। आग बुझने के बाद फायर ब्रिगेड की गाड़ी पहुंची। एसडीएम क्षितिज द्विवेदी ने बताया कि लेखपाल से रिपोर्ट मंगाई गई है। रिपोर्ट आने के बाद किसानों को सहायता राशि प्रदान की जाएगी।

# खेलते समय नाली में गिरकर मासूम की मौत

**मामले की हो रही जांच, तथ्य के आधार पर होगी कार्यवाही: एसओ**

**रायबरेली। समृद्धि न्यूज**

घर के बाहर खेलते समय नाली में गिरने से एक बच्ची की मौत हो गई। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

बता दें कि रविवार सुबह गुरबक्शगंज थाना क्षेत्र के सलारपुर गांव में उस समय हड़कंप मच गया जब गांव निवासी अखिलेश पासी की एक वर्षीय बच्ची दरवाजे के पास खेलते समय नाली में गिर गई, जिससे उसकी मौत हो गई। वहीं खेतों में फसल काट रहे परिजनों को जब घटना की जानकारी हुई तो कोहराम मच गया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। एसओ प्रवीर गौतम ने बताया है कि मामले की जांच कराई जा रही है और जो भी तथ्य सामने आएंगे उसी आधार पर कार्यवाही की जाएगी। रविवार सुबह घर से करीब दो किलोमीटर दूर दुकनहा गांव के पास संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे से लटकता हुआ युवती का शव मिला है। सूचना मिलते ही घर में कोहराम मच गया। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

# अज्ञात कारणों से लगी आग, जले गरीबों की आशियाने

**छह घरों की गृहस्थी सहित दो मवेशी आंशिक रूप से झुलसे**

**सरेनी, रायबरेली। समृद्धि न्यूज**



जैसे-जैसे गर्मी बढ़ रही है वैसे-वैसे आगजनी की घटनाओं में भी बेतहाशा वृद्धि होती दिख रही है। क्षेत्र में आए दिन कहीं ना कहीं आगजनी की घटनाओं से नुकसान होता दिख रहा है।

कभी गरीब का आशियाना जलकर राख हो रहा है तो कहीं किसानों की महीनों की मेहनत जलकर स्वाहा होती दिख रही है। कहीं बिजली की शॉर्ट सर्किट आगजनी का कारण तो कहीं अज्ञात कारणों से आग लगने की घटना सामने आ रही है।

एक ऐसा ही मामला प्रकाश में आया है जहां अज्ञात कारणों से लगी आग ने गरीबों के आशियाने जलाकर राख कर दिए। जानकारी के मुताबिक रविवार की दोपहर को अचानक लगी आग से पूरे शुकुरु गांव के 6 घर जल गए।दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग काबू किया।

आग से दो मवेशी भी आंशिक रूप से झुलस गए हैं। थाना क्षेत्र के पूरे शुकुरु मजरे भक्ता खेड़ा गांव के रहने वाले अधिकांश लोग खेतों में काम कर रहे थे तभी दोपहर में गांव की सरोजा पत्नी मनोज के घर में अचानक आग लग गई,इससे अफरा तफरी मच गई। लोग मौके की ओर दौड़े और आग बुझने लगे। लेकिन सरोजा के घर से सटे राम अवतार का छप्पर भी आग की चपेट में आ गया। इससे सरोजा की बाइक और राम अवतार की गृहस्थी जल गई व दो मवेशी झुलस गए। इसके बाद आग हरिश्चंद्र, बाबूराम, मालती व मनीराम के घरों को भी चपेट में ले लिया। सभी के छप्पर व गृहस्थी का सामान जल गया।

सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने आग को बुझाया। हल्का लेखपाल अमर सिंह ने बताया कि सरोजा को तिरपाल उपलब्ध करा दिया गया है,साथ ही आग से हुए नुकसान का आकलन कर लिया गया है। अग्नि पीड़ितों की आर्थिक मदद के लिए उनके खाता संख्या भी ले लिए गए हैं।

# प्रेमी युगल ने किया जहर खाकर आत्महत्या का प्रयास

**इलाज के दौरान युवती की जिला अस्पताल में हुई मौत युवक का चल रहा अस्पताल में उपचार**

**रायबरेली। समृद्धि न्यूज**

युवक युवती के साथ ज़हर खाने का मामला सामने आया है। ज़हर खाने से युवती की मौत हो गई है जबकि युवक का जिला अस्पताल में इलाज जारी है।

दोनों एक ही गांव के रहने वाले बताये जा रहे हैं। मामला हरचंदपुर थाना इलाके के पूरे पंडित गांव का है। यहाँ की रहने वाली 17 वर्षीय काजल और 21 वर्षीय आयुष सिंह को उल्टी दस्त की शिकायत के बाद सीएचसी हरचंदपुर में भर्ती कराया गया था। यहाँ मामला संदिग्ध लगने पर डाक्टरों ने पूछताछ की तो मामला ज़हर खाने का सामने आया। डाक्टरों ने पुलिस को सूचना देते हुए दोनों को गंभीर हालत में जिला अस्पताल रवाना कर दिया।

जिला अस्पताल मे इलाज के दौरान युवती की मौत हो गई जबकि युवक की हालत गंभीर है। उधर ग्रामीणों में चर्चा है कि दोनों ने प्रेम में नाकामी के चलते ज़हर खाया है। वहीं इंस्पेक्टर थाना हरचंदपुर का कहना है कि युवती का कल इंटर का सही रिज़ल्ट नहीं आया था इसलिए ज़हर खाया जबकि युवक के परिजनों का कहना है कि वह आर्मी की तैयारी कर रहा था लेकिन सिलेक्शन न होने से परेशान था।

# संदिग्ध परिस्थितियों में तीन घरों में लगी आग

**आग बुझाते समय चार लोग झुलसे, इलाज के लिए सीएचसी में कराया गया भर्ती**

**रायबरेली। समृद्धि न्यूज**



अज्ञात कारणों के चलते तीन घरों में लगी आग से हजारों कीमत की गृहस्थी जलकर राख हो गई, आग बुझाते समय चार लोग चपेट में आकर झुलस गये, जिन्हें एम्बुलेंस की मदद से इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया है।

ग्राम प्रधान नरेंद्र यादव ने तहसील प्रशासन को मामले की सूचना दी है, मामला ऊंचाहार थाना क्षेत्र के पूरे छेदी मजरे कोटिया चित्रा गाँव का है, जहां रविवार की दोपहर गाँव निवासी श्यामलाल के दरवाजे रखे छप्पर में अज्ञात कारणों के चलते आग लग गई। हवा का रुख तेज होने के कारण आग ने पड़ोस के रामलाल व रज्जू के घर को भी अपनी जद में ले लिया। कड़ी मशक्कत के बाद ग्रामीणों द्वारा आग पर काबू पाया गया। लेकिन तब तक तीनों घरों में रखी हजारों कीमत की गृहस्थी जलकर राख हो गई थी। आग बुझाते समय श्यामलाल का बेटा रावेन्द्र 17 वर्ष, दिलीप 22 वर्ष बेटी रूबी 19 वर्ष तथा पड़ोस के विजय कुमार 24 वर्ष चपेट में आकर झुलस गये। जिन्हें एम्बुलेंस की मदद से सीएचसी में भर्ती कराया गया है।

# भाजपा ने किया नुक्कड़ सभा का आयोजन



**अमावा, रायबरेली। समृद्धि न्यूज**

ग्राम सभा समरहदा भारतीय जनता पार्टी के द्वारा नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि आरबी सिंह पूर्व जिला अध्यक्ष का ग्राम प्रधान प्रतिनिधि समरहदा राजकुमार मौर्य ने मुख्य अतिथि का फूल मालाओं के साथ स्वागत किया। मुख्य अतिथि ने प्रधानमंत्री की किए गए कार्यों को गिनवाया और आई हुई जनता जनार्दन से एक बार रायबरेली की धरती पर कमल खिलाने का आशीर्वाद मांगा। इस मौके पर घूराडीह प्रधान दिनेश सिंह समरहदा सेक्टर प्रभारी शिव कुमार सिंह शिव मंजेश सिंह जगन्नाथ वर्मा रामनारायण तिवारी राम अकबाल कृष्ण कुमार सोनी राजू परिहार मनमोहन सिंह अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# ड्राइवरों को आरटीओ की लोकेशन देने वाले का पर्दाफाश

**आरटीओ से बचाकर पास कराता है था ओवरलोड ट्रक, महीने में करता था करोड़ों की कमाई**

**रायबरेली। समृद्धि न्यूज**



पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत रायबरेली पुलिस को मिली बड़ी सफलता पुलिस ने एक ऐसे गिरोह के सरगना को पकड़ा है।

जिसके कारनामे सुनकर सब कोई हैरान है, मामला शहर कोतवाली क्षेत्र का है जहां अमित सिंह पुत्र हौसला सिंह निवासी खसपरि थाना जगतपुर ओवरलोड गिट्टी व मौरंग के ट्रकों को बगैर रायल्टी दिए अधिकारी की लोकेशन भेज कर उनको शहर से बाहर निकलवाता था, सरगना अमित सिंह इतना शातिर था कि उसने अपने मोबाइल पर कई व्हाट्सएप ग्रुप बनाया हुए थे और ट्रक ड्राइवर को यह सूचना देता था कि किस जगह पर कौन अधिकारी कितने बजे चेकिंग लगाएगा इसके बाद भी अगर कोई ट्रक पकड़ जाता था तो तक मलिक को गुमराह करके अधिकारियों से ट्रक छुड़वाने के बदले मोटी रकम वसूलता था काफी दिनों की शिकायत के बाद खनन विभाग व पुलिस की संयुक्त टीम ने आज गिरोह के सरगना अमित सिंह को हिरासत में लेकर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा पुलिस आरोपी के पास से पकड़े गए मोबाइल की भी जांच करा रही है।

## मार्ग दुर्घटना में घायल वृद्ध की उपचार के दौरान मौत

**उन्नाव।** अचलगंज थाना अन्तर्गत उन्नाव-लालगंज हाइवे पर ग्राम मुगलपुर के निकट मार्ग दुर्घटना में घायल सेवानिवृत्त रेलवे कर्मचारी की उपचार के दौरान मौत हो गयी। ज्ञात हो कि द्वारिका प्रसाद मूल निवासी भाभेमऊ बीघापुर सेवानिवृत्त रेलवे कर्मचारी थे जो कि वर्तमान में कृष्णा कालोनी झांसी में रहते थे तथा मन्ना शर्मा के यहाँ मुगलपुर में मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने पत्नी विंध्यावती शर्मा के साथ आये थे। बीतेदिवस देरशाम उन्हें कार्यक्रम से वापस जाते समय सड़क क्रास करने के दौरान अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी जिससे वो घायल हो गये थे जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया जहाँ पर उनकी मृत्यु हो गई।

# गेहूं खरीद में कृषकों की शिकायत के निस्तारण के लिए कंट्रोल रूम स्थापित

**कृषक अपनी गेहूँ खरीद सम्बन्धी किसी भी प्रकार समस्या के लिए 0535-2975003 पर करें सम्पर्क**

**रायबरेली। समृद्धि न्यूज**

जिला खाद्य विपणन अधिकारी सोनी गुप्ता ने बताया है कि रबी विपणन वर्ष 2024-25 में न्यूनतम मूल्य समर्थन योजनान्तर्गत गेहूँ समर्थन मूल्य रुपये 2275.00 प्रति कुन्तल निर्धारित किया गया है, जो गत वर्ष रबी विपणन वर्ष 2023-24 से रुपये 150 प्रति कुन्तल अधिक है। उन्होंने कहा है कि जिलाधिकारी हर्षिता माथुर द्वारा जनपद रायबरेली में कृषक बंधुओं के सुविधा के दृष्टिगत कुल 123 गेहूँ क्रय केन्द्र अनुमोदित किये गये है, जो कि गत वर्ष की तुलना में 12 क्रय केन्द्र अधिक है जिसमें खाद्य विभाग के 32, पीसीएफ के 56, पीसीयू के 20, भारतीय खाद्य निगम के 08, नैफेड के 05 एवं मण्डी परिषद के 02 क्रय केन्द्र सम्मिलित है। जिले में तहसीलों पर स्थापित क्रय केन्द्र- तहसील सदर में 33, महराजगंज 20, लालगंज 12, ऊँचाहार 16, डलमऊ 14 एवं सलोन में 28 कुल 123 गेहूँ क्रय केन्द्र संचालित है। जनपद में 19 अप्रैल 2024 तक निर्धारित लक्ष्य 109300.00 मी0टन के सापेक्ष 336 कृषकों से 1457.25 मी0 टन की खरीद की जा चुकी है जिसमें से 206 कृषकों को भुगतान प्राप्त हो चुका है। गेहूं के अवैध संचरण एवं भण्डारण पर प्रवर्तन कार्य कराये जाने हेतु जिलाधिकारी द्वारा तहसीलवार उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में कमेटी का गठन किया गया, जिसमें सम्बन्धित तहसील के क्षेत्रीय विपणन अधिकारी, खाद्य सुरक्षा अधिकारी, वाणिज्य कर अधिकारी एवं बाट-माप निरीक्षक सदस्य नामित किये गये हैं। इस कमेटी के आवश्यकतानुसार सहयोग हेतु समस्त मंडी सचिव, कृषि उत्पादन मण्डी समिति को निर्देशित किया गया है कि जनपद में फ्लोर मिल व थोक व्यापारियों के यहां छापेमारी कर गेहूं भण्डारण की जांच करने एवं सम्बन्धित अभिलेख/प्रपत्रों में पायी गयी अनियमितता पर कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देश दिये गये है।

# सरस्वती बाल मंदिर इंटर कॉलेज के छात्रों ने बनाया कीर्तिमान

**व्यवस्थापक ने शिक्षक-शिक्षिकाओं को बधाई देते हुए की छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना**

**सरेनी, रायबरेली। समृद्धि न्यूज**




माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा घोषित 2024 के परीक्षा परिणाम में सरेनी के सरस्वती बाल मंदिर इंटर कॉलेज बेनीमाधवगंज के छात्रों ने परचम लहराते हुए विद्यालय में ही नहीं अपितु जनपद में अव्वल स्थान प्राप्त किया। उल्लेखनीय है कि शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी संस्थान सरस्वती बाल मंदिर बेनीमाधवगंज दिन-ब-दिन शिक्षा के क्षेत्र में बुलंदियों को छू रहा है और एक के बाद एक नित नये सोपान गढ़ रहा है। शनिवार को उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा हाईस्कूल व इंटरमीडिएट का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। कस्बे के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान सरस्वती बाल मंदिर इंटर कॉलेज बेनीमाधवगंज का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा।

विद्यालय के प्रधानाचार्य कामता प्रसाद श्रीवास्तव ने बताया कि वर्ष 2023- 24 में हाई स्कूल में कुल 116 व इंटरमीडिएट में कुल 96 विद्यार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया,सभी विद्यार्थियों ने अच्छे अंक प्राप्त करके विद्यालय का नाम रोशन किया। हाई स्कूल में आशुतोष पुत्र लालता प्रसाद ने 571,अन्वेष मिश्रा पुत्र समीर मिश्रा ने 569 अंक प्राप्त कर जिले में क्रमशः आठवां व दसवां स्थान हासिल किया। वहीं इंटरमीडिएट में अक्षय कुमार पुत्र राम धीरज ने 479,अभिषेक मिश्रा पुत्र अमित कुमार मिश्रा ने 477 व आदर्श शर्मा पुत्र प्रेम शंकर शर्मा ने 475 अंक प्राप्त करके जिले की श्रेष्ठतम सूची में क्रमशः पांचवां,सातवां व 9वां स्थान प्राप्त किया। सभी विद्यार्थियों को माला पहनाकर व मुंह मीठा कराकर सम्मानित किया गया। एक ही विद्यालय के 5 छात्रों ने जनपद की श्रेष्ठतम सूची में स्थान प्राप्त कर समस्त विद्यालय परिवार को गौरवान्वित किया है। वहीं विद्यालय के व्यवस्थापक सुरेश कुमार शर्मा ने कहा कि शिक्षित छात्र विकसित भारत का आधार हैं।

एक छात्र को शिक्षित करना पूरे परिवार और राष्ट्र को शिक्षित करने के बराबर है। साथ ही साथ व्यवस्थापक ने समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं को बधाई देते हुए छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की। विद्यार्थियों की इस सफलता पर समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं, कर्मचारियों व अभिभावकों में खुशी की लहर है।

# युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, कोहराम

**उन्नाव। समृद्धि न्यूज**

बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र के ग्राम गौरिया कलां निवासी एक 45 वर्षीय व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। गांव का ही पिकअप लोडर चालक बीते शनिवार को उसे बतौर हेल्पर ले गया था। आज जब लोडर चालक उसका शव लेकर पहुंचा तो गांव में हड़कंप मच गया। फिलहाल मृत्यु का कारण अधिक शराब पीना बताया जा रहा है।

मृतक के पिता जगन्नाथ सिंह द्वारा बेहटा पुलिस को दी गई तहरीर में कहा गया है कि ग्राम गौरिया कलां निवासी पिकअप लोडर चालक शरीफ पुत्र माशूक बीते शनिवार की शाम उसके पुत्र बलराम सिंह को बतौर हेल्पर काम कराने हरदोई ले गया था। आज सुबह करीब छः बजे लोडर चालक उसका शव लेकर गांव पहुंचा। यह देखकर परिजनों और ग्रामीणों में कोहराम मच गया। पिता ने मृत्यु का कारण जानने के लिए पुलिस से शव का पोस्टमार्टम कराए जाने की मांग की। शव देखते ही पिता जगन्नाथ सिंह, मां भागवंती देवी और भाई सोनू सिंह दहाड़े मारकर रोने लगे। ग्रामीणों के अनुसार बलराम शराब पीने का आदी था और शराब पीने के चक्कर में ही वह अक्सर पिकअप लोडर पर चला जाता था।

# घरेलू कलह से क्षुब्ध विवाहिता ने फांसी लगाकर दी जान

**उन्नाव। समृद्धि न्यूज**

बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सिंघूपुर बेरियागाड़ा के मजरा अचलपुरवा में एक 30 वर्षीय विवाहिता अपने कमरे में छत की कुंडी से रस्सी के सहारे फांसी पर झूल गई। मृतका बच्चों के बताने पर मृतका के ससुर ने किसी तरह दरवाजे के पल्ले तोड़कर रस्सी काटी और उसे नीचे उतारा किंतु तब तक बहू की मौत हो चुकी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भेज दिया।

सूत्रों के अनुसार ग्राम अचल पुरवा निवासी तहसील बांगरमऊ के वरिष्ठ अधिवक्ता अर्जुन सिंह के पुत्र महेंद्र सिंह की शादी वर्ष 2015 में ग्राम माखी निवासिनी कीर्ति सिंह के साथ हुई थी। बताते हैं कि महेंद्र सिंह शराब पीने का आदी है और आए दिन अपनी पत्नी और पिता के साथ झगड़ा फसाद किया करता है। अपने पति के गलत व्यवहार से आजिज आकर कीर्ति सिंह बीते शनिवार को देरशाम अपने दो अबोध बेटों और एक अबोध बेटी को बाहर कर कमरे के अंदर घुस गई और अंदर से कुंडी लगा ली। बाद में कीर्ति सिंह ने छत की कुंडी से रस्सी के सहारे फांसी पर झूल गई। मृतका के तीनों बच्चों ने अपने दादा अर्जुन सिंह को बताया कि मां दरवाजा नहीं खोल रही है। तब अर्जुन सिंह किसी तरह दरवाजा तोड़कर अंदर घुसे और फांसी पर लटक रही बहू की रस्सी काटकर उसे नीचे उतारा तथा घटना की सूचना कोतवाली पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भेजा। मृतका के ससुर अर्जुन सिंह ने घटना की सूचना मुंबई में रह रहे अपनी बहू कीर्ति सिंह के पिता को दे दी है। जानकारी के अनुसार मृतका के पिता मुंबई से चल चुके हैं। मां की अचानक मौत से उसके तीनों अबोध बच्चे रो-रोकर बेहाल हैं।

## युवक का फांसी से लटका मिला शव

**उन्नाव।** बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के ग्राम शीतलगंज निवासी एक युवक ने अज्ञात कारणों के चलते पड़ोसी गांव काजीपुर के निकट एक आम के बाद में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वह अविवाहित था और ईंट भट्ठे पर मजदूरी करता था। ग्राम शीतलगंज निवासी सर्वेश 26 वर्ष पुत्र खेमकरन का शव आज सुबह पड़ोसी गांव काजीपुर के निकट स्थित आम के बाग में पेड़ की डाल के सहारे फांसी पर लटका पाया गया। घटना की सूचना मिलते ही मृतक का छोटा भाई संदीप और विधवा मां शिवदेवी दौड़कर घटनास्थल पर पहुंची और शव देखते ही दहाड़े मारकर रोने लगे। भाई की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भेज दिया। मृतक सर्वेश और उसका छोटा भाई संदीप दोनों अभी अविवाहित थे। दोनों भाई भट्ठे पर मजदूरी कर किसी तरह अपना और अपनी मां का भरण-पोषण करते चले आ रहे थे। आत्महत्या का कारण अभी तक ज्ञात नहीं हो सका है।



## नशेबाज बारातियों ने डीजे पर की मारपीट

**उन्नाव।** सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के परियर स्थित एक गेस्ट हाउस में मांगलिक कार्यक्रम के दौरान नशेबाजो ने डीजे पर हुड़दंग शुरू कर दिया तथा विरोध करने पर मारपीट करने लगे। सूचना पर पहुंची पुलिस को देखते ही हमलावर भाग निकले। किसी भी पक्ष की ओर से कोई तहरीर नहीं दी गयी है। घटना परियर स्थित एक गेस्ट हाउस की है। जहां परियर निवासी रामजीवन निषाद पुत्र चिरंजीव की पुत्री शिवानी की शादी सुदर्शन पुत्र हरिराम निवासी रामपुर धोबिनपुरवा थाना गंगाघाट से शनिवार रात हो रही थी तभी रात करीब दस बजे वर पक्ष के लोग नशे में धुत होकर डीजे पर हुडदंग करने लगे जिसको देखते ही लड़की के भाई अंकित ने डीजे बंद करा दिया। उसके बाद फिर वर पक्ष के लोगो ने बेल्ट निकालकर मारपीट चालू कर दी। सूचना पर पहुंची परियर पुलिस को देखते बराती भाग निकले।

## जो लोग लक्ष्य नहीं बनाते हैं, वे लक्ष्य बनाने वाले लोगों के लिए काम करते हैं

**डॉ नन्दकिशोर साह**

यदि आप अपनी योजना को सार्वजनिक कर दें, तो आप सामाजिक दबाव की वजह से उस पर अमल करने के लिए ज्यादा समर्पित हो जाएँगे। योजना बताती है कि आदर्श परिस्थिति में क्या होना चाहिए। समीक्षा बताती है कि क्या हो रहा है और मनचाहा परिणाम पाने के लिए आपको क्या फेरबदल करना चाहिए। योजना बनाने में असफलता का मतलब है असफलता की योजना बनाना। कहा जाता है कि जब तक आप लक्ष्य तक पहुँचने की योजना नहीं बनाते हैं, तब तक आपकी सफलता की संभावना 10 प्रतिशत से भी कम रहती है, लेकिन अच्छी योजना बनाने पर यह संभावना बढ़कर 70 प्रतिशत से ज्यादा हो जाती है। जो लोग लक्ष्य नहीं बनाते हैं, वे अंततरू लक्ष्य बनाने वाले लोगों के लिए काम करते हैं।

महान लेखक योजना के महत्व को बताते हैं, जो इंसान हर सुबह दिन की योजना बनाता है और उस पर चलता है, उसके पास एक सूत्र होता है, जो सबसे व्यस्त जीवन की भूल-भुलैया के बीच उसका मार्गदर्शन करेगा। योजना बनाने का मतलब यह है कि आप अपने लक्ष्य तक पहुँचने का सर्वश्रेष्ठ रास्ता खोजते हैं। यानी सर्वश्रेष्ठ योजना वही होती है, जिसमें आप अपने बड़े लक्ष्य को 24 घंटे के लक्ष्य में जोड़ लेते हैं। यह नहीं सोचें कि एक महीने में क्या हो सकता है। यह नहीं सोचें कि एक साल में क्या हो सकता है। बस अपने सामने के 24 घंटों पर ध्यान केंद्रित करें। 24 घंटे का लक्ष्य बनाने के कई लाभ हैं। छोटे लक्ष्यों की राह में बाधाएं कम आती हैं और आप जोश ठंडा होने से पहले ही लक्ष्य हासिल कर लेते हैं। छोटे लक्ष्यों से आप प्रेरित होते हैं, जबकि दीर्घकालीन और बड़े लक्ष्यों से आप हताश हो सकते हैं। छोटे लक्ष्य बनाने और हासिल करने का फायदा यह होता है कि आपकी लक्ष्य तक पहुँचने की आदत पड़ती है, हर दिन सफलता का अहसास होता है, आप अच्छी भावनात्मक फ्रीक्वेंसी पर रहते हैं। किसी भी चीज को हासिल करने के लिए 95 प्रतिशत यह जानना जरूरी है कि आप क्या चाहते हैं। अगर आपके लक्ष्य स्पष्टता से दिखता है, तो आप कोशिश नहीं छोड़ते हैंय आप तो कोशिश तब छोड़ते हैं, जब आपको लक्ष्य दिखाई नहीं देता, क्योंकि तब आपको सिर्फ बाधाएँ दिखाई देते हैं। उतार-चढ़ाव से नहीं घबराएं और लक्ष्य की ओर लगातार आगे बढ़ते रहें। अगर परिस्थितियाँ आपके खिलाफ हों या आपकी राह में बाधाएं हों, तो पल भर के लिए भी विचलित नहीं हों।

# एलन मस्क की भारत यात्रा टली-चुनाव परिणामों की प्रतीक्षा का अनुमान?

**किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया**



**दुनिया के सबसे बड़े अमीरों में से एक और टैक्सिला कंपनी के मालिक एलन मस्क ईवी प्लांट स्टर्लिंग सेवा और वैश्विक मोबाइल ब्रॉडबैंड पर चर्चा के लिए 21-23 अप्रैल को भारत दौरे पर आने वाले थे व पीएम से भी मिलने का उनका शेड्यूल था जिसकी जानकारी मीडिया की ओर से आई थी। आज दिनांक 20 अप्रैल 2024 को एकाएक उन्होंने अपने ट्विटर हैंडलएक्स पर भारत दौरे का को स्थगित कर सबको चौंका दिया व पहले से दिल्ली में आए अधिकारियों के उत्साह को भी फर्क महसूस हुआ। कुछ जानकारी की मीडिया में दिए दौरा कैंसिल होने के कयासों में चुनाव परिणाम की प्रतीक्षा का अनुमान भी लगाया जा रहा है, हालांकि वर्तमान सरकार ही सत्ता में आएगी यह मेरा मानना है पूर्ण रूप से निश्चित है। परंतु उन्होंने दौरे के स्थगन की वजह 23 अप्रैल 2024 को अमेरिका में टेक्सला की पहली तिमाही के कॉन्फ्रेंस कॉल को बताई गई है।**

वैश्विक स्तरपर पूरी दुनियां में भारत की चर्चा एक नहीं अनेकों विषयों को लेकर हो रही है, चाहे वह तकनीकी प्रौद्योगिकी स्वास्थ्य स्पेस इलेक्ट्रिक वाहन नीति विदेश नीति एफटीए तथा वर्तमान में 19 अप्रैल से 1 जून 2024 तक चल रहे चुनावी महोत्सव हो, भारत आज वैश्विक केंद्रबिंदु बन गया है, यही कारण है कि दुनिया के सबसे बड़े अमीरों में से एक और टैक्सिला कंपनी के मालिक एलन मस्क ईवी प्लांट स्टर्लिंग सेवा और वैश्विक मोबाइल ब्रॉडबैंड पर चर्चा के लिए 21-23 अप्रैल को भारत दौरे पर आने वाले थे व पीएम से भी मिलने का उनका शेड्यूल था जिसकी जानकारी मीडिया की ओर से आई थी। 20 अप्रैल 2024 को एकाएक उन्होंने अपने ट्विटर हैंडलएक्स पर भारत दौरे का को स्थगित कर सबको चौंका दिया व पहले से दिल्ली में आए अधिकारियों के उत्साह को भी फर्क महसूस हुआ। कुछ जानकारी की मीडिया में दिए दौरा कैंसिल होने के कयासों में चुनाव परिणाम की प्रतीक्षा का अनुमान भी लगाया जा रहा है, हालांकि वर्तमान सरकार ही सत्ता में आएगी यह मेरा मानना है पूर्ण रूप से निश्चित है। परंतु उन्होंने दौरे के स्थगन की वजह 23 अप्रैल 2024 को अमेरिका में टेक्सला की पहली तिमाही के कॉन्फ्रेंस कॉल को बताई गई है। चूंकि एलन मस्क की भारत यात्रा टल गई है, जिससे चुनाव परिणाम की प्रतीक्षा का अनुमान लगाया जा रहा है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, एलन मस्क के भारत यात्रा टलने से ईवी प्लान स्टर्लिंग सेवा और वैश्विक मोबाइल ब्रॉडबैंड पर चर्चा को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है।

साथियों बात अगर हम एलन मस्क की भारत यात्रा टलने की करें तो, दुनियां की सबसे बड़ी इलेक्ट्रिक कार बनाने वाली कंपनी टेस्ला के मालिक और विश्व के सबसे अमीर लोगों में से एक एलन मस्क ने अपनी भारत यात्रा को टाल दिया है। वे 21 और 22 अप्रैल को पहली बार भारत आने वाले थे, जिसे फिलहाल उन्होंने स्थगित कर दिया है। इस बात की पुष्टि खुद मस्क ने अपने एक्स पोस्ट के जरिए की है। मस्क ने अपने भारत दौरे को रद्द करने के पीछे का कारण भी बताया है उन्होने एक्स पोस्ट के जरिए दी, पोस्ट किया कि टेस्ला की कुछ बड़ी जिम्मेदारियों की वजह से उन्होंने फिलहाल अपना भारत दौरा टाल दिया है। उन्होंने यह भी कहा कि वह इस साल के आखिर तक भारत आने के लिए बेहद उत्साहित हैं।दरअसल एलन मस्क को 23 अप्रैल को टेस्ला के निवेशकों के सवालों का जवाब देने के लिए अमेरिका में उपस्थित रहना जरूरी है। टेस्ला ने हाल ही में तिमाही परिणाम जारी किया है।कंपनी को हालिया महीनों में बिक्री में गिरावट का सामना करना पड़ा है,ऐसे में कंपनी के निवेशक व शेयरधारक परेशान हो रहे हैं।अगर मस्क 21-22 अप्रैल को भारत में रहते तो 23 अप्रैल के इन्वेस्टर्स कॉल में उनके लिए मौजूद रहना मुश्किल हो जाता।

गौरतलब है कि एलन मस्क अपने भारत दौरे में टेस्ला के लिए भारत में मैन्युफैक्चरिंग यूनिट और सैटेलाइट कम्युनिकेशन जैसे कई योजनाओं का ऐलान करने वाले थे। मीडिया रिपोर्ट्स ने दावा किया था कि वह भारत में 25, हज़ार करोड़ रुपये के निवेश का ऐलान कर सकते थे, इससे पहले उन्होने 10 अप्रैल को अपने ट्वीट में जानकारी दी थी कि वह पीएम से मिलने के लिए बेहद उत्साहित हैं।मस्क की भारत यात्रा के ऐलान से कुछ दिन पहले ही भारत सरकार एक नई ईवी पॉलिसी लेकर आई थी। इस पॉलिसी से देश में विदेशी कंपनियों के लिए ईवी प्लांट लगाना आसान हो गया है। सरकार ने अपनी नई ईवी पॉलिसी में उन विदेशी कंपनियों को इंपोर्ट ड्यूटी में छूट देने की बात कही है, जो देश में 500 मिलियन डॉलर से अधिक का निवेश करेंगी। टेस्ला के अलावा एलन मस्क भारत में स्टारलिंक के प्रवेश के लिए भी लंबे वक्त से कोशिश कर रहे हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार केंद्र सरकार ने स्टारलिंक को यह आश्वासन दिया है कि वह देश में तीसरी तिमाही तक अपना ऑपरेशन शुरू कर पाएगी। इसके अलावा फरवरी में सरकार ने स्पेस सेक्टर को बढ़ावा देने के लिएएफडीआई को मंजूरी दी थी। उसके बाद से ही भारत में स्पेस एक्स की एंट्री को लेकर कयास तेज हो गए थे। साथियों बात अगर हम दौरा रद्द होने के कयासों की करें तो, उन्होने दौरा रद्द होने की साफ वजह नहीं बताई है। इस कारण कई तरह के कयास लगाए जा रहे हैं। माना जा रहा कि मस्क की यात्रा टेस्?ला की पहली तिमाही के परिणाम के बारे में कुछ सवालों के जवाब देने को 23 अप्रैल को अमेरिका में एक कॉन्?फ्रेंस कॉल की वजह से टाली गई है। समाचार एजेंसी के अनुसार एलन 23 अप्रैल को टेस्?ला के तिमाही नतीजे के बारे में जानकारी देने वाले हैं।स्पेशएक्स के सीईओ एलन मस्क के भारत आने की खबरों से यहां के स्पेस स्टार्टअप काफी उत्साहित थे। वह मस्क से मिलना चाहते थे। भारत के जो स्पेस स्टार्टअप मस्क से मिलने की योजना बना रहे थे, उनमें स्काईरूट एयरोस्पेस, अग्निकुल कॉस्मोस, बेलाट्रिक्स एयरोस्पेस और ध्रुव स्पेस शामिल हैं। बता दें मस्क अक्सर स्पेस एक्स के जरिए स्पेस से जुड़े इनोवेशन करते रहते हैं। हाल में भारत सरकार ने नई इलेक्ट्रिक वाहन विनिर्माण नीति की जारी की थी। इसके तहत मेक इन इंडिया के लिए प्रतिबद्ध इलेक्ट्रिक कार कंपनियों को टैक्स में राहत देने की बात कही गई थी। बता दें मस्क की कंपनी टेस्ला इलेक्ट्रिक और ड्राइवरलेस कार निर्माण के लिए फेमस है। सूत्रों ने बताया था कि मस्क भारत में 20-30 अरब डॉलर के निवेश की घोषणा कर सकते हैं। एक इंटरव्यू में पीएम ने कहा था कि वह एलन मस्क से पहले दो बार मिले हैं। पहली बार साल 2015 में एक फैक्ट्री के दौरे के वक्त और दूसरी बार पिछले साल अमेरिका की यात्रा के समय मुलाकात हुई थी। साल 2015 में फैक्ट्री के दौरे को याद करते हुए उन्होंने कहा कि टेस्ला के सीईओ ने उनसे मिलने की अपनी पूर्व-निर्धारित मीटिंग रद्द कर दी थी।

साथियों बात अगर हम एलन मस्क की भारत आने की उत्सुकता की करें तो, अप्रैल में मस्क ने अपने भारत दौरे की पुष्टि की थी। उन्होंने एक्स को लिखा था,भारत में पीएम से मुलाकात के लिए उत्सुक हूं।पिछले साल जून में पीएम की अमेरिका यात्रा के दौरान,मस्क ने उनसे मुलाकात की और भारतीय बाजार में टेस्ला के प्रवेश के बारे में आशा व्यक्त करते हुए 2024 में भारत आने के अपने इरादे का उल्लेख किया।

## विचार

# जल की एक-एक बूंद जीवन के लिए बहु उपयोगी

**संजीव ठाकुर**



**पृथ्वी पर पीने की योग्य जल की उपलब्धता घटती जा रही है वहीं विकास एवं औद्योगिकरण की प्रक्रिया में जल का अंधाधुंध दोहन किया जा रहा है। मानव के जल दोहन का बेतरतीब उपयोग जल चक्र के संतुलन को नष्ट कर रहा है। प्रकृति में मानव के हस्तक्षेप के कारण ही ग्लोबल वार्मिंग, जलवायु परिवर्तन, वनों की कटाई से ताजे जल के संकट को कगार पर लाकर खड़ा कर दिया है। शहरों में प्रति व्यक्ति जल की उपलब्धता का स्तर निरंतर कम होते जा रहा है।**

जल की एक बूंद का संरक्षण मानवीय जीवन के संरक्षण के सदृश्य है। जल की एक-एक गुण जीवन के लिए बेशकीमती और बहु उपयोगी है। जल की बर्बादी भविष्य के बहुत बड़े खतरे को इंगित करती है, यदि पृथ्वी पर जल नहीं होगा तो जीवन की संभावनाएं भी विलुप्त हो जाएंगीं। सामान्य तौर पर देखेंगे तो जल की उपलब्धता को लेकर कोई विशेष संकट नजर नहीं आता है। किंतु वास्तविकता इससे बिल्कुल अलग है। पृथ्वी की सतह का लगभग 70ः भाग जल से आच्छादित हैसपृथ्वी पर उपलब्ध समस्त जल का 97ः समुद्र खारा पानी है, जो उपयोग के योग्य नहीं है सअतः मात्र 3ः जल ही पीने के योग्य है,इससे भी कम जल नदी, तालाब, झीलों भूगर्भीय जल के रूप में मनुश्य व अन्य जीवों के पीने के योग्य मीठे पानी के रूप में उपलब्ध है, परिणामतः पीने योग्य जल का संकट और गहराता जा रहा है। यदि मानव सभ्यता के इतिहास को खंगाले तो यह तथ्य सामने आता है कि बड़ी-बड़ी सभ्यता एवं संस्कृतियाँ नदी, घाटियों में विकसित और फलित हुई है। जल अपने स्वरूप में निर्मलता धारण किए हुए पवित्रता का प्रतीक है, लेकिन इसकी क्रमिक रूप से घटती मात्रा में जल संकट अस्तित्व को खतरा उत्पन्न कर दिया है। जल अब राज्यों तथा विभिन्न देशों के मध्य बड़े विवाद का कारण बनता जा रहा है। जल मनुष्य के जीवन का अत्यंत आवश्यक स्वरूप है जल के बिना कल नहीं है और जल ही जीवन कहलाता है। ऐसे में जल का संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। जल का विवाद सिर्फ गांव तहसील के जिलों में नहीं बल्कि राज्य और देशों के बीच भी गहराता जा रहा है। इसका बहुत बड़ा उदाहरण कावेरी, मांडवी जैसे अंतरराष्ट्रीय नदियों गंगा, ब्रह्मपुत्र में नील, सतलज जैसी अंतरराष्ट्रीय नदियां हैं। वैश्विक जल संकट से सर्वाधिक प्रभावित क्षेत्र एशिया, अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया महाद्वीप, अफ्रीकी देशों में एक बड़ी आबादी जला भाव के कारण काल कब रीत हो रही है। जल संकट की यह समस्या और अंतरराष्ट्रीय स्वरूप धारण कर चुकी है एवं अंतरराष्ट्रीय मंचों पर इसकी मांग उठाई जा रही है।

पृथ्वी पर पीने की योग्य जल की उपलब्धता घटती जा रही है वहीं विकास एवं औद्योगिकरण की प्रक्रिया में जल का अंधाधुंध दोहन किया जा रहा है। मानव के जल दोहन का बेतरतीब उपयोग जल चक्र के संतुलन को नष्ट कर रहा है। प्रकृति में मानव के हस्तक्षेप के कारण ही ग्लोबल वार्मिंग, जलवायु परिवर्तन, वनों की कटाई से ताजे जल के संकट को कगार पर लाकर खड़ा कर दिया है। शहरों में प्रति व्यक्ति जल की उपलब्धता का स्तर निरंतर कम होते जा रहा है। इसका सबसे सर्वोत्तम उदाहरण दक्षिण अफ्रीकी शहर कैपटाउन एवं भारत के बंगलुरु शहरों में असीमित जनसंख्या के दबाव में लहराते जल संकट के कारण इन शहरों में यानी नो वाटर सप्लाई दिवस तक की नौबत आ गई है। संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा प्रकाशित जल विकास रिपोर्ट 2018 में पीने योग्य जल की घटती उपलब्धता एवं गहराता संकट को लेकर महायुद्ध की संभावनाओं का खुलासा किया है। जल संकट को लेकर अगले महा युद्ध की संभावनाओं को यदि टटोलने तो यह बात सत्य प्रतीत होती है जिसमें एक तरफ जलाभाव वाले देश का होगें तथा दूसरा पक्ष जलाधिक्य वाले देशों की होगी। जल के निरंतर गिरते स्तर को लेकर ऐसी विकराल स्थितियां उत्पन्न हो सकती है जिसके कारण मानवता तार-तार हो जाएगी और जल का उपयोग करने वाले जैविक जीवन का स्थिति समाप्त हो जाएगा।

अतः यह उचित होगा कि समय रहते हम इस संकट को भाप लें एवं जल जैसे हम उन संसाधन के संरक्षण को लेकर युद्ध स्तर पर उचित कदम उठाएं। यूनाइटेड नेशंस वाटर अभियान के माध्यम से जल संकट से विश्व को अवगत करवाते हुए जल संकट के संबंध में आमजन को जागरूक करने का प्रयास कर रहा है। दूसरी तरफप्रसिद्ध ऑर्गेनाइजेशन जल संकट से विश्व को अवगत कराते हुए जल संरक्षण के संबंध में सराहनीय प्रयास कर रहे हैं। आवश्यकता से अधिक जल प्रयोग करने से धरती का जलस्तर कृषकों की पहुंच से परे होता जा रहा है। वैश्वीकरण व उपभोक्तावादी संस्कृति से प्रेरित अंधाधुंध विकास की दौड़ में जल स्रोतों को प्रदूषित कर मानव समाज ने स्वयं अपने पैरों पर कुल्हाड़ी मारने का काम किया है। बढ़ती जनसंख्या भी वैश्विक जल संकट का एक बड़ा कारण है। यदि जनसंख्या की वृद्धि की रफ्तार से होती रही तो अगले दशक में वैश्विक जनसंख्या में वृद्धि की दर से 25ः जनसंख्या को प्रयोग जितना ही पानी उपलब्ध हो पाएगा। यह भयानक जल संकट तथा वैश्विक खतरे की ओर इंगित करता है। वैश्विक स्तर पर जल विवाद लगातार होते रहते हैं मध्य एशिया में कैस्पियन सागर के जल बंटवारे संबंधी विवाद का समाधान तटवर्ती देशों द्वारा संधि के माध्यम से किया गया है। भारतीय संदर्भ में देखा जाए तो स्थिति और भी जटिल होती जा रही है देश की जनसंख्या तो विश्व की जनसंख्या का लगभग 17.5 प्रतिशत है, लेकिन ताजे जल की उपलब्धता 1 प्रतिशत से भी कम है। राजस्थान में स्थिति जल संकट की बड़ी भयावह है वहां जल की उपलब्धता 1 प्रतिशत से भी बहुत नीचे जल संकट वहां की नियति बन गई है।

2040 तक भारत के तीन चौथाई शहरों को जल संकट से जूझना होगा। अब हमारा दायित्व तथा कर्तव्य होगा कि समाज को जल संरक्षण के लिए प्रेरित करें एवं जल संरक्षण से संबंधित विधि तथा तकनीक से परिचित कराएं एवं उसका समुचित उपयोग करें। व्यक्ति स्वयं जल का संरक्षण करें तथा दूसरों को भी जल संरक्षण के लिए प्रेरित करें ताकि हम आने वाले कल के लिए जल संकट रूपी विकराल एवं जनता हर समस्या का सामना आसानी से कर पाएं। जल संकट के महाविनाश से यदि बचना है तो जल संरक्षण हर नागरिक को एक कर्तव्य की तरह करना होगा।

## शिवराज की जीत का कीर्तिमान बनाएंगी लाडली बहनें

**प्रमोद भार्गव**

मध्य प्रदेश लोकसभा चुनाव में पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को लाडली बहनों का साथ मिल गया तो वे मध्य प्रदेश में सबसे ज्यादा मतों से जीतने वाले प्रत्याशी हो सकते हैं। वैसे भी मतदान में इस आधी आबादी की लगभग बराबर की हिस्सेदारी है। प्रदेश में 2,73,87,122 महिला मतदाता हैं, जो कुल मतदाताओं की 47.75 फीसदी हैं। इनमें से एक करोड़ 29 लाख से अधिक लाडली बहनों को 1250 रुपए प्रतिमाह मिल रहे हैं। उज्ज्वला योजना की 80 लाख और पात्र लाडली बहनों को 450 रुपए में रसोई गैस सिलेंडर मिल रहा है। महिलाओं को सरकारी नौकरियों में 35 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान मुख्यमंत्री शिवराज के कार्यकाल में ही हुआ है। महिला स्व-सहायता समूह की 62 लाख सदस्यों में से 15 लाख लखपति दीदी हैं। विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा, भारिया और सहरिया जनजाति की 2 लाख 33 हजार महिलाओं को पोषाहार भत्ता का प्रावधान शिवराज के समय ही हुआ था। इसीलिए हम देख रहे हैं कि विदिशा संसदीय क्षेत्र से शिवराज के प्रत्याशी घोषित होने के बाद शिवराज भैया को चुनाव लड़ने के लिए धन दे रही हैं। विदिशा को शिवराज का गढ़ माना जाता है। 19 साल बाद शिवराज इस सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। जनता ने उनसे भाई और मामा का रिश्ता बना हुआ है। भांजे-भांजी उनके लिए गुल्लक में पैसे इकट्ठे करके दे रहे हैं। एक मोची ने शिवराज को 10 रुपए का चंदा दिया। यहां धनराशि को छोटी या बड़ी राशि के रूप में देखने की बजाय उसे शिवराज की लोकप्रियता के रूप में देखने की जरूरत है। 2018 के विधानसभा चुनाव की तुलना में 2023 में 1.52 प्रतिशत मतदान अधिक हुआ था। इसे लाडली बहनों का करिश्मा बताया गया है। शहर से कहीं ज्यादा ग्रामीण मतदाता की मतदान के प्रति जागरूकता दिखी है। इसीलिए ग्रामों में महिलाओं की लंबी-लंबी कतारें देखने में आईं थीं। साफ है, जिस उत्साह से मतदाता घर से बाहर निकला उससे उसका लोकतंत्र के प्रति दायित्व बोध झलका ही, शिवराज के प्रति विश्वास भी नजर आया था। यही करिश्मा विदिशा लोकसभा सीट पर दिखाई देगा। इस बहुचर्चित विदिशा संसदीय क्षेत्र में 7 मई को मतदान होना है। यह सीट वैसे भी जनसंघ और भाजपा का गढ़ मानी जाती रही है। यहां से पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी से लेकर सुषमा स्वराज भी लोकसभा का चुनाव जीत चुकी हैं। स्वयं शिवराज इस सीट से पांच बार चुनाव जीत चुके हैं। यहां से कांग्रेस ने प्रताप भानु शर्मा को उम्मीदवार बनाया है। शर्मा सातवीं और आठवीं लोकसभा में विदिशा से सांसद रह चुके हैं। वे कोई ज्यादा दमखम दिखा पाएंगे ऐसा लग नहीं रहा है। इसलिए शिवराज का पलड़ा ही भारी दिख रहा है।



## राशिफल

**मेषः**- समय के साथ समझौता करके चलने का प्रयास करें। कार्यक्षेत्र को ही अपनी पूजा समझें और स्वयं को उसी ओर केंद्रित करें। पत्नी के साथ मधुर वणी का प्रयोग करें।

**वृषभः**- हर घटना से आपको सीख लेने की जरूरत है। नये क्षेत्र में निवेश से पूर्व जानकार लोगों से विचार-विमर्श करें। भविष्य के प्रति निराशाजनक विचारों को मन पर हावी न होने दें।

**मिथुनः**- निकट संबंधों में मधुर संवाद से अपनी सुंदर छबि बनायें। कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओं की पूर्ति होने के आसार हैं। सामान्य दिनर्चया के साथ बीत रहे जीवन में उत्साह का अभाव रहेगा।

**कर्कः**- भविष्य संबंधी कुछ चिंताएं उत्पन्न होंगी। किसी कार्य को छोटा-बड़ा समझने के बजाए अपने कर्त्तव्यों का सही ढ़ंग से निर्वहन करें।

**सिंहः**- पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति हेतु चिंता उत्पन्न होगी। अपने स्वास्य के प्रति लापरवाही न बरतें एवं जीवन साथी के स्वास्य के प्रति भी ध्यान दें। किसी बड़े आयोजन हेतु समुचित साधन लिए मन प्रयत्नशील होगा।

**कन्याः**- परिवार की छोटी-छोटी बातों बाहरी लोगों से न कहें। भावना से उद्वेलित मन संबंधियों के सुख-दुख के प्रति चिंतित होगा। किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। रोजगार में व्यस्तता रहेगी।

**तुलाः**- महत्वाकांक्षी अभिलाषाएं मन में असन्तुिष्ट पैदा करेंगी। तामसिक विचारों को मन से दूर ही रखें। विपरीतलिंगी संबंधों के प्रति आकर्षण बढ़ेगा।

**वृश्चिकः**- स्वयं को सही दिशा और लक्ष्य की ओर केंद्रित करें तभी जीवन में सही प्रगति कर सकते हैं। किसी पुराने संबंध के प्रति विशेष निकटता की अनुभूति करेंगे।

**धनुः**- किसी भी प्रयास में आर्थिक अभाव अवरोधक होगा। साहस व बुद्मित्ता से पुरानी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर सुख की अनुभूति करेंगे। विषम स्थितियों के मध्य परिश्रम व लगन से प्रगति की ओर अग्रसर होंगे।

**मकरः**- बुद्धिमत्ता व परिश्रम का मिले-जुले संयोग का भरपूर लाभ उठाएंगे। आर्थिक क्षेत्र में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। सफलताएं आंतरिक क्षमताओं का एहसास कराएंगी।

**कुंभः**- शासन-सत्ता में व्यस्तता बढ़ेगी। मन आर्थिक सुदृढ़ता हेतु चिंतित होगा। सामाजिक सक्रियता से मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी। राजनीति को ग्रहों की अनुकूलता का लाभ मिलेगा।

मीनः- कोई छोटी बात भी परिवार में तनाव का कारण बन सकती है। महत्वपूर्ण प्रयत्न की सार्थकता हेतु नये उत्साह का संचार होगा। सामाजिक गतिविधियों में क्रियाशीलता बढ़ेगी। भावनात्मक अभिव्यक्ति से संबंध मधुरत होंगे।

# भारी उपलब्धियों के बीच कम मतदान

**प्रेम शर्मा**



**विशेषज्ञ मतदान प्रतिशत में गिरावट के बाद सवाल उठा रहे हैं कि क्या बीजेपी नेताओ की तरह ही बीजेपी वोटर्स भी कहीं अति आत्मविश्वास के शिकार तो नहीं हो गए ? क्या बीजेपी के वोटर्स मतदान केंद्र तक नहीं पहुंचे ? हालांकि इसे लेकर कोई विस्तृत डेटा अभी सामने नहीं आया है जिसके आधार पर इस बात के दावे किए जाए कि किस क्षेत्र के वोटर्स का टर्नआउट अधिक रहा है और किसका कम रहा। बीजेपी की तरफसे मिशन 400 को लेकर यह माना जा रहा था कि बीजेपी अपने मजबूत राज्य यूपी, बिहार, राजस्थान, मध्य प्रदेश में पहले से ही बेहतर हालात में है। वहीं उसे उम्मीद है कि इन राज्यों में वो एक बार फिर शानदार प्रदर्शन करेगी और 2014, 2019 की तरह ही शानदार प्रदर्शन करेगी। हालांकि मतदान प्रतिशत में हुई बड़ी गिरावट के बाद बीजेपी नेतृत्व की परेशानी बढ़ सकती है। हालाकि पहले चरण में कम मतदान को लेकर कांग्रेस, सपा सहित अन्य विपक्षी दल इसे भाजपा सरकार की नाकामयाबी की ओर इशारा कर रहे है। बीजेपी इस चुनाव में मिशन साउथ को लेकर बेहद एक्टिव नजर आयी है।**

सत्तारूढ़ पार्टी की एक दो नही बल्कि सैकड़ों उपलब्धियों के बीच पहले चरण का मतदान निराशाजनक ही माना जा रहा है। एक तरफसत्तारूढ़ दल चार सौ पार का दावा कर रहा है। मतदाताओं के बीच अनेकानेक उपलब्धि और आने वाले समय में बड़े से बड़े कामों का दावा करने के बावजूद मतदान का प्रतिशत गिरने से एक बारगी जनता में चुनाव के प्रति निराशाजनक महौल वाकई चिन्ता का विषय है। लोकसभा चुनाव 2024 के पहले चरण के लिए देश की 21 राज्यों की 102 सीटों पर लगभग 64 प्रतिशत वोट डाले गए हैं। पिछले चुनाव की तुलना में मतदान का प्रतिशत इस चुनाव में कम देखने को मिला है। पिछले चुनाव में लगभग 70 प्रतिशत मतदान हुए थे। देश में त्रिपुरा को छोड़कर किसी भी राज्य में मतदान का आंकड़ा 80 प्रतिशत तक नहीं पहुंचा है। सबसे अधिक त्रिपुरा में 80.6 प्रतिशत वोट डाले गए। बंगाल में लगभग 78 प्रतिशत मतदान की सूचना है. वहीं पूरे देश में सबसे कम मतदान बिहार में देखने को मिला। बिहार में महज 47.50 प्रतिशत वोटिंग की खबर है। ऐसे में यह सवाल उठ रहे हैं कि वोटर्स मतदान केंद्र तक क्यों नहीं पहुंचे ? ऐसे में भारतीय जनता पार्टी के लिए चिंता बढ़ सकती है क्योंकि राष्ट्रीय राजनीति में मोदी युग के उदय के बाद वोट प्रतिशत में लगातार बढ़ोतरी देखने को मिली थी। 2014 और 2019 में मत प्रतिशत अच्छे रहे थे। इस चुनाव में बीजेपी ने अपने लिए मिशन 400 का लक्ष्य रखा है। बीजेपी की तरफ से इस बात के दावे लगातार होते रहे हैं कि पार्टी आसानी से इस लक्ष्य तक पहुंच जाएगी।

विशेषज्ञ मतदान प्रतिशत में गिरावट के बाद सवाल उठा रहे हैं कि क्या बीजेपी नेताओ की तरह ही बीजेपी वोटर्स भी कहीं अति आत्मविश्वास के शिकार तो नहीं हो गए ? क्या बीजेपी के वोटर्स मतदान केंद्र तक नहीं पहुंचे ? हालांकि इसे लेकर कोई विस्तृत डेटा अभी सामने नहीं आया है जिसके आधार पर इस बात के दावे किए जाए कि किस क्षेत्र के वोटर्स का टर्नआउट अधिक रहा है और किसका कम रहा। बीजेपी की तरफसे मिशन 400 को लेकर यह माना जा रहा था कि बीजेपी अपने मजबूत राज्य यूपी, बिहार, राजस्थान, मध्य प्रदेश में पहले से ही बेहतर हालात में है। वहीं उसे उम्मीद है कि इन राज्यों में वो एक बार फिर शानदार प्रदर्शन करेगी और 2014, 2019 की तरह ही शानदार प्रदर्शन करेगी। हालांकि मतदान प्रतिशत में हुई बड़ी गिरावट के बाद बीजेपी नेतृत्व की परेशानी बढ़ सकती है। हालाकि पहले चरण में कम मतदान को लेकर कांग्रेस, सपा सहित अन्य विपक्षी दल इसे भाजपा सरकार की नाकामयाबी की ओर इशारा कर रहे है। बीजेपी इस चुनाव में मिशन साउथ को लेकर बेहद एक्टिव नजर आयी है। पीएम मोदी की तरफ से दक्षिण के राज्यों में लगातार सभा की जा रही है। बीजेपी को 400 के लक्ष्य तक पहुंचने के लिए किसी भी हालत में दक्षिण भारत के राज्यों में भी उत्तर भारत की सफलता के साथ ही अच्छा प्रदर्शन करना होगा. हालांकि ऐसे में सवाल यह उठ रहे हैं कि क्या मिशन साउथ के चक्कर में बीजेपी की तैयारी राजस्थान, यूपी, मध्य प्रदेश, बिहार जैसे राज्यों में कमी रह गयी। बिहार में पिछले लोकसभा चुनाव में इन सीटों पर लगभग 53 प्रतिशत मतदान हुए थे वहीं इस चुनाव में लगभग 47 प्रतिशत वोट ही पड़े हैं। बात अगर उत्तर प्रदेश की करें तो इस चरण में जिन सीटों पर मतदान हुए हैं उन सीटों पर पिछले चुनाव में लगभग 67 प्रतिशत मतदान हुए थे। वहीं इस बार 57 प्रतिशत वोट ही पड़े हैं. मध्य प्रदेश में भी पिछले चुनाव की तुलना में इस चुनाव में वोट प्रतिशत में भारी गिरावट देखने को मिले हैं। मध्य प्रदेश में पिछले चुनाव में 75 प्रतिशत वोट डाले गए थे वहीं इस चुनाव में महज 63 प्रतिशत वोट पड़े हैं। राजस्थान में 2019 के चुनाव मे 64 प्रतिशत वोट पड़े थे वहीं इसबार यह आंकड़ा महज 57 प्रतिशत के आसपास रहा है। हालांकि एक तरफ जहां कम मतदान को लेकर कुछ विशेषज्ञ बीजेपी के लिए खतरे की घंटी बता रहे हैं। वहीं कुछ आंकड़ें बताते हैं कि चुनाव में कम मतदान होना इस बात के संकेत हो सकते हैं कि जनता बदलाव नहीं चाहती है। कई बार ऐसा राज्यों के चुनावों में देखा गया है कि जब बंपर वोटिंग हुई है तो सत्ता में बदलाव हुए हैं। सरकार को बदलने के लिए अधिक मतदान होते रहे हैं। कम मतदान का लाभ सत्ताधारी दलों को मिला है। ज्ञात हो कि पिछले 12 में से 5 चुनावों में मतदान प्रतिशत में गिरावट देखने को मिले है। जब-जब मतदान प्रतिशत में कमी हुई है 4 बार सरकार बदल गयी है। वहीं एक बार सत्ताधारी दल की वापसी हुई है। 1980 के चुनाव में मतदान प्रतिशत में गिरावट हुई और जनता पार्टी की सरकार सत्ता से हट गयी।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
( *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887

# जिला टापर सोनाली वर्मा का हुआ सम्मान

**सोनाली वर्मा ने 96.6 प्रतिशत अंक हासिल कर इंटरमीडिएट की परीक्षा में प्रदेश में पाया सातवां स्थान**

**चरखारी,महोबा। समृद्धि न्यूज**



इंटरमीडिएट परीक्षा में प्रदेश में सातवां स्थान प्राप्त करने वाली चरखारी कस्बे की छात्रा कुमारी सोनाली वर्मा का पीएम श्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज चरखारी में भव्य तरीके से सम्मान किया गया। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज चरखारी में इंटरमीडिएट परीक्षा में पूरे प्रदेश में सातवां स्थान व जिला टापर सोनाली वर्मा को सभी ने उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। प्रधानाचार्य डॉ सरोज गोस्वामी एवं सभी शिक्षिकाओं ने 96.6 प्रतिशत अंक पाने वाली सोनाली वर्मा के बारे में कहा कि छात्रा ने केवल चरखारी ही नहीं बल्कि पूरे जिले का नाम रोशन किया है। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज चरखारी में आयोजित मेधा सम्मान समारोह के अवसर पर कॉलेज की प्रधानाचार्य डॉ सरोज गोस्वामी ने छात्रा कुमारी सोनाली वर्मा एवं उनके माता-पिता को धन्यवाद दिया। जिसकी वजह से इंटर कॉलेज का नाम जिले में ही नहीं बल्कि प्रदेश में रोशन हुआ है।

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय चरखारी के प्राचार्य प्रोफेसर डॉ आनंद गोस्वामी ने छात्रा कुमारी सोनाली वर्मा के उज्जवल भविष्य की कामना की।

तीन अन्य छात्राओं वीणा दिवेदी, स्नेहा अनुरागी तथा काजल अनुरागी ने भी अच्छा प्रदर्शन किया। कॉलेज की प्रवक्ता सुषमा, कुमारी निशा आजाद, कुमारी प्रियंका आर्या, वंदना सिंह, किरण, अर्चना चौहान, कुमारी कमलेश, निधि सेन, निशि, ज्योति, कोमल मिश्रा, आरती, रचना, संदीप श्रीवास्तव सहित सभी ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उनके पिता पुष्पेंद्र वर्मा एवं माता द्रौपदी को इस मुकाम तक बच्ची को ले जाने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया गया। कार्यक्रम का संचालन राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय चरखारी के डॉ दीपक सिंह ने किया।

# पुलिस ने गुमशुदा युवक को परिजनों से मिलाया

- परिवारीजनों ने पुलिस के प्रति आभार जताया
- जिले में चलाया जा रहा आपरेशन मुस्कान

**महोबा। समृद्धि न्यूज**



पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता पहल ऑपरेशन मुस्कान का असर दिख रह है। शहर की सुभाष चौकी पुलिस ने ऐसा ही सराहनीय कार्य किया। 16 अप्रैल को मोहल्ला कस्बाथाई निवासी अजय जोशी ने अपने पुत्र सुमित जोशी की गुमशुदा होने की सूचना दी थी। जिस पर गुमशुदगी दर्ज कर गुमशुदा बालक की खोजबीन किए जाने के पुलिस ने प्रयास शुरू किए। चौकी प्रभारी सुभाष एसआई सुजीत कुमार जायसवाल, कां उपेन्द्र प्रताप सिंह व कां धर्मेंद्र की खोजबीन में लग गये। 20 अप्रैल को रेलवे स्टेशन के पास से गुमशुदा 20 वर्षीय सुमित जोशी पुत्र अजय जोशी को सकुशल बरामद करने में सफलता प्राप्त की है। पूछताछ में बालक ने बताया कि वह बहक कर अपने घर से भाग गया था और वापस अपने घर नहीं जाना चाहता है, इस पर बालक की कार्उसिलिग की गई व परिवार के महत्व को बताया गया। चौकी प्रभारी सुभाष द्वारा बच्चे को अपनी अभिरक्षा में लेकर भोजन कराया गया व उसके परिवारीजनों को सूचित किया गया।

इस सूचना पर बच्चे के परिवारीजन पिता अजय जोशी चौकी सुभाष पहुंचे। जिन्होने बताया कि वह अपने बच्चे की खोजबीन में काफी परेशान थे व थक-हार गये थे। गुमशुदा बच्चे एवं उसके पिता/परिवारीजनों ने भावुक होकर पुलिस के प्रति आभार प्रकट किया है।

## धूमधाम से मनाई गई भगवान महावीर की जयंती

**महोबा।** हर साल की तरह इस बार भी भगवान महावीर स्वामी की जयंती शहर में धूमधाम से मनाई गई। शहर के सब्जी मंडी स्थित जैन मंदिर से भगवान महावीर स्वामी की जयंती के अवसर पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में जैन समाज के साथ ही नगर के लोगों ने हिस्सा लिया। शोभायात्रा में लोग डीजे की धुन पर भजनों पर नृत्य करते हुए जा रहे थे। सभी ने भगवान महावीर स्वामी के जयकारे लगाए। भगवान महावीर स्वामी का संदेश जिओ और जीने दो भी दिया। शोभायात्रा का जगह-जगह जोरदार ढंग से स्वागत कर पुष्प वर्षा की गई। विभिन्न स्थानों से होते हुए शोभयात्रा जैन मंदिर में समाप्त हुई। यहां पाठ हुआ और वक्ताओं ने महावीर स्वामी के जीवन पर प्रकाश डाला।

# फरहीन जाहिद ने हासिल की 241वीं रैंक

- संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा पास कर फरहीन ने मंडल के बांदा और महोबा जिले का नाम किया रोशन

**महोबा। समृद्धि न्यूज**



परिजनों के साथ फरहीन जाहिद।

संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में 241 वी रैंक हासिल करने वाली फरहीन जाहिद ने अपने ननिहाल महोबा और गृह जनपद बांदा का नाम गर्व से रोशन कर दिया। फरहीन की इस बेमिसाल कामयाबी से उनके महोबा ननिहाल निवासी मामू वाजिद और साजिद के परिजनों में खुशी की लहर दौड़ गई है। उनके इस प्रदर्शन से महोबा जनपद का पूरा ननिहाल परिवार और बांदा जनपद का पूरा दादी का परिवार बेहद खुश है। बता दें कि संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में 241 वी रैंक हासिल करने वाली फरहीन जाहिद की शुरुआती शिक्षा बांदा के सेंट मैरी स्कूल में हुई। फरहीन ने यहां से इंटरमीडिएट की परीक्षा पास की और उसके बाद बीटेक की परीक्षा पास की

संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा पास करने से पहले फरहीन जाहिद यूपीसीएस में 14वीं रैंक हासिल कर चुकी है और फिलहाल फरहीन उत्तर प्रदेश के सीतापुर जनपद में डिप्टी कलेक्टर के पद पर तैनात है फरीन जाहिद के पिता जाहिद अली कोषागार में कार्यरत रहे और अब सेवानिवृत हो चुके हैं। जिले के लोगों ने उन्हें बधाई दी है और खुशी जाहिर की है।

# दबंगों ने पति-पत्नी को पीटकर किया लहूलुहान

- पुलिस ने आरोपी दंपती सहित चार पर लिखा मुकदमा

**महोबा। समृद्धि न्यूज**

पड़ोसियों ने पति पत्नी की पिटाई कर दी और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़ितों की सूचना पर पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ धारा 323, 504, 506 व 452 के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है। खरेला कस्बे के मुहाल हले निवासी रामकुंवर पत्नी छेदालाल ने पुलिस अधीक्षक को सौंपे शिकायती पत्र में बताया कि उसका पड़ोसी रामआसरे उसे तरह-तरह से परेशान करता है। 9 अप्रैल की सुबह करीब 7 बजे वह अपने दरवाजे पर काम कर रही थी। तभी रामआसरे व उसके पुत्र भूपत व लखनलाल, पत्नी मकुइया अपने सबमर्सिबल से उसके दरवाजे में पानी डाल दिया। जिससे उसके घर पर कचड़ा आ गया। मना किया तो गाली गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद ये लोग उसे घर आए और उसके साथ मारपीट कर दी। जिससे उसके सिर में गंभीर चोटें आयी।

शोर मचाने पर पति छेदालाल आए तो इन लोगों ने उसके साथ भी मारपीट कर दी। पुलिस ने सूचना पर कोई सुनवाई नहीं की। पीड़ितों ने पुलिस अधीक्षक को मामले की जानकारी दी। एसपी के आदेश पर रामआसरे, उसकी पुत्र भूपत, लखनलाल व पत्नी मकुइया के खिलाफ धारा 323, 504, 506 व 452 के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

# क्षेत्राधिकारी ने विवेचना लंबित रखने का पूछा कारण

- संबंधित पुलिस कर्मियों को दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश

**महोबा। समृद्धि न्यूज**




पुलिस कर्मियों के साथ बैठक करते सीओ।

पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता के निर्देशन पर क्षेत्राधिकारी चरखारी रविकांत गौड़ द्वारा थाना खरेला में प्रभारी निरीक्षक खरेला गोपाल चन्द्र कन्नौजिया, सभी विवेचकों एवं हल्का प्रभारियों का अर्दली रूम कर लंबित विवेचनाओं के निस्तारण, अपराधियों के विरुद्ध जारी एनबीडब्लू, बीडब्लू, हिस्ट्रीशीटर, सक्रिय अपराधी, टॉप 10 अपराधियों के खिलाफ की गई प्रभावी कार्यवाही आदि की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। इस दौरान क्षेत्राधिकारी द्वारा समस्त विवेचकों से विवेचना को लंबित रखने का कारण पूछा गया एवं अकारण विवेचनाओं को लंबित रखने वाले विवेचकों को सख्त हिदायत देते हुए अभियान के तहत विवेचनाओं का समय से निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया।

इसी क्रम में आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के दृष्टिगत रात्रि में चौराहे/ तिराहे पर चेकिंग करके अपराधियों के संचरण पर रोक लगाने सहित अन्य अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त अपराधियों का भौतिक सत्यापन करने, अवैध शराब एवं मादक पदार्थों के तस्करों व क्रय विक्रय करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए गए हैं।

## खबरें एक नजर में

### नशे में मैकेनिक ने फांसी लगाकर दी जान

**राठ, हमीरपुर।** कोतवाली के औंता गांव में मैकेनिक ने शराब के नशे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। गांव के चंद्र प्रकाश राजपूत ने बताया कि उसके दो पुत्र पुष्पेन्द्र, असवेंद्र है। उसका 23 वर्षीय पुत्र अश्वेंद्र राजपूत बाइक मैकेनिक था। वह कस्बे के गायत्री नगर में दुकान किये था। शनिवार की रात गांव में शादी समारोह में खाना खाकर घर लौटा था। तभी शराब के नशे में कमरे के अंदर गमछा से फंद्दा बनाकर फांसी में झूल गया। जब स्वजन वहां पहुंचे तो उसका शव फंद्दे पर लटका हुआ था। बताया कि उसकी शादी का रिश्ता जनपद बांदा के प्रेमपुरा में तय हो गया था। स्वजन अश्वेंद्र की आत्महत्या करने का कारण स्पष्ट नहीं कर सके। पुत्र की मौत पर मां कलां का रो रोकर बुरा हाल है। कोतवाल उमेश सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### बीस लीटर कच्ची शराब के साथ भेजा जेल

**मौदहा,हमीरपुर।** मादक पदार्थो की अवैध बिक्री व प्रतिबंध लगाने के मकसद से एक व्यक्ति को मुखबिर की सूचना पर कोतवाली पुलिस ने 20 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। आगामी लोकसभा चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए प्रशासन मुस्तैदी दिखाते हुए मादक पदार्थ की बिक्री पर प्रतिबंध लगाने के मकसद से ताबड़तोड़ कार्रवाई जिला प्रशासन के निर्देश पर कर रहे हैं इसी क्रम में मौदहा क्षेत्र के कस्बा उपरौस निवासी कल्लू पुत्र गोरेलाल 20 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ बिक्री हेतु जा रहा था तभी मुखबिर की सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस ने बीएसएल टावर के पास गिरफ्तार किया गया।

### भाजपा का हर कार्यकर्ता लड़ता है चुनावः कमलेश मिश्रा

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा विधानसभा बलहा व विधानसभा नानपारा का बूथ सम्मेलन कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष बृजेश पांडेय और मंच संचालक मंडल अध्यक्ष शिवेंद्र प्रताप सिंह ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि क्षेत्रीय अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी कमलेश मिश्र रहे। स्वागत भाषण में जिला अध्यक्ष भाजपा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं की पार्टी है और कार्यकर्ताओं के ही बल पर आज भारतीय जनता पार्टी की केंद्र में व राज्य में सरकार बनी है। आप सभी कार्यकर्ताओं के बल पर लोकसभा का चुनाव भी लड़ा जा रहा है।मुख्य अतिथि कमलेश मिश्रा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ही एक ऐसी पार्टी है जो अपने कार्यकर्ताओं का विशेष ध्यान रखती है। हमारे बीच एक कार्यकर्ता आनंद गोंड जो प्रत्याशी लोकसभा 56 के बनाए गए हैं, आप सभी कार्यकर्ता अपना पूरा मनोयोग से भारी मतों से जिताएंगे और प्रधानमंत्री के लक्ष्य को तभी पूरा कर पाएंगे।इस अवसर पर क्षेत्रीय मंत्री व प्रवासी विनोद पटेल, सांसद अक्षयवर लाल गोंड, प्रत्याशी आनंद गोंड, लोकसभा संयोजक डॉक्टर जितेंद्र त्रिपाठी, क्षेत्रीय मीडिया सह प्रभारी मनोज त्रिवेदी, विधायक नानपारा रामनिवास वर्मा, विधायक बलहा सरोज सोनकर, जिला उपाध्यक्ष रण विजय सिंह, राकेश पांडे सहित दोनों विधानसभाओं के बूथ अध्यक्ष सहित सेक्टर संयोजक व मंडल पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# वीडीओ ने दबंग से तंग आकर पुलिस को दी तहरीर

**पनवाड़ी,महोबा। समृद्धि न्यूज**



विकास खंड के एडीओ पंचायत की अगुवाई में करीब एक दर्जन सचिवों की मौजूदगी में ग्राम विकास अधिकारी ने थाने में एक दबंग व्यक्ति के खिलाफ़ लिखित तहरीर दी है।

पुलिस ने जांच कर दबंग आरोपी के खिलाफ मुक़दमा पंजीकृत करने की बात कही है। बता दें ग्राम विकास अधिकारी विनय सिंह परिहार ने एडीओ पंचायत कमलेश कुमार अनुरागी की अगुवाई में धर्मवीर, निर्देश,अभिषेक चौरसिया, अरविंद्र तिवारी,हरवंश अनुरागी,गणेश शंकर,राम आसरे यादव, स्योंढी ग्राम प्रधान प्रतिनिधि आदि की मौजूदगी में पुलिस को एक लिखित तहरीर दी है जिसमे पीड़ित ग्राम विकास अधिकारी विनय सिंह परिहार ने थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम स्योंढी निवासी एक दबंग व्यक्ति का नाम तहरीर में उल्लेख करते हुऐ गंभीर आरोपों के साथ दबंग पर मुकदमा दर्ज करने की पुनर्जोर मांग की है। आरोप है कि पूरा मामला विकास खण्ड अंर्तगत ग्राम स्योंढी से जुड़ा हुआ है। जहां विगत दिन पहले एडीओ पंचायत कमलेश अनुरागी व ग्राम विकास अधिकारी विनय सिंह परिहार की उपस्तिथि में राशन कोटा दुकान चयन प्रक्रिया हेतु खुली बोटिंग की बैठक आयोजित की गई थी। जहां राशन दुकान के लिए दो प्रत्याशी मैदान में थे। बोटिंग के समय किसी बात को लेकर दोनों प्रत्याशियों के समर्थकों के बीच झड़पें हो गईं थीं। और देखते ही देखते वहां लठवाजी के साथ पत्थर बाजी शुरू हो गई थी। आरोप है दोनों पक्ष की ओर से भीड़ उग्र देख अधिकारियों ने उक्त बैठक स्थगित कर दी थी। बैठक स्थगित हो जाने से एक पक्ष शांत हो गया था। बैठक स्थगित ना हो इसलिए दूसरे पक्ष की ओर से ग्राम विकास अधिकारी पर अनेकों दबाब बनाए जानें लगे।

उक्त प्रकरण में एक नाम उभर कर आया है जो कि ग्राम विकास अधिकारी को सोशल साइड के माध्यम से अनगिनत भद्दी भद्दी टिप्पणी व बेबुनियाद आरोप लगाकर मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहा है। उक्त दबंग से तंग आकर आज एडीओ पंचायत की अगुवाई में पीड़ित ग्राम विकास अधिकारी ने क़रीब एक दर्जन सचिवों की मौजूदगी में दबंग व्यक्ति के खिलाफ थाने में लिखित तहरीर देते हुए न्याय की गुहार लगाई है। जहां थाना प्रभारी निरीक्षक मनीष कुमार पाण्डेय ने जांच कर दबंग के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत करने की बात कही है।

# आटो की टक्कर से बाइक सवार की मौत, घायल झांसी रेफर

- पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

**महोबा। समृद्धि न्यूज**

आटो ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी और इसमें एक युवक की मौत हो गई तो वहीं दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया।

उसे झांसी मेडिकल रिफर किया गया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। घटना से मृतक के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना पनवाड़ी अंतर्गत हरपालपुर महोबा न्यू बाईपास पर पनवाड़ी की तरफ से आ रहे बाइक चालक 20 वर्षीय कृष्ण कुमार पुत्र रसिक लाल अहिरवार एवं प्रदीप कुमार पुत्र भरत अहिरवार अपने गांव बैदों की तरफ जा रहे थे, हरपालपुर की तरफ से आ रही आटो से उनकी भिडंत हो गई। आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पनवाड़ी पहुंचाया गया जहां पर डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार करके ट्रामा सेंटर झांसी रेफर कर दिया। झांसी पहुंचने से पहले कृष्ण कुमार पुत्र रशिक लाल अहिरवार की मौत हो गई और प्रदीप कुमार पुत्र भारत अहिरवार ट्रामा सेंटर झांसी में भर्ती कराया गया है।

पुलिस के आने पर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए महोबा भेजा जाएगा। इस घटना सुनकर परिवारजनों में कोहराम मच गया।

# शादी के पहले बाइक से गिरकर युवक की मौत, दूसरा घायल

**राठ, हमीरपुर। समृद्धि न्यूज**

गांव में चल रही रामलीला का सामान लेकर जा रहे युवक की बाइक महिला को बचाने के प्रयास में असंतुलित गिर गई। जिसमें बाइक सवार युवक की मौत हो गई।

युवक की शादी एक सप्ताह बाद होनी थी। जबकि बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। मुस्करा थाने के मसगांव गांव निवासी सत्यपाल ने बताया कि गांव में रामलीला का आयोजन चल रहा है। उसी का सामान लेने के लिए उसका 25 वर्षीय छोटा भाई धर्मेंद्र कुमार उर्फ कल्लू गांव के हरदौल मौर्य के साथ इमलिया गांव गए थे। जब दोनों बाइक से आ रहे थे। तभी इमलिया गांव के पास एक महिला सड़क पर भूसा डाल रही थी। उसको बचाने के प्रयास में बाइक असंतुलित हो गई और सड़क किनारे गिर गई। बाइक के पीछे बैठा धर्मेंद्र उछाल कर सड़क पर गिर गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जबकि हरदौल मौर्य बुरी तरह घायल हो गया। घायल को कानपुर रेफर किया गया। बताया कि मृतक की शादी 30 अप्रैल को थी और बारात भरुआ सुमेरपुर में आयोजित होने वाले सम्मेलन में जानी थी। मृतक लाइट फिटिंग का काम करता था। पुत्र की मौत पर मां फूलारानी का रो रो कर बुरा हाल है। घटना के बाद घर में कोहराम मच गया।

# चुनाव आयोग से मांगी फार्मासिस्ट के खिलाफ कार्रवाई करने की अनुमति

- फार्मासिस्ट ने आई ड्राप के स्थान पर दे दिया था ईयर ड्राप

**हमीरपुर। समृद्धि न्यूज**

जिले के सुमेरपुर क्षेत्र में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र(पीएचसी) में आंख के उपचार में फार्मासिस्ट द्वारा आंख की जगह कान का ड्राप देने पर बालिका के आंख के साथ खिलवाड़ करने पर प्रसासन ने चुनाव आयोग से फार्मासिस्ट के खिलाफकार्यवाही करने की अनुमति मांगी है। मुख्य चिकित्साधिकारी(सीएमओ) डॉ. गीतम सिंह ने रविवार को बताया कि पिछ्ले दस अप्रैल को सुमेरपुर क्षेत्र के विदोखरमेदनी गांव निवासी राजेश कुशवाहा की पुत्री रोशनी(21) आंख में दर्द होने पर पीएचसी में डाक्टर राहुल को दिखाया डाक्टर ने पर्चे में आख का ड्राप लिख दिया। मगर फार्मासिस्ट अरविंद द्वारा आंख के ड्राप के स्थान पर कान का ड्राप दे दिया। ड्राप डालते ही बच्ची की आंख में सूजन आ गयी खुलना बंद हो गयी आनन-फानन बालिका को जिला अस्पताल इलाज के लिये लाया गया यहां पर डाक्टरो ने मामले को गंभीरता से लेते हुये उसे चित्रकूट इलाज के लिये रेफर कर दिया। बालिका का भाई अजय कुशवाहा ने सीएमओ से लिखित शिकायत की इस पर डाक्टर राहुल का कहना है कि उसने पर्चे में आख ड्राप लिखा था। फार्मासिस्ट ने धोखे से ईयर ड्राप पकड़ा दिया था जिससे बालिका की आखे में संक्रमण कर गया। मामले को गंभीरता से लेते हुये जिलाधिकारी ने सीएमओ से फार्मासिस्ट के बारे में पूरी रिपोर्ट लेकर चुनाव आयोग से कार्यवाही करने की संस्तुति मांगी है।

सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी (एडीईओ) एसके शुक्ला ने बताया कि आयोग से क्लीन चिट मिलने के बाद फार्मासिस्ट के खिलाफ शासन दंडात्मक कार्यवाही करेगा। सीएमओ ने बताया कि मामला गंभीर है, फार्मासिस्ट के मामले में रिपोर्ट जिलाधिकारी को भेजी जा चुकी है। कार्यवाही होगी।

## युवक की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत

**मौदहा,हमीरपुर।** क्षेत्र के राजमार्ग में बीती शाम साली की शादी से वापस लौट रहे बाइक सवार युवक की बाइक में अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गयी।शादी वाले घर में छाया खुशी का माहौल मातम में बदल गया। कोतवाली पुलिस ने मृतक के शव को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र बिवांर के ग्राम खड़ेही निवासी राजेश कुमार पाल (33) पुत्र मैया दीन नगर के शिवपुरी मोहल्ले में रहता है। 20 अप्रैल को उसकी साली की शादी होने के चलते वह अपनी पत्नी व बच्चों को बाइक में लेकर ग्राम रतौली गया था। शनिवार की रात जब वह रतौली से वापस लौट रहा था तभी राजमार्ग पर में राठ मोड पर अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक पर टक्कर मार दी जिससे राजेश बाइक समेत सड़क पर गिर घायल हो गया।

# बाप ने की बेटे की हत्या, हड्डियां तालाब में फेंकी



**मितौली खीरी। समृद्धि न्यूज**

एक बाप ने अपने ही पुत्र की हत्या कर उसका शव जला दिया और हड्डियां तालाब में डाल दी।



पुलिस ने हत्यारे पिता की निशानदेही पर तालाब से हड्डियां बरामद की है। मितौली थाना क्षेत्र के गणेशपुर गांव की रहने वाली नीलम ने थाना मुख्यालय पर ससुर पर शक जाहिर करते हुए 20 अप्रैल को पति विजेंदर की गुमशुदगी दर्ज कराई थी। थाना प्रभारी मितौली राजू राव ने बताया कि बिजेंदर के पिता राम नक्षत्र ने पूछताछ में बताया कि पहले उसने अपने बेटे के शव को खेत में जलाया और उसके बाद उसके अवशेष को गांव के किनारे नहर के पास तालाब में डाल दिया। उसकी निशान देही पर पुलिस ने तालाब से हड्डियां बरामद की है। थाना प्रभारी ने बताया कि इस मामले में फारेंसिक टीम की भी मदद ली जा रही है। फिलहाल बेटे के हत्यारे पिता को पुलिस ने हिरासत में लेकर पूंछतांछ कर रही है।

मृतक विजेंदर की उम्र लगभग 30 वर्ष बताई जा रही है।सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार विजेंद्र की पत्नी नीलम अपने मायके गई हुई थी। नीलम रामनवमी को अपने मायके से घर वापस आई तो उसका पति घर पर नहीं मिला। पत्नी ने ससुर पर सक करते हुए मितौली पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने आरोपी पिता को हिरासत मे ले लिया है।

# मानव हर रोज शरीर के अन्दर ले रहा है पांच ग्राम प्लास्टिक

**हमीरपुर। समृद्धि न्यूज**

सोमवार को पृथ्वी दिवस है। इस वर्ष पृथ्वी दिवस को गृह बनाम प्सास्टिक के रुप में मनाया जायेगा। बैज्ञानिकों का कहना है कि हर रोज मानव किसी न किसी रुप में पांच ग्राम प्लास्टिक शरीर के अन्दर ले रहा है। पृथ्वी दिवस में प्लास्टिक से धरती को बचाने की मुहिम चलायी जा रही है। विज्ञान एवं पर्यावरण बैज्ञानिक सुशील दिवेदी का कहना है कि पहली पृथ्वी दिवस 22 अप्रैल 1970 को मनाया गया था। तब से हर साल पृथ्वी दिवस मनाया जा रहा है। धरती पर आज इंसान पूरी तरह प्लास्टिक से घिर चुका है,मानव प्लास्टिक खा रहा है पी रहा है पहन रहा है,इसी के साथ वह प्लास्टिक से अनेको समस्याएं लेकर आ रहा है।आज देश में हम हर साल करीब 30 करोड़ टन प्लास्टिक कचरा फैला रहे हैं, जो कि सम्पूर्ण मानव जाति के भार के बराबर है। आज दुनिया भर के लिए अब प्लास्टिक एक बड़ा सिरदर्द बन चुका है। समुद्र की गहराई से लेकर पहाड़ की चोटियों तक इंसान ने प्लास्टिक के छोटे-छोटे टुकड़ों से ग्रह को पाट दिया है।



विज्ञान एवं पर्यावरण वैज्ञानिक सुशील कुमार दिवेदी

# व्यय प्रेक्षक टी. सेंथिल मुरूगन ने किया महसी क्षेत्र का भ्रमण

- एसएसटी व एफएसटी की गतिविधियों से हुए रूबरू

**बहराइच। समृद्धि न्यूज**



लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 हेतु भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र-56 बहराइच (अ.जा.) के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक टी. सेंथिल मुरूगन ने शनिवार को विधानसभा क्षेत्र महसी का भ्रमण कर क्षेत्र में तैनात फ्लाईंग स्क्वायड टीम तथा एस.एस.टी. बैरियर्स का निरीक्षण कर भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लागू आदर्श आचार संहिता/निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण का अनुपालन सुनिश्चित कराये जाने के उद्देश्य की जा रही कार्यवाही की बाबत जानकारी प्राप्त की। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र महसी के भ्रमण के दौरान व्यय प्रेक्षक गुरूगन ने रामगांव चौराहा पर मौजूद स्टैटिक सर्विलांस टीम के मुखिया प्रशान्त गौड से टीम गतिविधियों के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए निर्देश दिया सतर्कता बनाये रखें। इसके पश्चात राजी चौराहा पर मौजूद फ्लाईंग स्क्वायड टीम के मुखिया हरिभान सिंह से जानकारी प्राप्त करते हुए निर्देश दिया कि वाहनों की चेंकिंग का ब्यौरा पंजिका में दर्ज किया जाय। व्यय प्रेक्षक ने निर्देश दिया कि वाहन चालक का विवरण भी प्राप्त किया जाय तथा वाहन कहां से कहां को जा रहा है।

व्यय प्रेक्षक ने महाराजगंज व चाहलारीघाट पर मौजूद फ्लाईंग स्क्वायड टीम तथा रमपुरवा व खैराबाज़ार में एसएसटी की गतिविधियों के बारे में जानकारी प्राप्त कर निर्देश दिया।

# पौत्र के साथ गाली-गलौज का विरोध करने पर दबंगों ने वृद्ध को पीटा, मौत

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**पौत्र के** साथ गाली-गलौज का विरोध करने पर दबंगों ने वृद्ध को लाठी-डंडों से मारपीट कर दी। जिससे उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक आरोपी मौके से फरार हो चुके थे। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

जानकारी के अनुसार रविवार को थाना मऊदरवाजा अंतर्गत ग्राम सिठऊपुर निवासी गयादीन माथुर उम्र करीब 70 वर्ष का पुत्र राजू नोयडा से वापस आया था। जिसे बुलाने के लिए राजू का बेटा अमन कायमगंज जा रहा था। रास्ते में गांव के टन्नू ठाकुर पुत्र इन्द्र पाल व गौतम ठाकुर पुत्र वीर पाल ने अमन से शराब के नशे में गाली गलौज करने लगे। पौत्र के साथ गाली-गलौज करने पर बाबा


मृतक की फाइल फोटो

गयादीन के अलावा परिवार के प्रेमचंद्र पुत्र छोटेलाल मौके पर पहुंचे और गाली-गलौज का विरोध किया। जिस पर दबंगों ने गयादीन व प्रेमचंद्र को लाठी-डंडों से मारापीटा। जिससे गंभीर चोट लगने से गयादीन की मौके पर ही मौत


पीएम हाउस में गुमशुम खड़े मृतक के परिजन समृद्धि न्यूज

हो गयी।, जबकि प्रेमचंद्र घायल हो गये। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन उससे पूर्व आरोपी फरार हो गये। पुलिस ने शव का पंचमामा भरकर पोस्टमार्टम कराया। घटना के संबंध में आरोपियों के खिलाफ नामजद तहरीर दी गयी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया। वहीं घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक के राजू, रामरानी, राजरानी, रानी व जगरानी आदि बच्चे हैं।

# पुलिस के साथ अभद्रता करने वाला आरोपी गिरफ्तार

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**अपराध और** अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना कादरीगेट पुलिस ने रविवार को मु0अ0सं0 113/2024 धारा-323, 504, 506, 354, 332, 353 भा0द0वि0 व 07 सीएल एक्ट में वांछित अभियुक्त कुंवरपाल सिंह पुत्र राजेंद्र सिंह को गिरफ्तार कर लिया। बताते चलें कि अभियुक्त कुंवरपाल पत्नी देवकुमारी के साथ दिनांक 20 अप्रैल को अपनी पत्नी के साथ मारपीट कर रहा था। सूचना पर पहुंची 112 डायल पुलिस मौके पर पहुंची। जब पुलिस ने मारपीट करने से मना किया, तो आरोपी ने पुलिस के साथ अभद्रता की तथा वर्दी फाड़ दी तथा आरक्षियों का हाथ पकड़कर कहा कि ऐसे पुलिस


पुलिस हिरासत में अभियुक्त समृद्धि न्यूज

देखे पुलिस वाले। अभियुक्त की इस कार्यशैली से भय का माहौल उत्पन्न हो गया और वहां मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गयी। पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ उपरोक्त मुकदमा पंजीकृत किया।

# खबरें चलते-चलते

## पति परिवार सहित गेहूं काटने गया, पत्नी नकदी जेवर लेकर फरार

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** परिवार सहित खेत में गेहूं काटने गए युवक की पत्नी सामान लेकर घर से फरार हो गयी। पीड़ित ने थाना पुलिस को तहरीर दी है। थाना क्षेत्र के ग्राम नगला हीरा सिंह निवासी सदानंद राजपूत ने पुलिस को दी तहरीर में बताया की 20 अप्रैल को वह परिवार सहित गेहूं की कटाई करने खेत में गए थे। उनकी पत्नी वंदना घर पर रह गई थी। दोपहर जब वह गेहूं काटकर घर लौटे, तो उनकी पत्नी घर पर नहीं मिली। पीड़ित ने बताया कि उसकी पत्नी घर में रखा सोने का मंगलसूत्र, जंजीर, पायल और 1,00,000/- कैश लेकर गयी है। सदानंद ने अपनी ससुराल गुरसहायगंज फोन किया, लेकिन वहां भी उसका कोई अता पता नहीं चला। पुलिस ने पीड़ित को जांच कर कार्यवाही करने का भरोसा दिया।

## कच्ची शराब सहित गिरफ्तार, मुकदमा दर्ज

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** कमालगंज थाना क्षेत्र के गांव महरुपुर रावी निवासी गोविंद पुत्र मेवाराम को कस्बा इंचार्ज शंकरानंद ने महरुपुर रावी मोड़ के पास से 30 लीटर कच्ची शराब सहित गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

## दबंगों ने सफाईकर्मी को पीटा, पत्नी से की छेड़छाड़

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के ग्राम राजा रामपुर मेई निवासी साधना देवी पत्नी दीपक वाल्मीकि ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीती शाम 20 अप्रैल को वह अपने घर पर घरेलू कामकाज निपटा रही थी। उसी समय गांव के दबंग लोग उसके दरवाजे पर खड़े होकर गाली देने लगे। उसने गाली देने से मना किया। इसी बात से नाराज युवक उसके घर में घुसकर उसके साथ छेड़छाड़ की और घरेलू सामान तोड़फोड़ दिया। महिला ने फोन पर अपने पति को घटना के बारे में बताया। पति दीपक कुमार घर पहुंचा, तो दबंगों ने दीपक कुमार को भी जमकर मारापीटा और उसे जान से मारने की धमकी दी। आज थाने पहुंचकर साधना देवी ने गांव के ही पांच लोगों के खिलाफ थाने में नामजद तहरीर दी है। पुलिस ने जांच कर कार्रवाई करने की बात कही।

## अखंड रामायण का पाठ आज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** हनुमान जयंती के उपलक्ष्य में सब्जी मंडी फतेहगढ़ स्थित हनुमान मंदिर में सुबह अखंड रामायण पाठ का आयोजन किया जाएगा। मंदिर के पुजारी ह्रदेश कुमार दीक्षित ने जानकारी देते हुए बताया कि सोमवार को सुबह 10 बजे से अखण्ड रामायण पाठ का शुभारंभ होगा और मंगलवार को पाठ का समापन व प्रसाद वितरण किया जायेगा।

## मार्ग दुर्घटना में चार घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** नगर के मोहल्ला सदवाड़ा निवासी संजीव शर्मा (30), कम्पिल क्षेत्र के गांव इकलहरा निवासी मशरूर (45), क्षेत्र के गांव पचरौली निवासी अनुराग (70), कटरा निवासी रजिया (19) मार्ग दुर्घटना मे घायल हो गए। घायलों को लोगों ने अस्पताल में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद अनुराग को लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से साइकिल सवार अधेड़ की मौत


मृतक की फाइल फोटो

राजेपुर, समृद्धि न्यूज

**अज्ञात वाहन** की टक्कर से साइकिल सवार अधेड़ की मौत हो गयी। सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। जानकारी के अनुसार थाना राजेपुर


सीएचसी में गुमशुम बैठे मृतक के परिजन समृद्धि न्यूज

के अंतर्गत गाव कुंइया निवासी बालकराम पुत्र देवी दीन रविवार सुबह साइकिल से पड़ोसी गांव गांधी जा रहे थे। इटावा बरेली हाईवे पर अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। जिसस वह गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों की सूचना पर एंबुलेंस 108 से परिजन वीरपाल, सर्वेश, शिवाजी उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर पहुंचे। जहां डियूटी पर तैनात चिकित्सक प्रमित कुमार राजपूत ने जांच के दौरान बालकराम को मृत घोषित कर दिया। सूचा पर पहुंचे उप निरीक्षक उदय नारायण शुक्ला ने पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। वहीं घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# रोडवेज बस में सीट पर बैठने को लेकर यात्री का सिर फोड़ा

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**रोडवेज बस** में सीट पर बैठने को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। सूचना मिलने पर मौके पर पंहुची पुलिस ने जांच पड़ताल की। जानकारी के अनुसार जनपद हरदोई के गोपामऊ निवासी फूल मियां अपनी चाची शाहिदा और भाभी मुन्नी के साथ जयपुर से कादरीगेट के रोडवेज बस अड्डे पहुंचे। उन्हें हरदोई जाना था। बस में सीट पर बैठने को लेकर फूल मियां


कादरीगेट थाने में मौजूद घायल युवक

का दूसरे यात्री से विवाद हो गया। विवाद मे हुई मारपीट में फूल मियां का सिर फट गया। पुलिस दोनों पक्षों को थाने ले आई। घायल फूल मियां को उपचार के लिए लोहिया अस्पताल भेजा गया। वहीं कादरीगेट के प्रभारी निरीक्षक अवध नारायण पाण्डेय ने बताया की दोनों पक्षों मे विवाद हुआ था। बाद में उन्होंने समझौता कर लिया।

# चौकी इंचार्ज के खिलाफ दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**महिला आरक्षी** ने आवास विकास चौकी इंचार्ज के खिलाफ शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण करने का मुकदमा दर्ज कराया है।

जानकारी के अनुसार महिला आरक्षी पुत्री स्व. महाराज सिंह मूल निवासी सतीनगर कैला देवी मंदिर के पास नारायण आगरा 6 ने लिखाये गये मुकदमे में कहा है कि वह महिला आरक्षी पद पर 09.01.2022 को थाना नवाबगंज में नियुक्त थी। नियुक्ति के दौरान थाने पर तैनात उप निरीक्षक दीपक कुमार पुत्र बच्चू सिंह हाल तैनाती चौकी आवास विकास थाना कादरीगेट जनपद फतेहगढ़ द्वारा 13.12.2022 से लगातार मुझ महिला आरक्षी का शादी की बात कहकर शारीरिक शोषण करते चले आ रहे हैं तथा थाना नवाबगंज में तैनाती के दौरान उप निरीक्षक दीपक कुमार मुझे अलग-अलग जगहों पर दविश में राजस्थान व नोयडा भी ले गये तथा वहां मेरे साथ शारीरिक सम्बन्ध स्थापित किये। जब मेरे द्वारा शादी करने का दबाव बनाया गया, तो दीपक कुमार के माता पिता मुझसे मिलकर शादी करने की बात को अलग-अलग समस्या बताते हुये टालते रहे। इस संबंध में वरिष्ठ अधिकारीगणों, पूर्व थानाध्यक्ष नवाबगंज जे.पी.शर्मा, वर्तमान प्रभारी निरीक्षक आमोद कुमार सिंह, प्रभारी निरीक्षक निरीक्षक कादरीगेट तथा क्षेत्राधिकारी नगर को भी जानकारी दी थी। जिनके द्वारा बुलाये जाने पर मुझे शादी करने का झूठा आश्वासन दिया गया। इस प्रकार अपने माता की सह और असहमति दीपक कुमार द्वारा मुझसे लगातार शादी करने की ब्लेकमेलिंग करते हुए शारीरिक और मानसिक शोषण किया गया। महिला उप निरीक्षक की तहरीर पर पुलिस महिला थाना फतेहगढ़ ने मु0अ0सं0 376, 509, 120बी के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## मार्ग दुर्घटना का मुकदमा दर्ज

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज

**जनपद कन्नौज** के थाना तालग्राम के गांव बिचपुरवा निवासी गोविंद पुत्र मंगल सिंह ने लिखाए गए मुकदमे में बताया कि मेरा छोटा भाई अजय कुमार अपने फूफा के घर निनौरा शृंखलापुर थाना कमालगंज के यहां 18 अप्रैल को शाम 5.00 बजे शामिल होने आया था। उसी दिन बारात जाने के लिए तैयार होकर वह घर के बाहर रात लगभग 9.00 बजे खड़ा था, तभी चंदन पुत्र अशोक निवासी नारायणपुर थाना कादरीगेट ने मोटरसाइकिल से तेजी व लापरवाही से चलते हुए मेरे भाई के जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर खड़े लोगों ने चंदन को पकड़ने की कोशिश की, लेकिन वह मोटरसाइकिल को जोर से भगा ले गया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

# महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत


मृतका की फाइल फोटो

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत हो गयी। सूचना पर पहुंचे परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं पुलिस ने पहुंचकर जांच पड़ताल की। जानकारी के अनुसार थाना नवाबगंज के गांव हुसैनपुर बांगर निवासी उदयवीर की 24 वर्षीय पुत्री रीता का विवाह बीते वर्ष कायमगंज मछली मंडी निवासी विपिन शर्मा के साथ हुआ था। रविवार को विपिन ने अपने ससुरा को फोन कर बताया कि रीता शर्मा की हार्टअटैक


पीएम हाउस में बैठे परिजन समृद्धि न्यूज

से मौत हो गयी है। जिस पर उदयवीर अपने परिवार सहित पुत्री की ससुराल पहुंचे। भाई अमित ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। फिलहाल घटना का स्पष्ट कारण पता नहीं लग सका है। वहीं पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही घटना का कारण पता चल सकेगा, तभी अग्रिम कार्यवाही की जायेगी। वहीं ससुरालीजन भी अभी तक कोई आरोप नहीं लगा रहे हैं। मृतका की मां मालती देवी, भाई अमित, सुमित, बहन लक्ष्मी, संध्या, खुश्बू, तन्नू आदि का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका का पति सटरिंग का काम करता है।

# धोखाधड़ी के मामले में वांछित गिरफ्तार

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**कूटरचित** दस्तावेज तैयार करने के मामले में वांछित चल रहे अभियुक्त को पुलिस ने चेकिंग अभियान के दौरान गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

1 अगस्त 2023 को अभियुक्त द्वारा लाभ पहुंचाने के आशाय से फर्जी तरीके से कूटरचित दस्तावेज तैयार कर न्यायालय में दाखिल करने के संबंध में फतेहगढ़ कोतवाली तत्कालीन प्रभारी सचिन कुमार सिंह के प्रार्थना पत्र पर आरोपीगण अनुपम दुबे पुत्र महेश चन्द्र दुबे निवासी कसरट्टा, शिशू उर्फ बालकिशन उर्फ बालकृष्ण पुत्र हृदय नारायण चौधरी निवासी मानिकपुर


पुलिस हिरासत में आरोपी समृद्धि न्यूज

विसू थाना इकदिल जनपद इटावा, राजेश बहादुर पुत्र जंग बहादुर सिंह निवासी 17/14 कचहरी रोड कस्तूरबा गांधी मार्ग प्रयागराज व एक अज्ञात के विरुद्ध धारा 417, 465, 466, 471 के तहत मुकदमा दर्ज कराया था। कोतवाली फतेहगढ़ पुलिस ने इसी मामले में वांछित चल रहे राजेश बहादुर पुत्र जंग बहादुर सिंह निवासी 17/14 कचहरी रोड कस्तूरबा गांधी मार्ग प्रयागराज को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

लापरवाही | फिर एक बार विभाग की लापरवाही आयी सामने

# करंट लगने से हाईटेंशन लाइन पर कार्य कर रहा संविदा कर्मी झुलसा

शमशाबाद, समृद्धि न्यूज

**शमशाबाद विद्युत** उपकेंद्र के अंतर्गत कार्यरत संविदा कर्मी लाइन मैन धीर सिंह पुत्र मेघनाथ निवासी पसियापुर थाना शमशाबाद उस वक्त हाई टेंशनलाइन की चपेट में आकर झुलस गया जब वह एक हाईटेंशन विद्युत लाइन के पोल पर चढ़कर जम्फर बांध रहा था। बताते हैं साथ में दो अन्य लाइनमैन नानकराम तथा सुग्रीव भी थे जो अलग-अलग स्थानों पर कार्य कर रहे थे, जबकि धीर सिंह कायमगंज-फर्रुखाबाद मार्ग पर ग्राम धमगमा के निकट स्थित एक भट्टे के पास हाईटेंशन लाइन के विद्युत पोल पर जम्फर बांध रहा था। बताते हैं लाइनमैन नानक राम द्वारा कॉन्फ्रेंसकाल के जरिए एसएसओ रामकिशन से शट डाउन लिया गया था। लगभग 5 मिनट तक तीनों कर्मचारी कांफ्रेंसकाल के जरिए लाइन पर बात कर रहे थे। कुछ समय बाद लाइनमैन नानकराम द्वारा एसएसओ से शटडाउन वापस लेने के लिए कहा


सीएचसी में भर्ती लाइनमैन समृद्धि न्यूज

गया। जैसे ही शटडाउन वापस लिया गया वैसे ही जम्फर बांध रहा संविदा कर्मचारी विद्युत करंट का शिकार हो गया और बुरी तरह झुलसकर पोल से नीचे आ गिरा। इस घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। मौके पर मौजूद कुछ लोगों ने मानवता का परिचय देकर विद्युत उपकेंद्र शमसाबाद को सूचना दी तथा गंभीर रूप से झुलसे संविदा कर्मचारी को बाइक के जरिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शमशाबाद में भर्ती कराया। जहां समाचार लिखे जाने तक उपचार जारी था। अक्सर देखा गया जब-जब संविदा विद्युत कर्मी अपने क्षेत्र में बिजली संबंधी तकनीकी खराबी को दूर करने के लिए अपने-अपने क्षेत्र में जाते है तो मौके पर पहुंच संबंधित एसएसओ से शट डाउन की मांग करता है। अफसोस तब होता है जब शटडाउन की मांग के बावजूद भी कर्मचारी विद्युत करंट के शिकार हो जाते हैं और गंभीर रूप से झुलसकर घायल हो जाते। इस लापरवाही में न जाने कितने लाइनमैन अपनी जान गंवा चुके हैं और न जाने कितने गंभीर रूप से झुलसकर घायल हो चुके हैं। घटना के संबंध में बिजली विभाग के उच्च अधिकारियों से भी संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन संपर्क नहीं हो सका।

# महिला मतदाता प्रभारी भारती मिश्रा ने दिलायी मतदाता जगारुकता की शपथ

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज


**जिला निर्वाचन** अधिकारी डॉ0 वी0के0 सिंह व मुख्य विकास अधिकारी अरविंद कुमार मिश्रा के निर्देशन में व सहायक नोडल अधिकारी स्वीप जिला बेसिक शिक्षाधिकारी गौतम प्रसाद के आदेशानुसार रविवार को सरस्वती शिशु मंदिर सेनापति में नगर क्षेत्र के मतदाताओं हेतु मतदाता शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महिला मतदाता प्रभारी भारती मिश्रा ने नगर क्षेत्र के मतदाताओं से अपील की कि सदर में मतदान सबसे कम संख्या में किया जाता है, जबकि यहां सभी प्रबुद्ध जन निवास करते हैं, एक बार पुनः विचार करने की आवश्यकता है कि मतदान करने का गौरव कितना बड़ा गौरव है। हम सबको इस बात पर गर्व होना चाहिए कि हमें मतदान करने का, सरकार चुनने का अधिकार प्राप्त है। हम सबको एक-एक मत का महत्व समझते हुए मतदान अवश्य करना चाहिए। आइए आज के दिन हम सभी यह संकल्प लें कि आने वाली 13 मई को जनपद में होने वाले लोकतंत्र के इस महापर्व में हम सब अपनी मताहुती अवश्य दें। सभी मतदाताओं को मतदाता जागरुकता की शपथ दिलायी गई। इस अवसर पर संजय गुप्ता, विष्णु अरोड़ा, रामकुमार वर्मा, शिवम दीक्षित, अनिल कुमार, हरी बाबू वर्मा, गौरव श्रीवास्तव, अमित गर्ग, पायल अरोड़ा, कल्पना कटियार, अनुराधा सक्सेना, इंदिरा, आशा देवी, रंजना शर्मा, रश्मि शुक्ला, प्रतिज्ञा, मणि, अनीता, सपना शर्मा, अतुल रस्तोगी, कन्हैया लाल, अनुपम पुरवार, अनु शुक्ला, अर्चना मिश्रा, दिव्या, आशा, अभिलाष वर्मा, राजकिशोर श्रीवास्तव, राजीव पुरवार, आलोक रायजादा, ज्योति वर्मा, देव कुमार शर्मा, गौरव मिश्रा, पंकज शर्मा आदि मौजूद रहे।



मतदाता जागरुकता की शपथ लेते लोग — समृद्धि न्यूज

# यूपीएससी में उत्तीर्ण होने पर अंकित राजपूत का लोधी समाज ने किया स्वागत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** यूपीएससी परीक्षा में अंकित राजपूत के उत्तीर्ण होने पर लोधी महासभा ने भव्य स्वागत किया। विकास खंड शमसाबाद अंतर्गत गांव नगला हरजू निवासी अंकित राजपूत ने सिविल सेवा परीक्षा में 623वीं रैंक हासिल कर लोधी समाज को गौरवान्वित किया है। बचपन से ही होनहार बेटा भाजपा नेता दामोदर राजपूत के भतीजे ने कठोर परिश्रम के साथ यह सफलता पाई है। लोधी समाज को गौरवान्वित करने वाले अंकित राजपूत के निवास पर बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। रविवार को अखिल भारतीय लोधी लोध महासभा के जिलाध्यक्ष महेशचंद्र राजपूत, बेचेलाल वर्मा, रामलड़ैते राजपूत, डा0 पन्ना लाल राजपूत, प्रभाकर राजपूत, अरविन्द राजपूत, वीरेंद्र सिंह राजपूत, डा0 संजय सिंह राजपूत, अहिवरन सिंह राजपूत, रामनरेश राजपूत फौजी, सुरजीत सिंह राजपूत, सच्चिदानन्द राजपूत, प्रवीन वर्मा, नरेन्द्र सिंह राजपूत, प्रेमपाल सिंह राजपूत एडवोकेट आदि लोगों ने स्वागत किया।


अंकित राजपूत का स्वागत करते लोधी समाज के जिलाध्यक्ष

# भाविप महादेवी शाखा के अध्यक्ष देव कुमार शर्मा व सचिव बने पंकज वर्मा

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**भारत विकास** परिषद महीयसी महादेवी शाखा का दायित्व ग्रहण समारोह सेनापति स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारत भूषण जुनेजा क्षेत्रीय महासचिव उत्तर मध्य क्षेत्र एवं विशिष्ट अतिथि विवेक कुलश्रेष्ठ शपथ अधिकारी के रूप में कार्यक्रम में उपस्थित रहे। दायित्व ग्रहण में देव कुमार शर्मा अध्यक्ष, पंकज वर्मा सचिव, गौरव मिश्रा कोषाध्यक्ष, आशीष कुमार शर्मा संगठन सचिव एवं ज्योति शर्मा महिला संयोजिका के रूप में दायित्व ग्रहण किया। कार्यक्रम में बच्चों ने बहुत ही आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किया। 11 नवीन सदस्यों ने महीयसी महादेवी शाखा की सदस्यता ग्रहण की। सदस्यों में प्रीति गुप्ता, नितिन बंसल, संजय गुप्ता, महेश वर्मा, जितेंद्र वर्मा, सुनीता गुप्ता, राजीव बरतरिया, विष्णु अरोड़ा, चित्रा अग्निहोत्री आदि ने सदस्यता ली। अन्य शाखों से आए सदस्य कन्हैया लाल जैन, अतुल रस्तोगी, अनुपम पुरवार, रीता दुबे, अनीता पाठक, आशा वर्मा, संजय दुबे, आरके वर्मा ने कार्यक्रम में सहभागिता की। वित्त सचिव ने अपना पूरी साल का आय व्यय प्रस्तुत किया। आलोक रायजादा ने नवीन सदस्यों का उत्तरी पहनाकर सम्मान किया एवम् बच्चों का उत्साह वर्धन किया। कार्यक्रम का संचालन अभिषेक श्रीवास्तव ने किया। विशिष्ट अतिथि विवेक कुलश्रेष्ठ ने नवीन सदस्यों को भारत विकास परिषद के बारे में जानकारी दी। मुख्य अतिथि भारत भूषण जुनेजा ने जनपद की शाखाओं से आये दायित्वधारियों को परिषद के दिशानिर्देश दिए एवम् आवश्यक जानकारी दी।



नवीन दायित्व की शपथ लेते पदाधिकारी — समृद्धि न्यूज

# प्रशिक्षण न लेने वाले सात कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने के निर्देश

कन्नौज,समृद्धि न्यूज

**अगामी 13** मई को होने वाले मतदान के लिए अधिकारियों व कर्मचारियों को पुलिस लाइन रोड स्थित सेंट जेवियर्स स्कूल में प्रशिक्षित किया जा रहा है। विगतं 18 से 21 अप्रैल तक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार मतदान कर्मियों को प्रशिक्षण लेना अनिवार्य किया गया था। इसके बावजूद 7 कर्मचारियो ने प्रशिक्षण लेना उचित नही समझा। इन कर्मचारियों के खिलाफ लोकसभा सामान्य निर्वाचन के प्रभारी अधिकारी ने उनके विभाग के अधिकारियों को रिपोर्ट दर्ज कराने के आदेश दिए हैं। साथ ही अप्रैल माह का वेतन भी रोकने का आदेश दिया है। मुख्य विकास अधिकारी ने लोक निर्माण विभाग के अवर अभियंता रमाकांत, कम्पोजिट विद्यालय जलालाबाद के प्रधानाध्यापक नीरेन कुमार, मान्यवर कांशीराम राजकीय पालीटेक्निक तिर्वा के प्रवक्ता विनोद कुमार द्विवेदी, उच्च प्राथमिक विद्यालय नंदपुर खिरिया के सहायक अध्यापक देवेश कुमार, परिवहन विभाग के वरिष्ठ लिपिक अंकुर अग्रवाल, प्राथमिक विद्यालय सहनापुर के सहायक अध्यापक अभिनाथ और प्राथमिक विद्यालय रामपुर मुड़ेरी के सहायक अध्यापक जमाल कासिम के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए उनके विभाग के अधिकारियों को आदेश जारी किये हैं।

## खबरें एक नजर में

### राम जानकी महालक्ष्मी खाटूश्याम मंदिर में हवन पूजन का आयोजन


हवन पूजन में भाग लेते भक्तगण — समृद्धि न्यूज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** नगर के प्राचीन मंदिर श्रीराम जानकी महालक्ष्मी अन्नपूर्णा माता खाटूश्याम मंदिर में चैत्र मास की नवरात्रि में 51 शक्तिपीठ के मंगल कलश एवं दुर्गा शक्तिपीठ आराधना पर्व का विसर्जन मंगल कामनाओं के साथ पंडित विजय प्रकाश तिवारी, पंडित गणेश मिश्रा, पंडित अनिल त्रिपाठी, पंडित मनीष मिश्रा, पंडित प्रमोद मिश्रा ने वैदिक रीति रिवाज से हवन पूजन के साथ किया। शक्तिपीठ आराधना कार्यक्रम नगर के भक्तों ने मंगल कामना के साथ भाग लिया। यज्ञ के साथ सभी देवी-देवताओं का भव्य एवं दिव्य दर्शन, प्रसाद भोग, महाआरती के साथ किया गया। साथ में महाप्रसाद भण्डारा का आयोजन हुआ। भक्तों ने भाग लेकर अध्यात्मिक लाभ उठाया। इस अवसर पर मयंक गुप्ता, रचित अग्रवाल, विजय खन्ना, दीपू गुप्ता, संजीव मिश्रा, रवि अवस्थी, मुन्ना पांडेय, अंकित अग्रवाल, जीतू शुक्ला आदि लोगों ने व्यवस्था देखी। देर रात तक भण्डारे का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य सभी के लिए मंगलमय कामना करना है।

### उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य आयेंगे 23 अप्रैल को



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य 23 अप्रैल को गुरुगांव देवी मंदिर परिसर में सांसद मुकेश राजपूत के समर्थन में चुनावी जनसभा को सम्बोधित करेगें। जनसभा को सफल बनाने के लिए सांसद मुकेश राजपूत ने लोकसभा क्षेत्र के लोगों से पहुंचने की अपील की है। सूबे के उपमुख्यमंत्री हेलीकाप्टर द्वारा जनसभा स्थल पर पहुचेंगे। जिसको लेकर आज गुरुगांव देवी मंदिर के पास मैदान में निरीक्षण किया गया। साथ ही 23 अप्रैल को सांसद मुकेश राजपूत अपना नामांकन भी करेंगे।

### अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी न होने पर महिला को घर से निकाला

**तिर्वा।** ठठिया थाना क्षेत्र के ताहरपुर गांव में एक महिला को ससुरालीजनों ने अतिरिक्त दहेज में एक लाख नगदी व बाइक न मिलने पर मारपीट कर घर से निकाल दिया। महिला की तहरीर पर ठठिया पुलिस ने पति समेत सात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। ठठिया थाना क्षेत्र के हरिजनपुर्वा गांव निवासी पायल पुत्री धनीराम ने थाने में पति बृजेश कुमार, ससुर कामता प्रसाद, सास कलावती, ननद रेशमा, आरती व विमला एवं जेठ विमलेश के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़िता ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उसकी शादी दो बर्ष पूर्व हुई थी। शादी के कुछ दिनों के बाद ही ससुरालीजन अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर उसका उत्पीड़न करने लगे। अतिरिक्त दहेज में एक लाख की नगदी व बाइक न मिलने पर ससुरालीजनों ने उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया। मामले में ठठिया थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। जल्द सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

### रास्ते में जा रहे ग्रामीण से मारपीट कर दी धमकी

**जालौन (उरई)।** गली से निकल रहे एक व्यक्ति ने दूसरे व्यक्ति के साथ गाली, गलौज कर मारपीट कर दी। शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दे डाली। पीड़ित ने मामले की तहरीर कोतवाली में दी है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर ली है। माधौगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम अटागांव निवासी कढ़ोरे ने पुलिस को बताया कि वह किसी काम के चलते नगर में स्थित आवास विकास कॉलोनी में आया था। जब वह कॉलोनी से होकर निकल रहा था तभी रास्ते में आवास विकास कॉलोनी निवाासी रोहित मिल गए और उसके साथ गाली, गलौज करने लगे। जब उसने गाली देने से मना किया तो उन्होंने मारपीट शुरू कर दी। जिसमें उसे चोटें आई हैं। इतना ही नहीं शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी भी दे डाली।

# सपा में ब्राह्मणों को किया जा रहा उपेक्षितः नंदकिशोर दुबे

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** समाजवादी पार्टी के जिला सचिव नन्दकिशोर दुबे वन्देमातरम ने कहा कि 2024 लोकसभा का चुनाव है। सत्ताधारी भाजपा के लोगों द्वारा प्रबुद्ध (ब्राह्मण) सम्मेलन किये जा रहे हैं, लेकिन ब्राह्मण समाज इस बार के लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के झांसे में आने वाला नहीं है। ब्राह्मण समाज इस बार समाजवादी पार्टी के साथ दिख रहा है। उसके बावजूद भी सपा के लोग उपेक्षित कर रहे है। बैनरों में वरिष्ठ समाजवादी नेता रहे स्व0 जनेश्वर मिश्र तक की फोटो नहीं लगायी जा रही है। इससे ब्राह्मण समाज के लोग नोटा की तरफ वोट डालने के लिए मुखातिब हो सकते है। नंदकिशोर दुबे ने कहा कि केंद्रीय चुनाव कार्यालय पर लगे होर्डिंग में ब्राह्मण समाज के लोगों का फोटो न होने पर उपेक्षित किया जा रहा है। जनपद में 65 हजार ब्राह्मण समाज का वोट है। उसका झुकाओ जिधर होता है उधर ही जीत होती है। जनपद में पार्टी में काम करने वाले सतीश दीक्षित, नन्दकिशोर दुबे वन्देमातरम व जिला पंचायत सदस्य मनोज मिश्रा व महानगर राघव दत्त मिश्रा के अलावा ब्राह्मण समाज के पदाधिकारी पार्टी मैन कमेटी में है। उनको भी साथ में नहीं लिया जा रहा है। ऐसे हालत में ब्राह्मण समाज अपने को अपमानित महसूस कर रहा है। हो सकता है कि यह सब नोटा की तरफ चले गये तो पार्टी के प्रत्याशी का नुकसान हो जायेगा।

# सपा सैनिक प्रकोष्ठ ने शिवपाल सिंह की सभा के लिए किया जन सम्पर्क

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**समाजवादी पार्टी** सैनिक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष केके यादव ने अपनी टीम के साथ भ्रमण कर सपा प्रत्याशी के लिए जन सम्पर्क किया। साथ ही 22 अप्रैल सोमवार को राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव का जनपद में दौरा है। वह रोहिला में पार्टी के प्रत्याशी के लिए सभा करेंगे साथ ही केंद्रीय चुनाव कार्यालय का उद्घाटन करेंगे। जिसके लिए कार्यकर्ताओं से जन सम्पर्क कर सभा स्थल में पहुंचने के लिए अपील की है। जनसभा का आयोजन रोहिला चौराहा मोहम्मदाबाद में होगा। रविवार को पांचाल घाट, लकूला, सकवाई में सैनिक प्रकोष्ठ द्वारा जन सम्पर्क किया गया। जिला उपाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य बेंचेलाल, जिला सचिव दीप सिंह, मीडिया प्रभारी अनिल यादव, जिला सचिव भूपेन्द्र सिंह के साथ जन सम्पर्क किया। इस दौरान पांचाल घाट पर चन्द्रशेखर, श्यामवीर, अरविन्द यादव, प्रशांत, मनोज, वीके यादव, मंचल सिंह मौजूद रहे। लकूला में गौतम गिहार, प्रेम कुमार, शिवपाल कोटेदार, वीर सिंह, मुन्नू कुशवाहा मौजूद रहे। वहीं मोहम्मदाबाद सकवाई में रनवीर यादव, पदम सिंह, शिवसिंह, रामवृक्ष, समर पाल यादव मौजूद रहे।


जन सम्पर्क के दौरान मौजूद सैनिक प्रकोष्ठ के पदाधिकारी व अन्य — समृद्धि न्यूज

# चुनावी जनसभा को आज सम्बोधित करेंगे शिवपाल सिंह यादव

- सभा स्थल का जिलाध्यक्ष ने पदाधिकारियों के साथ पहुंचकर किया निरीक्षण

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**समाजवादी पार्टी** के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव सोमवार को सुबह 10:30 बजे सैफई हवाई पट्टी से फर्रुखाबाद के लिए रवाना होगें। मोहम्मदाबाद हवाई पट्टी पर पहुंचकर ढिलावल स्थित केंद्रीय चुनाव कार्यालय का उद्घाटन करेंगे। साथ ही मोहम्मदाबाद स्थित रोहिला चौराहे पर मैदान में चुनावी जनसभा को सम्बोधित करेगें। समाजवादी राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य अरविन्द कुमार सिंह ने कार्यक्रम की लिखित सूचना जारी की है। समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी डा0 नवल किशोर शाक्य का माहौल बनाने के लिए चुनावी जनसभा को सम्बोधित करेगें। जिलाध्यक्ष चन्द्रपाल सिंह यादव, जिला उपाध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह गौर व जिला महासचिव इलियास मंसूरी ने सभा स्थल का निरीक्षण किया। शिवपाल सिंह यादव के आगमन पर तैयारियां जोरों पर है।


सभा स्थल का निरीक्षण करते जिलाध्यक्ष व अन्य — समृद्धि न्यूज

# शम्भू महाराज कालेज के छात्रों ने बोर्ड परीक्षा में प्रतिभा का डंका बजाया

**उरई (जालौन)।** उप्र माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज द्वारा घोषित हुये हाईस्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षा 2024 में शम्भू महाराज सरस्वती विद्या मंदिर का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा। वहीं हाईस्कूल में 8 छात्र-छात्राओं ने उच्चतम अंक प्राप्त किये जबकि इंटरमीडिएट में 5 छात्र-छात्राओं ने 91 से 78 प्रतिशत अंक हासिल किये। गौरतलब हो कि शम्भू महाराज सरस्वती विद्या मंदिर राजेंद्र नगर उरई में हाईस्कूल की परीक्षा में 52 छात्र-छात्रायें शामिल हुये थे जिसमें 40 छात्र-छात्राओं ने ससम्मान उत्तीर्ण हुये जबकि छात्रा तनु व मानसी ने 90 प्रतिशत, आलोक ने 89, कुनाल शिवहरे ने 88, अंकुश सैन ने 83, अंशिका ने 83, वैभव व गायत्री ने 82 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का ही नहीं बल्कि अपने अभिभावकों का नाम रोशन किया। इसीक्रम में इंटरमीडिएट में 50 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दी थी जिसमें 32 छात्र-छात्राओं ने ससम्मान अंक प्राप्त कर उत्तीर्ण हुये वहीं छात्र राजकिशोर ने 91 प्रतिशत, खुशी कुशवाहा ने 90, वनिश वर्मा ने 87, रामचंद्र ने 83 व पलक ने 78 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। परीक्षाफल घोषित होते ही विद्यालय के प्रबंधक लक्ष्मीकांत दीक्षित, प्रधानाचार्य राकेश कुमार गुप्ता लालू सर, व्यवस्था प्रमुख एसके महान सर, परीक्षा प्रभारी गोपाल सर, संरक्षक अरविंद त्रिपाठी, शिक्षक शिवकांत शर्मा, शिवेंद्र सर, साक्षी मैडल ने सभी उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को सम्मानित करते हुये उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# मीडिया पर हमला सपा की मानसिकता को दर्शाता हैः मुकेश राजपूत

- लोकसभा चुनाव में सपा होगी बाहर

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**एक कार्यक्रम** के दौरान सांसद मुकेश राजपूत ने कहा कि पार्टी 400 के पार जाये, इसलिए सबका वोट, सबका सपोर्ट चाहिए है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी में कोई सुरक्षित नहीं है, अधिकारियों पर भी हमला कर देते है। मीडिया के लोगों के साथ बीते दिनों जो अभद्रता की गई वह निदंनीय है। मीडिया चौथा स्तम्भ है। उनके साथ समाजवादी पार्टी के लोग ऐसा करते है तो आने वाले चुनाव में जनता उन्हें मौका नहीं देगी। उनकी मन व मस्तिक में पूरी एक ही भावना रहती है कि लोगों को दबाना। राजनीति में रिपोर्ट सवाल करते रहते है अगर उनके साथ अभद्रता होती है, गाली-गलौज की जाती है तो वह निदंनीय है। मीडिया का काम है कि वह विकास से संबंधित किसी से भी बात कर सकता है। ऐसी घटनाओं से लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी को बाहर करेगी।



# सांसद ने पंकज राय को पटुका पहनाकर भाजपा में किया शामिल

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**समाजसेवी** पंकज राय को सांसद मुकेश राजपूत ने भाजपा का पटुका पहनाकर सदस्यता दिलायी। भोलेपुर लोको रोड स्थित उनके निवास पर सांसद मुकेश राजपूत ने पहुंचकर पंकज राय को भाजपा में शामिल करते हुए पार्टी की सदस्यता दिलायी। सांसद मुकेश राजपूत ने कहा कि यह हमारे पुराने साथी है। शिक्षक राजनीति से जुड़े हुए थे। रविवार को उनके निवास पर पहुंचकर सांसद ने सदस्यता दिलायी और कहा कि पंकज राय के भाजपा में शामिल होने से मजबूती मिलेगी। आज पूरे देश में मोदी के नेतृत्व में लोग पार्टी में जुड़ रहे है। पंकज राय ने कहा कि हमारी हिन्दुत्व विचारधारा हमेशा रही है। समाजसेवी होने के नाते हम दल में नहीं शामिल थे, दिल से जुड़े हुए थे। अब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से प्रेरित होकर भाजपा में शामिल हुआ हूं। इस मौके पर पूर्व डीजीसी प्रभा शंकर औडिच्य, योगीराज दबे श्याम मोहन तिवारी, अरुण गुप्ता, शैलेंद्र राजपूत, आलोक तिवारी, रवि यादव, सुलेहमान, पप्पू भैया, वीरेंद्र बाल्मीकि आदि मौजूद रहे।


पटुका पहनाकर भाजपा में पंकज राय को शामिल करते सांसद मुकेश राजपूत — समृद्धि न्यूज

### कुत्ते के काटने का उलाहना देने पर की मारपीट

**जालौन (उरई)।** पालतू कुत्ते द्वारा बेटे के पैर में काट लेने का उलाहना देने गए पिता के साथ पशु पालक ने जातिसूचक गालियां देकर मारपीट कर दी। पीड़ित ने मामले की तहरीर कोतवाली में दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला कछेरन निवासी सुनील कुमार ने पुलिस को बताया कि शनिवार की रात करीब साढ़े आठ बजे उनका 14 वर्षीय बेटा राज मोहल्ले में ही स्थित परचून के दुकान पर सामान लेने के लिए गया था। सामान लेकर वापस आते समय रास्ते में रविंद का पालतू कुत्ता खुला घूम रहा था। जिसने उनके बेटे के पैर में काट लिया। जब वह उलाहना देने के लिए उनके घर गए तो उन्होंने जातिसूचक गालियां देकर न सिर्फमारपीट की बल्कि धमकी भी दे डाली।

# लोगों को गुमराह कर रहीं हैं ममता : राजनाथ

**एजेंसी, मुर्शिदाबाद।**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर जोरदार हमला करते हुए उन पर नागरिकता (संशोधन) अधिनियम (सीएए) के बारे में झूठ फैलाने और लोगों, खासकर मुस्लिम समुदाय को गुमराह करने का आरोप लगाया। श्री सिंह ने कहा कि दुनिया में कोई भी उन शरणार्थियों को भारतीय नागरिकता देने के कार्यान्वयन को नहीं रोक सकता, जिन्होंने धार्मिक आधार पर बंगलादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान छोड़ा है।

उन्होंने बंगाल में अपनी पहली चुनावी रैली के दौरान भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) उम्मीदवार गौरी शंकर घोष के पक्ष में जनसभा को संबोधित करते हुए संदेशखाली में महिलाओं पर हुए 'अत्याचार' का हवाला दिया और कहा कि सुश्री बनर्जी के नेतृत्व में राज्य में अराजकता है। उन्होंने कहा



▸ राज्य में भाजपा के सत्ता में आने के बाद संदेशखाली के अपराधी छूट नहीं पाएंगे : राजनाथ

कि यह आश्चर्य की बात है कि एक महिला मुख्यमंत्री के नेतृत्व में बंगाल जैसे राज्य में समाज की माताओं और बहनों के साथ इतनी अमानवीयता और क्रूरता कैसे हो सकती है। उन्होंने लोगों को आश्वासन दिया कि राज्य में भाजपा के सत्ता में आने के बाद संदेशखाली के अपराधी छूट नहीं पाएंगे। श्री सिंह ने कहा कि पिछले एक दशक से अधिक समय से तृणमूल कांग्रेस के शासन के कारण बंगाल अब 'अपराध और सांप्रदायिक तनाव' के केंद्र के रूप में कुख्यात है। उन्होंने कहा कि भाजपा सत्ता में आई तो कोई भी संदेशखाली जैसा अपराध दोहराने की हिम्मत नहीं करेगा। रक्षा मंत्री ने आरोप लगाया कि वह किस तरह की 'ममता' हैं, उनका केवल नाम ममता है लेकिन दिल और दिमाग से उन्होंने गरीबों और आम लोगों के प्रति अपनी सारी करुणा खो दी है। श्री सिंह ने आरोप लगाया कि सुश्री बनर्जी उन अल्पसंख्यक लोगों को, जो एक महीने के रमजान के बाद ईद मनाने के लिए घर लौटे थे, वोट नहीं देने और राज्य के बाहर अपने-अपने कार्यस्थलों पर वापस जाने के लिए प्रेरित कर रही हैं। उन्होंने कहा कि मुझे कहना चाहिए कि कई चुनावी भविष्यवाणियों में कहा गया है कि भाजपा 2024 के लोकसभा चुनाव में 30 सीटें जीत रही है। उन्होंने लोगों से यह सुनिश्चित करने की अपील की कि प्रधानमंत्री की विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं, जिन्हें तृणमूल द्वारा लागू नहीं किया गया था, भविष्य में लागू की जायें। पश्चिम बंगाल के प्रति प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रतिबद्धता को याद करते हुए श्री सिंह ने कहा कि 30 दिसंबर, 2022 को गुजरात में उनकी (श्री मोदी की) मां के निधन के बाद उनका अंतिम संस्कार करने के उपरांत प्रधानमंत्री ने इस राज्य में रेलवे प्रणाली के आधुनिकीकरण सहित 7800 करोड़ रुपये की विभिन्न परियोजनाओं का अनावरण किया।

**केंद्रीय योजनाओं पर बंगाल ब्रांड लगाने का आरोप**

राजनाथ सिंह ने सुश्री बनर्जी पर केंद्रीय योजनाओं का उपयोग करके उस पर बंगाल ब्रांड लगाने का भी आरोप लगाया। उन्होंने आरोप लगाया कि तृणमूल कार्यकर्ताओं ने आम और गरीब लोगों को इन योजनाओं से वंचित कर रखा है। भाजपा नेता ने कहा कि मुझे लगता है कि क्या तृणमूल ही कांग्रेस पार्टी है, क्योंकि जवाहर लाल नेहरू और इंदिरा गांधी के नारे 'गरीबी हटाओ' पूरे भारत में लागू नहीं हुए, उसी तरह बंगाल में प्रचलित अराजकता, भ्रष्टाचार, कमीशन संस्कृति और लूट-खसोट तथा सभी विकास योजनाओं की धनराशि बंद किये जाने के कारण लोगों की स्थिति बेहद खराब हो गयी है। श्री सिंह ने मुर्शिदाबाद के लोगों से पश्चिम बंगाल में भाजपा उम्मीदवारों के पक्ष में मतदान करके 30 सीटें सुनिश्चित करने के बाद वापस लौटने और उनके समक्ष सिर झुकाने का आश्वासन दिया।

# विकसित भारत के लिए मतदाता मोदी सरकार को दोबारा सत्ता में लाएंगे : जेपी नड्डा

**एजेंसी।**

**मुंबई।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने रविवार को बुलढाणा जिले में कहा कि विकसित भारत के लिए मतदाता मोदी सरकार को वापस सत्ता में लाएंगे। मोदी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं ने गरीबों और वंचितों के जीवन को बदल दिया है। प्रधानमंत्री आवास योजना से करोड़ों गरीबों का अपने घर का सपना पूरा हुआ है।

बुलडाणा लोकसभा क्षेत्र में भाजपा नीत एनडीए उम्मीदवार के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत अब तक 4 करोड़ लोगों को घर मिल चुका है। मोदी सरकार ने इस योजना के तहत अन्य 3 करोड़ लोगों को घर मुहैया कराने का संकल्प लिया है। दूरदराज के ग्रामीण इलाकों में महिलाओं को पानी



▸ प्रधानमंत्री आवास योजना से करोड़ों गरीबों का अपने घर का सपना पूरा हुआ

लाने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ती थी लेकिन मोदी सरकार की हर घर जल योजना से 11 करोड़ घरों में नल से पीने का पानी पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आयुष्मान योजना से 55 करोड़ कामकाजी, गरीब, वंचित लोगों को 5 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज मिलना शुरू हो गया है। अपने 10 साल के कार्यकाल में मोदी सरकार ने हर योजना गरीब, वंचित और शोषित वर्ग को ध्यान में रखकर बनाई है। कांग्रेस ने अब तक गरीबों को केवल वादे ही दिये हैं लेकिन मोदी सरकार ने विकास योजनाओं का लाभ सीधे शोषित, वंचित और गरीब वर्ग तक पहुंचाया है। नड्डा ने कहा कि मोदी सरकार के कार्यकाल में देश की अर्थव्यवस्था 11वें स्थान से बढ़कर 5वें स्थान पर पहुंच गयी है। मोदी सरकार का संकल्प अगले 3 साल में भारत को तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाना है।

मोदी सरकार ने आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने के लिए कई योजनाएं बनाई हैं। राष्ट्रीय राजमार्ग, एक्सप्रेसवे नेटवर्क का निर्माण किया जा रहा है। महाराष्ट्र में अटल सेतु, समृद्धि हाईवे, शक्तिपीठ हाईवे जैसी परियोजनाएं शुरू की गई हैं।

## गुवाहाटी में पुलिस पर हमला मामले में अभिनेत्री कोरोबी शर्मा समेत दो गिरफ्तार



**एजेंसी, गुवाहाटी।** गुवाहाटी में पुलिस अधिकारी पर हमला करने के मामले में अभिनेत्री कोरोबी शर्मा और मयूरी गौतम को रविवार को गिरफ्तार किया गया है। दरअसल, रविवार की सुबह गुवाहाटी के बसिष्ठ थाना क्षेत्र के एक बार में एक पुलिस अधिकारी पर बेरहमी से हमला किए जाने का आरोप लगा था। बताया गया कि प्रदीप बसुमतारी नामक पुलिस अधिकारी और ईसीएचओ स्थानीय बार के कर्मचारियों के बीच टकराव हुआ। प्रारंभिक रिपोर्टों से पता चलता है कि पुलिस अधिकारी बसुमतारी के साथ पहले कहासुनी हुई। फिर मारपीट में बदल गयी। जिसके परिणामस्वरूप बसुमतारी की जमकर पिटाई की गई। बसुमतारी ने आरोप लगाया कि उस पर डीजल डालकर जलाने का भी प्रयास किया गया। इस मामले में अभिनेत्री कोरोबी शर्मा और मयूरी गौतम को रविवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

## भगवान महावीर के प्रति प्रतिबद्धता दर्शाती है कि देश सही दिशा में जा रहा : पीएम

**एजेंसी, नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को महावीर जयंती के अवसर पर 2550वें भगवान महावीर निर्वाण महोत्सव का उद्घाटन किया। इस अवसर पर एक स्मारक टिकट और सिक्का भी जारी किया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि आज के समय में भगवान महावीर के मूल्यों के प्रति युवाओं की प्रतिबद्धता दर्शाती है कि देश सही दिशा में आगे बढ़ रहा है।

प्रधानमंत्री मोदी ने नई दिल्ली के भारत मंडपम में महावीर जयंती के शुभ अवसर पर 2550वें भगवान महावीर निर्वाण महोत्सव का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हम 2500 वर्षों के बाद भी भगवान महावीर का निर्वाण दिवस मना रहे हैं और उन्हें यकीन है कि देश आने वाले हजारों वर्षों तक भगवान महावीर के मूल्यों का जश्न मनाता रहेगा। दुनिया में जारी कई युद्धों के बीच हमारे तीर्थंकरों की शिक्षाओं ने



एक नई प्रासंगिकता हासिल की है। उन्हीं की शिक्षाओं पर चलते हुए आज भारत विभाजित दुनिया में विश्व बंधुके रूप में अपनी जगह बना रहा है।

कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने भगवान महावीर की मूर्ति पर चावल और फूलों की पंखुड़ियों से श्रद्धांजलि अर्पित की और स्कूली बच्चों द्वारा भगवान महावीर स्वामी पर ÷वर्तमान में वर्धमान÷ नामक नृत्य नाटिका की प्रस्तुति देखी। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत के लिए आधुनिकता शरीर है और आध्यात्मिकता उसकी आत्मा है। नई पीढ़ी मानती है कि भारत की पहचान उसका गौरव है।

## आतंकियों का सहयोगी था स्कूल का हेडमास्टर

**पिस्तौल और दो चीनी ग्रेनेड के साथ गिरफ्तार**



**एजेंसी, पुंछ।** पेशे से हेडमास्टर एक ओवर ग्राउंड वर्कर्स (ओजीडब्ल्यू) को रविवार को पुंछ जिले के हरि बुड्ढा इलाके में पिस्तौल और दो चीनी ग्रेनेड के साथ गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने कहा कि सेना की 39 आरआर और रोमियो फोर्स के साथ जम्मू-कश्मीर पुलिस और एसओजी ने पुंछ के हरि बुड्ढा में एक संयुक्त अभियान शुरू किया था, जिसमें स्कूल में हेडमास्टर कमर-उद-दीन को पकड़ा गया। पुलिस के अनुसार वह आतंकवादियों का सहयोग ओवर ग्राउंड वर्कर्स के रूप में करता था। उसके घर की तलाशी में पाकिस्तान निर्मित एक पिस्तौल और दो चीनी ग्रेनेड बरामद हुए हैं। अधिकारियों को बरामद हथियार और गोला-बारूद का इस्तेमाल पुंछ क्षेत्र में आगामी चुनाव में गड़बड़ी करने के इरादे से इकट्ठा किए जाने का संदेह है। तलाशी अभियान अभी भी जारी है।

## दक्षिण भारतीयों के लिए काशी में बनने वाले धर्मशाला के भूमिपूजन में शामिल हुईं निर्मला सीतारमण

▸ धर्मशाला के निर्माण पर लगभग 40 करोड़ रुपये खर्च होंगे

▸ दक्षिण भारतीय श्रद्धालुओं को नहीं देना होगा किराया

**समृद्धि न्यजू, वाराणसी।**

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण रविवार को वाराणसी जिले के सिगरा क्षेत्र में स्थित श्री काशी नटूकोट्टई नगर क्षत्रम धर्मशाला के भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल हुईं। शहनाई के मंगल धुन के साथ मंत्रोच्चार के बीच धर्मशाला का भूमिपूजन किया गया।

दक्षिण भारतीयों के लिए बनने वाले इस धर्मशाला के निर्माण पर लगभग 40 करोड़ रुपये खर्च होंगे। यहां ठहरने वाले दक्षिण भारतीय श्रद्धालुओं को कोई किराया नहीं देना होगा। श्रद्धालु



अपनी इच्छा से दान दे सकेंगे।

इस धर्मशाला में 135 कमरे होंगे। दस मंजिले धर्मशाला में छात्रावास, आवास और बैंक्वेट हॉल भी बनेगा। नाटकोट्टम क्षत्रम की ओर से दक्षिण भारत के श्रद्धालुओं के लिए बनने वाले धर्मशाला का निर्माण डेढ़ साल में पूरा होगा। लगभग 65 हजार वर्गफुट की इस जमीन को बाबा विश्वनाथ के लिए फूल और विल्व पत्र अर्पित करने के लिए खरीदा गया था। पिछले 50 साल से जमीन पर अवैध कब्जे को शासन व प्रशासन की मदद से हटवाया गया। धर्मशाला के निर्माण से काशी आने वाले दक्षिण भारतीय पर्यटकों को काफी सहूलियत होगी।

उल्लेखनीय है कि गौदालिया अगस्तकुंडा स्थित श्रीकाशी नाटिकोटि क्षेत्रम सोसाइटी श्री काशी विश्वनाथ मंदिर की तीनों पहर की आरती की जिम्मेदारी पिछले 200 वर्षों से संभाल रही है।

## चुनाव ड्यूटी से लौट रहे सीआरपीएफ जवानों की बस दुर्घटनाग्रस्त, 10 घायल




**एजेंसी, जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले में चुनाव ड्यूटी से लौट रहे सीआरपीएफ जवानों से भरी बस के आज सुबह हादसे का शिकार होने से लगभग एक दर्जन जवान घायल हो गए। इनमें से तीन जवानों की हालत बेहद गंभीर बताई जा रही है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि जवानों से भरी बस डिलमिली के पास दुर्घटना का शिकार हो गई है। घटना में 10 जवान घायल हैं। तीन की हालत गंभीर है। घायल जवानों को इलाज के लिए डिमरापाल मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है।

## बलराज पंवार ने पेरिस ओलंपिक नौकायन कोटा किया हासिल

**एजेंसी, चुंगजू।**

बलराज पंवार ने एशियाई और ओसनियाई रोइंग ओलंपिक क्वालिफिकेशन रेगाटा में पुरुष एकल स्कल्स (एम1एक्स) स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर भारत का पहला नौकायन पेरिस ओलंपिक कोटा हासिल किया।

दक्षिण कोरिया के चुंगजू में आयोजित स्पर्धा में 25 वर्षीय पंवार ने हीट में 7ः17.87 और सेमीफाइनल में 7ः16.29 का समय लेकर चुंगजू के फाइनल में जगह बनाई। बलराज पंवार 7ः01.27 समय के साथ तीसरे स्थान पर रहे। कजाकिस्तान के व्लादिस्लाव याकोवलेव ने 6ः59.46 समय के साथ रेस जीती, जबकि इंडोनेशिया के मेमो ने 6ः59.74 समय के साथ रजत पदक जीता। वह पिछले वर्ष चीन के हांग्झोउ में अपने पहले एशियाई खेलों में कांस्य पदक से चूक गये थे।

इस बीच, टोक्यो ओलंपियन अरविंद सिंह और उज्जवल कुमार ने भी पुरुषों की लाइटवेट डबल स्कल्स (एलएम2एक्स) में कांस्य पदक के साथ अपनी रेस समाप्त की। इस स्पर्धा



में केवल शीर्ष दो को ही पेरिस 2024 कोटा हासिल किया। अरविंद सिंह और अर्जुन लाल जाट ने फाइनल रेस में 6ः30.11 का समय दर्ज करने से पहले रेपेचेज के जरिए से फाइनल में जगह बनाई और जापान (6ः23.94), उज्बेकिस्तान (6ः28.04) की टीमों से पीछे रहे।

इस बीच,एशियाई क्वालीफायर के साथ-साथ आयोजित एशियाई रोइंग कप में सलमान खान और नितिन देयोल की भारतीय पुरुष डबल स्कल्स जोड़ी ने 6ः35.73 के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता।

## गुरुग्राम में दीवार गिरने से दो लड़कियों समेत पांच लोगों की मौत

**एजेंसी, गुरुग्राम।** हरियाणा के गुरुग्राम में शनिवार रात एक श्मशान घाट की दीवार गिरने से दो लड़कियों सहित पांच लोगों की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए। पुलिस ने आज यहां यह जानकारी दी। पुलिस ने स्थानीय लोगों के हवाले से कहा कि दीवार के सहारे लकड़ियां खड़ी की गई थी, जिस कारण कल रात दीवार झुककर गिर गई। दीवार के अचानक गिरने से उसके समीप बैठे कुछ लोग और पास में खेल रहे बच्चे इसमें दब गए। मृतकों की पहचान तान्या (11), खुशबू (10), देवी दयाल (70), मनोज गाबा (54) और कृष्ण कुमार (52) के रूप में की गई है। घटना की जानकारी प्राप्त होती ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है और आगे की जांच शुरू कर दी है।

## उलगुलान न्याय महारैली में कार्यकर्ताओं की भीड़ में दो गुटों के बीच झड़प

▸ चतरा से कांग्रेस उम्मीदवार के. एन त्रिपाठी के भाई की घायल

**एजेंसी, रांची।**

झारखंड के रांची में इंडिया गंठबंधन की तरफ आयोजित उलगुलान न्याय महारैली में विभिन्न जगहों से आये कार्यकर्ताओं की भीड़ में दो गुटों की बीच झड़प हो गयी है जिसमें चतरा से कांग्रेस उम्मीदवार के. एन त्रिपाठी के भाई की घायल हो गये।

घटना के बाद तुरंत घायल को अस्पताल ले जाया गया। वहीं प्रशासन ने मामले को शांत कराया।

इंडिया गठबंधन के सभी दिग्गज नेताओं के मंच पर आने के बाद स्वागत संबोधन शुरू हुआ तभी विभिन्न इलाकों से आए दो गुटों के कार्यकर्ता आपस में भिड़ गये। आक्रोशित कार्यकर्ता के हाथ में जो आया उसी से दे मारा। कार्यकर्ताओं ने कुर्सियों को भी तोड़ डाला। इस घटना में के.एन त्रिपाठी के भाई समेत कई लोग घायल हो गये। बताया जाता है कि जिन्हें चोट लगी है उसका नाम गोपाल है। इस दौरान जब उन्हें घटनास्थल से बाहर ले जाया जा रहा था तब उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि मारपीट करने वाला भाजपा का एजेंट है। मारपीट करने वाले को भी पुलिस ने पकड़ लिया है। इस रैली में यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव, भाकपा माले नेता दीपांकर भट्टाचार्य, सांसद संजय सिंह, अरविंद केजरीवाल की पत्नी, पूर्व मुख्यमंत्री फारूख अब्दुला, प्रियंका चतुर्वेदी के अलावा मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन के साथ इंडिया घटक दल के कई नेता उपस्थित थे।

## छब्बीस लाख रुपए से भरी एटीएम मशीन उखाड़कर ले गए बदमाश

**एजेंसी, अलवर।**

राजस्थान में खैरथल तिजारा में ततारपुर थाना क्षेत्र में पुलिस रिजर्व लाईन के सामने कुछ बदमाश रीको औधोगिक क्षेत्र के इस्माईलपुर रोड स्थित पंजाब नेशनल बैंक की एटीएम मशीन को उखाड़कर अपने साथ गाड़ी में उठा ले गए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार देर रात हुई वारदात में एटीएम मशीन के अंदर करीबन 26 लाख रुपये की नगदी थी। अब पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है। पुलिस की नाक के नीचे ही अज्ञात चोरों ने इस बड़ी वारदात को अंजाम दे डाला।


एटीएम के पास ही चाय का खोखा चलाने वाला राजकुमार अलसुबह 4 बजे जब अपनी चाय की थड़ी को खोलने के लिए वहां पहुंचा। वहां उसे एटीएम का शीशा टूटा हुआ मिला और

▸ एटीएम मशीन में साढ़े 28 लाख रुपए का कैश डाला गया था

▸ महज 17 मिनट के अंदर वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए

एटीएम मशीन का खोल साइड में पड़ा हुआ था जिससे उसे एहसास हुआ कि कोई अज्ञात चोर एटीएम को उखाड़ ले गए हैं। जिसकी सूचना उसने पास ही की इंडस कंपनी के गार्ड और अन्य लोगों को दी। घटना की सूचना मिलते ही किशनगढ़ बास पुलिस उपाधीक्षक राजेंद्र सिंह भी मौके पर पहुंचे। जहां उन्होंने पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली। पीएनबी के शाखा प्रबंधक बलराम मीणा ने बताया कि रविवार का अवकाश होने के चलते शनिवार को ही एटीएम मशीन में साढ़े 28 लाख रुपए का कैश डाला गया था जिसमें से करीब दो ढाई लाख रुपए का कैश निकाला है एटीएम मशीन में करीब 26 लाख रुपए का कैश बताया गया है। एक किया कंपनी की कार शनिवार रात्रि 2 बजकर 17 मिनिट पर आकर रुकी थी जिसमें सवार अज्ञात चोर 2 बजकर 34 मिनिट तक महज 17 मिनट के अंदर वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए। ततारपुर थाना अधिकारी अंकेश चैधरी पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे और घटना स्थल का मौका मुआयना करने के पश्चात पास ही में इंडस कंपनी के सीसीटीवी कैमरा की फुटेज को देखा। एटीएम उखाड़ने की वारदात को अंजाम देने से पूर्व अज्ञात बदमाशों ने बिजली के मीटर से एटीएम लाइट का कनेक्शन काट दिया। उसके बाद एटीएम बूथ पर प्रवेश कर वहां लगे सीसीटीवी कैमरों पर स्प्रे कर धूंधला कर दिया ताकि वारदात के समय करंट ना आ सके और घटना सीसीटीवी कैमरे में भी ना आए।

## विकसित भारत के निर्माण में योगदान करें लोक सेवक : धनखड़



**एजेंसी, नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने लोक सेवा दिवस पर लोक सेवकों को शुभकामनाएं दी है और विकसित भारत के निर्माण में योगदान करने का आह्वान किया है।

श्री धनखड़ ने रविवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि भारत के प्रशासनिक ढांचे में रीड की हड्डी लोकसेवक का राष्ट्र के विकास और प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान है।

श्री धनखड़ ने कहा कि लोक सेवक दिवस की शुभकामनाएं। मैं कामना करता हूं कि वर्ष 2047 तक विकसित भारत के निर्माण में वे अपना समर्पण निरंतर जारी रखेंगे।

## शिवसेना यूबीटी के प्रचार गीत पर चुनाव आयोग को ऐतराज, भेजा नोटिस

**एजेंसी, मुंबई।**

शिवसेना (यूबीटी) के प्रचार गीत में 'जय भवानी' और 'हिंदू हा तूजा धर्म' शब्द प्रयोग करने पर चुनाव आयोग ने ऐतराज जताते हुए पार्टी अध्यक्ष उद्धव बालासाहेब ठाकरे को नोटिस जारी किया है। चुनाव आयोग ने उद्धव ठाकरे को प्रचार गीत से इन दोनों शब्दों को तत्काल हटाने का भी आदेश दिया है। उद्धव ठाकरे ने रविवार को बताया कि वे इन शब्दों को प्रचार गीत से नहीं हटाएंगे, चाहे भले चुनाव आयोग उन पर कार्रवाई करे।

उद्धव ठाकरे ने पत्रकारों को बताया कि उन्होंने प्रचार गीत में इन शब्दों का प्रयोग मतदाताओं को जागृत करने के लिए किया है। छत्रपति शिवाजी महाराज ने 'जय भवानी' का उद्घोष करते हुए हिंदवी साम्राज्य की स्थापना की थी। अब चुनाव आयोग को जय भवानी शब्द पर ऐतराज होने लगा है। अपने देश में हम अपने देवी-देवताओं का नाम नहीं ले सकते।



उद्धव ठाकरे ने कहा कि उन्होंने चुनाव आयोग के पास प्रधानमंत्री मोदी और अमित शाह के भाषण की क्लिप सहित शिकायती पत्र भेजा था, जिसमें इन लोगों ने धार्मिक प्रचार किया था लेकिन अभी तक चुनाव आयोग ने इसका जवाब नहीं दिया है। धार्मिक प्रचार करने पर चुनाव आयोग मोदी-शाह पर कार्यवाही नहीं कर रहा है लेकिन पक्षपातपूर्ण कार्रवाई करते हुए उन्हें नोटिस जारी किया गया है। उद्धव ठाकरे ने कहा कि हम चुनाव आयोग के नोटिस को नहीं मानेंगे और जय भवानी प्रचार गीत से नहीं निकालेंगे।

## मोदी ने 10 साल में 20 करोड रोजगार देने की बजाय छीनी 12 करोड़ नौकरी : खडगे

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

कांग्रेस नेता खडगे ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हर साल 2 करोड़ नौकरी देने का वादा किया था,और 10 साल में 20 करोड लोगों को रोजगार देना था, लेकिन इस अवधि में उल्टे 12 करोड लोगों की नौकरी छीन ली।

श्री खडगे ने कहा कि कांग्रेस पार्टी युवा न्याय के तहत रोज़गार क्रांति लाएगी, ताकि भर्ती परीक्षाओं से नौकरी मिलने तक का सफ़र हम आसान बना सके। भर्ती भरोसा - 30 लाख सरकारी नौकरियों के पद भरेंगे। पहली नौकरी पक्की - अप्रेन्टिसशिप के अधिकार से हर डिग्री, डिप्लोमा धारक की पहली नौकरी पक्की व एक साल में एक रुपये लाख मानदेय। पेपर लीक से मुक्ति दी जाएगी और नौकरी परीक्षाओं के लिए पेपर लीक होने के मामलों का निपटारा करने के लिए फास्ट ट्रैक अदालतों का गठन कर पीड़ितों को मुआवजा प्रदान



करेंगे। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि गिग इकॉनॉमी के लिए सामाजिक सुरक्षा - हम गिग इकॉनॉमी में कार्यरत श्रमिकों के अधिकारों के संरक्षण के लिए सामाजिक सुरक्षा का क़ानून बनाएँगे। युवा रोशनी के तहत स्टार्ट-अप के लिए फंड ऑफ फंड्स योजना का पुनर्गठन करेगी और उपलब्ध फंड का 50 प्रतिशत, 5,000 करोड़ रुपए, जहां तक संभव हो, देश के सभी जिलों में समान रूप से आवंटित करेगी ताकि देशभर में 40 वर्ष से कम उम्र के युवाओं को अपना व्यवसाय शुरू करने के लिए धन उपलब्ध कराया जा सके जिससे वो अपने व्यवसाय को बढ़ा सके और रोजगार के अवसर पैदा करें।

**सरकारी परीक्षाओं और सरकारी पदों के लिए आवेदन शुल्क समाप्त करने का ऐलान**

खडगे ने कहा कि कांग्रेस देशभक्त युवाओं पर थोपी गई अग्निवीर योजना बंद करेगी। व्यापक बेरोजगारी के कारण, कांग्रेस सभी छात्र शैक्षिक ऋणों के संबंध में 15 मार्च 2024 तक ब्याज सहित ऋण की देय राशि को माफ करेगी और बैंकों को सरकार द्वारा प्रतिपूर्ति की जाएगी। 21 वर्ष से कम आयु के प्रतिभाशाली और उभरते खिलाड़ियों को प्रति माह 10,000 रुपये की खेल छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। श्री खडगे ने कहा कि कांग्रेस सरकार सरकारी परीक्षाओं और सरकारी पदों के लिए आवेदन शुल्क समाप्त करेगी। उन आवेदकों को एक बार कि राहत दी जाएगी जो महामारी के समय 1 अप्रैल 2020 से 30 जून 2021 के दौरान सरकारी परीक्षा देने में असमर्थ रहे। अमल करेंगे अपनी हर बात। हाथ बदलेगा हालात।

## सवा छह करोड़ की ठगी का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**एजेंसी, गुरुग्राम।**

हरियाणा पुलिस ने सवा छह करोड़ की ठगी के मामले में रविवार छठे व मुख्य आरोपी को मुंबई एयरपोर्ट से गिरफ्तार किया है।

यह जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 21 दिसम्बर को विटजील टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के पदाधिकारी ने पुलिस थाना साईबर अपराध दक्षिण में एक लिखित शिकायत दी कि 16 से 19 दिसम्बर के बीच उनकी कंपनी के खाते से धोखाधड़ी से लगभग छह करोड़ 14 लाख रुपए निकाल लिए गए हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया था। सहायक पुलिस आयुक्त साईबर अपराध प्रियांशु दीवान के निर्देशानुसार कार्य करते हुए निरीक्षक मनीष कुमार, प्रबंधक थाना साईबर अपराध दक्षिण ने कार्यवाही करते हुए एक और आरोपी हरमीत सिंह मलिक को मुंबई एयरपोर्ट से काबू करके पूछताछ करने उपरांत नियमानुसार गिरफ्तार कर लिया। पुलिस थाना साईबर अपराध



दक्षिण द्वारा आरोपी के विरुद्ध लुक आउट सर्कुलर भी जारी करवाया गया था। इसी के आधार पर आरोपी को मुंबई एयरपोर्ट से पकड़ा गया जब वह देश छोड़कर भागने वाला था। अभी तक के अनुसंधान में आरोपी पर हवाला का कारोबार करने और पैसे को क्रिप्टो करेंसी के माध्यम से देश से बाहर मंगाने के आरोप है। इससे पहले पुलिस ने शांतनु आनंद, कार्तिक शर्मा, तरुण कुमार डूडेजा, राकेश शर्मा व यश शर्मा को पहले ही गिरफ्तार किया गया था। आगामी पूछताछ व बरामदगी के लिए आरोपी को न्यायालय में पेश करके दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।